# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


- सुरक्षा की दृष्टि से वैष्णों देवी यात्रा रोकी गई
- जम्मू कश्मीर से राजस्थान-गुजरात तक ड्रोन अटैक
- अंधेरा छाते ही पंजाब के सात जिलों में पाकिस्तान का एकसाथ हमला
- जम्मू, राजौरी, पठानकोट करतारपुर, फिरौजपुर, जैसलमेल, वाडमेल के अनेक इलाकों में गिरे ड्रोन
- पाक रक्षा मंत्री बोले - जंग होकर रहेगी लेकिन सैन्य विशेषज्ञ ने नकारा, कहा -केवल ड्रोन व मिसाइल हमले होते रहेंगे कई दिनों तक
- पाक ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से लिए 4 मिलियन डालर, भारत ने वित्तीय संस्था में दर्ज करीं आपत्ति- अपना प्रतिनिधि बदला

## उरी सेक्टर में गोलीबारी से दो छात्रों सहित 3 की मौत, वहीं मारे गए जैश के 7 आतंकी भी

फैक्ट फाइल

## बलूचिस्तान में जश्न, बंदूक लहराते मनाई खुशी



भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक के बाद जहाँ पाकिस्तान की कई जगहों में मातम पसरा है, वहीं बलूचिस्तान में जश्न का माहौल देखने को मिला।

बलूचिस्तान वर्षों से पाकिस्तान से अलग होकर स्वतंत्र राष्ट्र बनने की मांग कर रहा है। हाल ही में बलूच अलगाववादियों ने एक ट्रेन को हाईजैक कर सेना के जवानों को मार गिराया था। अब भारतीय हमले के बाद बलूच जनमानस में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में पाकिस्तानी पठानों को हाथों में बंदूकें लेकर पारंपरिक नाच करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में दिख रहा है कि बलूचिस्तान के लोग पाकिस्तान पर भारत के हमले से उत्साहित हैं।

## पाक ने किए तुर्किए के ड्रोन का इस्तेमाल, भारत ने मार गिराए

## खुद बचने नागरिक विमानों को बनाया ढाल

# भारत के अनेक सैन्य व रिहायशी ठिकानों पर पाक ने फिर छोड़े सैंकडों ड्रोन, ज्यादातर किए नाकाम

### ऑपरेशन सिंदूर... कई बड़े शहरों में अलर्ट



### ड्रोन को गिराने काइनेटिक और नॉन काइनेटिक साधनों का किया उपयोग

कर्नल सोफिया ने बताया कि लेह से सर क्रीक तक विभिन्न भारतीय शहरों में 36 स्थानों पर पाकिस्तान ने करीब 300 से 400 ड्रोन के साथ घुसपैठ की कोशिश की। भारतीय सशस्त्र बलों ने काइनेटिक और नॉन-काइनेटिक साधनों का उपयोग करके पाकिस्तानी ड्रोन्स को मार गिराया। पाकिस्तान के इस तरह के बड़े पैमाने पर हवाई घुसपैठ का संभावित उद्देश्य हमारे एयर डिफेंस सिस्टम को परखना और खुफिया जानकारी एकत्र करना था।

### घुसपैठ नाकाम... जैश के 7 आतंकियों को मार गिराया

भारत-पाक तनाव के बीच पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के इशारे पर जैश-ए-मोहम्मद ने सांबा बॉर्डर से जैश-ए-मोहम्मद के करीब 10 से 12 आतंकी सांबा सेक्टर की इंटरनेशनल बॉर्डर से घुसपैठ कराने की कोशिश किी। इसी बीच, बीएसएफ की पेट्रोलिंग टीम ने गोलीबारी कर दी जिसमें 7 आतंकियों को मार गिराया है। इन घुसपैठियों के पास से काफी मात्रा में गोला-बारूद व हथियार बरामद हुए हैं।

### इन शहरों में हमला करने की थी कोशिश

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में उरी, पुंछ, मेंढर, राजौरी, अखनूर और उधमपुर में हेवी कैलिबर आर्टिलरी गन और आर्म्ड ड्रोन का उपयोग करके हमला करने की कोशिश की, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय सेना के कुछ जवानों को चोटें आईं। भारतीय जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना को भी भारी नुकसान हुआ।

*भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इंडियन आर्मी की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयर फोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ इस प्रेस कॉन्फ्रेंस ने जानकारी दी कि भारत पर पाक द्वारा किए गए हमले में तुर्की निर्मित असिसगार्ड सोंगार मॉडल ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था जिन्हें भारतीय सेना ने मार गिराया। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि पाकिस्तान नागरिक विमानों को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। उसने भारत से तनाव के बावजूद हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया ताकि भारत हवाई हमले करने में नम्रता बरतेगा। इधर, पाक की ओर से की गई गोलीबारी में पुंछ जिले में एक कॉन्वेंट स्कूल के दो छात्रों सहित एक महिला की मौत हो गई। भारत ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाक सेना की चार ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सांबा बॉर्डर पर सेना ने घुसपैठ कर रहे जैश-ए-मोहम्मद के सात आतंकवादियों को मार गिराया।*

### पाक का रुदन

- अंतराष्ट्रीय मंचों पर खुद को पीड़ित दिखाने की कोशिश कर रहा पाक
- अब दुनिया से लगा रहा रहम की गुहार
- पाक ने हमलों की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा
- पाक बोला- भारत दुनियाभर में कर रहा बदनाम, हमले का लगा रहा झूठा आरोप

### भारत की दो टूक



- देश की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं
- पाक की किसी भी दुस्साहसी कार्रवाई का दिया जाएगा करारा जवाब
- पाक का हमला कायरता पूर्ण रिहायशी इलाकों को बना रहा टारगेट

### भारत ने उठाए एहतियाती कदम



- अमृतसर, लुधियाना समेत पंजाब के एयरपोर्ट बंद रहेंगे, हिमाचल में भी उड़ानें रद्द
- देश के 24 एयरपोर्ट पर 15 मई तक उड़ानें रहेंगी प्रभावित
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के बाद पीएम मोदी तीनों सेनाध्यक्ष से मिले
- अमृतसर-पठानकोट में रात 8 बजे ब्लैक आउट, धमाके की आवाज गूंजी, अलर्ट

## भारत की दो टूक- देश की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान की ओर से कल रात कई शहरों को निशाना बनाकर किए गए हमलों के बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि पाकिस्तानी सेना ने 8 मई की रात भारतीय शहरों पर हमले में संभवतः तुर्की निर्मित ड्रोन का इस्तेमाल किया था। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा मार गिराए गए ड्रोन के मलबे के प्रारंभिक फोरेंसिक जांच से पता चला है कि वे तुर्की निर्मित 'असिसगार्ड सोंगार' मॉडल थे, जिन्हें आमतौर पर निगरानी और सटीक हमलों के लिए डिप्लॉय किया जाता है।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि 7 और 8 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने पश्चिमी सीमा पर भारतीय हवाई क्षेत्र का बार-बार उल्लंघन किया, जिसका उद्देश्य सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना था। इसके अलावा, उसने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर के हथियारों से गोलीबारी की। बताया गया कि पाकिस्तान ने जब भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया, तब भारतीय वायु रक्षा तंत्र तुरंत सक्रिय हुआ। देशभर में फैली 1,800 किलोमीटर लंबी एयर डिफेंस ग्रिड ने 50 से अधिक ड्रोन को हवा में ही नष्ट कर दिया और 15 से ज्यादा महत्वपूर्ण ठिकानों को सुरक्षित रखा।



### उरी सेक्टर के इलाकों में गोलीबारी : 3 की मौत

भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा पर तनाव चरम पर है। 7 मई 2025 को पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक कॉन्वेंट स्कूल के दो छात्रों की मौत हो गई। इस हमले में कई नागरिक घायल हुए, और पाकिस्तान ने गुरुद्वारे सहित रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया। भारत ने संयम बरतते हुए पाकिस्तान के चार आतंकी ठिकानों पर जवाबी हमला किया। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय और सेना की ओर से यह जानकारी दी गई है।

### स्कूल के नीचे बने बंकर में छिपकर बचाई जान

विदेश सचिव ने कहा कि हमारे पास 7 मई की सुबह की एक घटना के बारे में कुछ जानकारी है, पाक द्वारा दागा गया एक गोला क्राइस्ट स्कूल के ठीक पीछे गिरा. दुर्भाग्य से गोला दो छात्रों के घर पर गिरा और दोनों छात्रों की जान चली गई। उनके माता-पिता घायल हो गए. एक और पाकिस्तानी गोला एक ईसाई नन के कॉन्वेंट पर गिरा, जिससे पानी की टंकियां और सोलर पैनल इंफ्रा को नुकसान पहुंचा।

## धमाकों का असर, आईपीएल का धमाल सप्ताहभर नहीं




बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा बीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी मैच तुरंत प्रभाव से एक सप्ताह के लिये स्थगित करने का फैसला किया है। पहले यह बताया गया था कि आईपीएल अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया गया है। बीसीसीआई ने कहा कि जब देश आतंकी हमले का जवाब देने के साथ सरहद पार से अनुचित आक्रमण का सामना कर रहा है, ऐसे में राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

### भारत सुरक्षित, नेतृत्व सतर्क, घबराने की जरूरत नहीं

## तीनों सेनाध्यक्षों संग की बैठक



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक की जो तस्वीर सामने आई है उसने देश और दुनिया को बड़ा संदेश दे दिया। बैठक में थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान शामिल थे। तस्वीर में दिखा आत्मविश्वास सिर्फ भावनात्मक सुकून नहीं, बल्कि एक स्पष्ट संदेश थाः "भारत सुरक्षित है, नेतृत्व सतर्क है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं।

### सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलें बनेंगी लखनऊ में

*भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे मिलिट्री टेंशन के बीच देश रक्षा उत्पादन में एक और मील का पत्थर गढने जा रहा है। देश में सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन शुरू होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ भारत की रक्षा उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने जा रही है। रविवार को, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा ब्रह्मोस मिसाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा।*

## रात में मिसाइलों से कोहराम सुबह वाटर स्ट्राइक से हड़कंप



**नई दिल्ली**। पाकिस्तान में गुरुवार की रात भारत के हमले से खलबली मची हुई है। 8 मई को जिस तरह भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान में मिसाइलों से कोहराम मचाया है वहीं सुबह नौ बजे भारत ने भारत ने चिनाब नदी पर बने रियासी के सलाल बांध के तीन गेट को खोल दिए जिससे वहां बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। अभी तक इस बांध को बंद कर पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी को रोका गया था। यह कदम भारत ने सिंधु जल संधि को रद्द करने के बाद उठाया था। अब फिर से सलाल डैम के गेट खोलने के बाद पीओके में बाढ़ आने की संभावना बढ़ गई है। बांध का पानी छोड़ने से पाक के कई शहरों में अफरातफरी जैसा माहौल है।

### बगलिहार डैम का भी गेट खोल गया

*पाकिस्तान पर अब बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। उधर भारत ने रामबन के बगलिहार डैम को भारत कभी भी खोल, बंद कर दे रहा है। भारत ये साफ कर चुका है कि जल संधि रद्द हो चुका है। इस वजह से अब ये भारत के ऊपर है कि वह कितना पानी छोड़ता है।*

### पाकिस्तान के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा

*इससे पाकिस्तान के निचले इलाके पानी में डूब जाएंगे और पाकिस्तान भारत से ये भी नहीं कह पाएगा कि आपने पानी क्यों छोड़ दिया। इससे पाकिस्तान के लोगों की मुश्किलें बढ़ेगी।*

## मोदी ने ली युद्ध के हालात की जानकारी, तीनों पूर्व सेनाध्यक्ष एनएसए, सीडीएस रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सशस्त्र बलों के दिग्गजों के एक समूह से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने मौजूदा हालात और विभिन्न मुद्दों पर दिग्गजों के साथ विस्तृत बातचीत की। इसमें पूर्व वायुसेना प्रमुख, सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख और अन्य दिग्गज शामिल थे, जिन्होंने देश की सेवा की है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ शुक्रवार को बैठक कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल किए जाने के एक दिन बाद की गयी। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल हुए। पाकिस्तान की ओर से लगातार सीमा पर गोलाबारी और घुसपैठ की कोशिशों के मद्देनजर यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण है।

### गृह मंत्री शाह ने भी समीक्षा

गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान के साथ लगती भारत की सीमा और देश के हवाई अड्डों पर मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। शाह ने भारत एवं पाकिस्तान की सीमा पर सुरक्षा संबंधी स्थिति की समीक्षा करने के अलावा देशभर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों का भी जायजा लिया।

### नड्डा ने ली स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने भारत-पाकिस्तान में जारी सैन्य संघर्ष के बीच देश के अस्पतालों के स्वास्थ्य प्रबंध की समीक्षा की। सूत्रों ने कहा कि नड्डा और उनकी टीम ने देश भर के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की तैयारी का आकलन किया।


मध्यप्रदेश में बहेगी
समृद्धि की जलधारा
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
देवेन्द्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र
'तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना'
मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र
सरकार के मध्य एमओयू
मुख्य अतिथि
देवेन्द्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
10 मई, 2025 । अपराह्न 3:00 बजे । मिंटो हॉल, भोपाल
मध्यप्रदेश के 1 लाख से अधिक हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का होगा विस्तार
यह परियोजना मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार की संयुक्त भू-जल पुनर्भरण की परियोजना है, इससे लाभान्वित होने वाले जिलों में कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी
सिंचाई सुविधा के साथ पेयजल और उद्योगों के लिए जल आपूर्ति
'तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना' से भविष्य में जल की आवश्यकता की पूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी
लाभान्वित जिले
खंडवा जिले की खालवा तहसील एवं बुरहानपुर जिले में नेपानगर, खकनार और बुरहानपुर तहसीलें लाभान्वित होंगी
D-11022/25
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

जबलपुर

शनिवार, 10 मई 2025

- वैशाख मास कृष्ण पक्ष-14
- वर्ष : 20, अंक : 10
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**

अधि. 36
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के दिए निर्देश

# ऐसे हालात में अवकाश पर न जाएं नागरिक सुविधाओं से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा हमारा परम धर्म है। ताज़ा हालातों को देखते हुए सभी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरी नागरिक सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। डॉ. यादव ने साफ किया कि परिस्थितियां सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और मैदान में पदस्थ कर्मचारी अवकाश पर न जाएं।

### अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें सभी संबंधित विभाग



### आपातकालीन परिस्थितियों पर तत्परता से करें कार्य

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, नागरिक सुविधाओं की स्थिति और विभागीय समन्वय की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी तालमेल को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि किन्हीं भी आपातकालीन परिस्थितियों के लिए सभी विभाग तत्परता और सजगता के साथ तैयार रहें।

### राष्ट्र विरोधी प्रचार पर सख्ती से लगाएं अंकुश

डॉ. यादव ने जोर देकर कहा कि राष्ट्र विरोधी किसी भी प्रचार पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने की लिए प्रेरित और सूचित करें। केंद्रीय और राज्य सरकार के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की चहुं ओर सुरक्षा पर अत्यंत विशेष ध्यान दिया जाए। आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओं को और मजबूत कर लें।

### मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई

*देश भर में हाई अलर्ट के बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उनकी सुरक्षा में पोर्टेबल फोल्डआउट बैलिस्टिक शील्ड शामिल की गई है। यह शील्ड एक सुरक्षा कवच है ,जो किसी भी खतरे या संदिग्ध गतिविधि का अंदेशा होने पर कवर के तौर पर इस्तेमाल की जा सकती है। इसके अलावा उनकी सुरक्षा में लगे जवानों को बढ़ा दिया गया है।*

#### अलर्ट मोड पर मध्यप्रदेश पुलिस

## पुलिसकर्मियों की हुईं छुट्टी कैंसिल, डीजीपी के निर्देश

साइबर पुलिस को भी सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग के लिए कहा

भोपाल। एमपी पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। उच्चस्तरीय बैठक के बाद पुलिसकर्मियों की छुट्टियां कैंसिल कर दी गई हैं। साथ ही जो अफसर कर्मचारी अभी छुट्टी पर हैं उनको भी तत्काल लौटने के लिए सूचना दी जा रही है। डीजीपी कैलाश मकवाना ने शुक्रवार को सभी रेंज आईजी, एडीजी, डीआईजी और एसपी की वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने माहौल सामान्य होने तक छुट्टियों को रद्द किए जाने की जानकारी पुलिस अफसरों को दी। साथ ही पुख्ता सुरक्षा प्रबंधों के साथ पुलिस अफसरों को इस बिंदु पर फोकस करने के लिए कहा कि पब्लिक में किसी प्रकार का डर या अफवाह व्याप्त नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा कोई करता है तो उसके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाए।

- जो छुट्टी पर हैं उनको वापस बुलाया गया

### भोपाल सहित सभी जगह सघन चेकिंग के निर्देश

*भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिलों की सीमाओं पर सघन चेकिंग, सार्वजनिक स्थानों, हाइराइज बिल्डिंग, धार्मिक स्थल और पब्लिक प्लेस पर कड़ी चौकसी के निर्देश दिए। हाल में भी सुरक्षा के लिहाज से केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन करने के लिए कहा गया है। इधर, आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एमपी पुलिस की इंटेलीजेंस भी सक्रिय हो गई है। सभी जिलों के एसपी को अलर्ट कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों को आपस में समन्वय कर सूचनाएं शेयर करने के लिए भी कहा गया है।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### दूल्हा हेलीकॉप्टर से दुल्हन लेने पहुंचा

**गुना।** चांचौड़ा तहसील के जयसिंह पुरा गांव में हाल ही में एक शाही अंदाज में शादी देखने को मिली। आम तौर पर दूल्हा अपनी दुल्हन को लेने कार या बस से आता है, लेकिन यहां दुल्हा हेलीकॉप्टर से दुल्हन को लेने पहुंचा। हेलीकॉप्टर में दूल्हे के साथ महिलाएं भी सवार थीं। ये बारात पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही और दुल्हा-दुल्हन को देखने ग्रामीणों को हुजूम उमड़ पड़ा। भोपाल के मुबारकपुर निवासी और वर्तमान में सरपंच रघुवीर सिंह मारन के बेटे यशवंत सिंह मारन की शादी जयसिंह पुरा निवासी पूर्व सरपंच भगवान सिंह मीणा की बेटी हेमलता मीणा से तय हुई थी। यशवंत पेशे से एक सिविल इंजीनियर हैं। गुरुवार को यशवंत अपनी बारात हेलिकॉप्टर से लेकर चांचौड़ा पहुंचा।

#### बदमाश की गोली से घायल हेड कॉन्स्टेबल ने दम तोड़ा

**सतना।** बदमाश के गोली मारने से घायल हेड कॉन्स्टेबल प्रिंस गर्ग ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



शुक्रवार सुबह 8 बजे दिल्ली के मैक्स अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके कॉलर बोन में इन्फेक्शन बढ़ता जा रहा था। प्रिंस को गोली मारने वाला आदर्श शर्मा शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया जा चुका है। अब उस पर हत्या का केस चलेगा। 28-29 अप्रैल की रात करीब 12 बजे सतना के जैतवारा थाना परिसर में आदर्श शर्मा ने प्रिंस को गोली मारी थी। प्रिंस को पहले रीवा अस्पताल से 7 मई को रात 1:20 बजे पीएम श्री एयर एंबुलेंस से उन्हें दिल्ली एयर लिफ्ट किया गया था।

#### आजीविका मिशन अधिकारी रिश्वत लेते धराया

**छिंदवाड़ा।** जिले में आजीविका मिशन के ब्लॉक मैनेजर को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। मोहखेड़ विकासखंड में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक मैनेजर राजीव चौधरी ने लोन की स्वीकृति दिलाने की एवज में महिला समिति समूह ने 10 हजार रुपए की मांग की थी। जिस पर राधे-राधे स्व सहायता समूह की अध्यक्ष सोनिया बोहत ने लोकायुक्त में शिकायत कर दी। मामला सही पाए जाने पर जबलपुर लोकायुक्त ने कार्रवाई करते हुए राजीव चौधरी को सोनिया बोहत के घर से 10 हजार लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। गया। आजीविका अधिकारी को पूछताछ के लिए उमरानाला रेस्ट हाउस लाया गया है। यहां पर आगे की पूछताछ की जा रही है।

#### पाकिस्तान से तनाव के बीच भारत सरकार ने अपनी 'आंतरिक तैयारियों' को परखा

# भरे हैं अन्न के भंडार, फल-सब्जियां भी पर्याप्त, दालों का भी बफर स्टॉक

### जम्मू-कश्मीर और पंजाब जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी चर्चा की जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि देश में चावल-गेहूं के भंडार भरे हैं, दालों का भी बफर स्टॉक है और किसी चीज की कोई कमी नहीं है। चौहान ने यहां खाद्यान्न भंडारण की एक समीक्षा बैठक के बाद संवादाताओं से कहा कि जनता को खाद्यान्न की कोई कमी नहीं आएगी। सरकार ने खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित की है। यह बैठक पहलगाम में आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान पर भारतीय सेना की कार्रवाई के मद्देनजर बुलाई गई थी। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों से फसल बुआई, खाद्यान्न, फल-सब्जी उत्पादन तथा उपलब्धता की जानकारी लेने के साथ मौजूदा परिस्थितियों में किसानों को कहीं-कोई दिक्कत नहीं आने देने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। गेहूं, चावल और अन्य अनाज हमारे पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बंपर उत्पादन हुआ है, किसानों से खरीद भी जारी है। हमारे पास अन्न के भंडार इस समय भरे हुए हैं। चौहान ने बताया कि वर्ष 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 3322.98 लाख टन था, जो 2024-25 में बढ़कर 3474.42 लाख टन तक पहुंच गया है।

*चौहान ने बताया कि वर्ष 2023-24 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 3322.98 लाख टन था, जो 2024-25 में बढ़कर 3474.42 लाख टन तक पहुंच गया है। चावल की भी कोई कमी नहीं।*



**शिवराज ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में कई बार गांव खाली कराए जाते हैं तो ऐसे में हम यह आंकलन भी कर रहे हैं कि वहां अभी कौन-सी फसल बोई जाती है, जिसके लिए बीज और अन्य सामग्री भी हम तैयार रखेंगे।**



दिल्ली के इंडिया गेट और लाल किला पर भारी सुरक्षा व्यवस्था

### सीतारमण ने बैंकों को किया सतर्क



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को बैंकों और बीमा कंपनियों के प्रमुखों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की और उन्हें हर परिस्थिति में ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं देने के लिए सतर्क रहने को कहा। बैठक के दौरान उन्होंने बैंकों और वित्तीय क्षेत्र की साइबर सुरक्षा और ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों की अहम भूमिका होती है।

#### केंद्रीय मंत्री अमित शाह की बड़ी बैठक

### बीएसएफ, सीआईएसएफ और गृह मंत्रालय के अधिकारी हुए शामिल



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को एक बड़ी बैठक की। इस बैठक में सीमा की स्थिति और हवाईअड्डों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में बीएसएफ के महानिदेशक, सीआईएसएफ के महानिदेशक और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। एनएसए अजीत डोभाल भी बैठक में शामिल हुए। इससे पहले गृहमंत्री ने सीआईएसएफ डीजी को निर्देश दिए हैं कि महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। बता दें कि एयरपोर्ट, पावर प्रोजेक्ट जैसे प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सीआईएसएफ करती है।

- महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पर विशेष सतर्कता

### स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने की मेडिकल व्यवस्था की समीक्षा



*केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को अपने मंत्रालय के सीनियर अधिकारियों के साथ हाई लेवल मीटिंग की है। इस दौरान उन्होंने मेडिकल व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जेपी नड्डा को भारत में सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं की परिचालन स्थिति के बारे में भी जानकारी दी गई। जिसमें आवश्यक दवाओं और चिकित्सा आपूर्ति की उपलब्धता, पर्याप्त बुनियादी ढांचे और अग्नि सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री को एंबुलेंस की तैनाती, उपकरण, दवाइयों, रक्त की शीशियों और उपभोग्य सामग्रियों की आपूर्ति सहित चिकित्सा आपूर्ति की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, बिस्तरों, आईसीयू और एचडीयू के संदर्भ में अस्पताल की तैयारी, भीष्म क्यूब्स, उन्नत मोबाइल ट्रॉमा केयर यूनिट आदि की तैनाती के संबंध में भी अवगत कराया गया।*

### सब्जी और फल उत्पादन भी पर्याप्त

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फल-सब्जियों का उत्पादन पर्याप्त है। बागवानी फसलों का उत्पादन भी पिछले साल के 3547 लाख टन की तुलना में 3621 लाख टन हो गया है। आलू पिछले वर्ष 570.53 लाख टन था, जो इस बार 595.70 लाख टन है। प्याज 242.67 लाख टन था, जो इस साल 288.77 लाख टन है। इसी तरह, टमाटर 213. 23 लाख टन से बढ़कर 215.49 लाख टन है। वर्ष 2024-25 में अभी तक 539.88 लाख टन धान खरीदा जा चुका है। इसी तरह 267.02 लाख टन गेहूं किसानों से खरीदा जा चुका है और यह सिलसिला जारी है।*

### अधिकारियों को दी गई ये सलाह

*बैठक में अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को आवश्यक दवाओं, रक्त, ऑक्सीजन, ट्रॉमा केयर किट आदि की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है। साथ ही जिला प्रशासन, सशस्त्र बलों और डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिक्स, निजी क्षेत्र के अस्पतालों, धर्मार्थ संस्थानों आदि के क्षेत्रीय संघों के साथ समन्वय करने की सलाह दी गई है, ताकि आपातकालीन प्रतिक्रिया नेटवर्क को सहयोगात्मक तरीके से मजबूत किया जा सके।*

#### इंदौर में भवंस स्कूल के चेयरमैन पर लव जिहाद का केस

## नमाज पढ़ने और इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाया परेशान पत्नी ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर के भवंस प्रॉमिनेंट स्कूल के चेयरमैन समीर मीर के खिलाफ लव जिहाद का केस दर्ज किया गया है। पत्नी ने ही उनके खिलाफ शिकायत की है। जिसके बाद गुरुवार रात में एमआईजी थाना पुलिस ने मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोपी समीर मीर की पत्नी ने उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने, धमकी देने और घरेलू उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। तुलसी नगर निवासी पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी समीर मीर से साल 2006 में हिंदू रीति-रिवाजों से हुई थी। शादी के बाद उनके दो बच्चे (एक बेटा और एक बेटी) हैं। पीड़िता का आरोप है कि करीब 4 साल पहले समीर के व्यवहार में बदलाव आने लगा। वह नमाज पढ़ने लगे और उन्होंने अपना पहनावा भी पूरी तरह बदल लिया। इसके बाद उन्होंने मुझ पर भी नमाज पढ़ने और इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। समीर पर घर में रखी हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां फेंकने का भी आरोप है। आरोप है कि जब उसने समीर की बात नहीं मानी, तो साल 2020 में उसे घर से निकाल दिया।



### महू में एक युवती को जंजीरों में बांधकर रखा खिलाते थे गोमांस

*इधर, महू की एक महिला ने कई सालों तक जुल्म सहने के बाद चुप्पी तोड़ी है। उसने जो दर्द उजागर किया है वह झकझोरने वाला है। लड़की ने बताया है कि किस तरह पहले 'बहन' कहकर उससे दोस्ती की गई, धोखे से रेप किया गया, पहले शादी और फिर निकाह किया गया। फिर धर्म बदलवा गया और जंजीरों में बांधकर उसे मारा-पीटा जाता रहा। उस पर जुल्म की सारी हदें पार कर दी गईं। अब पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। 28 साल की युवती की शिकायत पर महू पुलिस ने संजय खान पिता बाबू खान, नाहरु खान, शेरो बी पति बाबू खान, बाबू खान पिता अहमद खान चारों निवासी आलोट जिला रतलाम और राज खान निवासी दावतखेड़ी मंदसौर के खिलाफ दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन सहित आधा से ज्यादा धाराओं में केस दर्ज किया है।*

## भारत की 'जीत' के लिए मांगी दुआ, हाथों में तिरंगा लेकर पहुंचे बंदे



ताजुल मसाजिद में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने मांगी दुआ

### जुमे की नमाज के बाद कहा पाकिस्तान नेस्तानाबूत हो

**भोपाल।** राजधानी की मस्जिदों में शुक्रवार को जुमे की नमाज पढ़ने के बाद बंदों ने भारत की जीत और पाकिस्तान को नेस्तानाबूत करने की दुआ मांगी गई। इस मौके पर शहर की सबसे बड़ी मस्जिद ताजुल मसाजिद में हजारों बंदों ने जुमे की विशेष नमाज अदा की। नमाज के पहले ही हाथों में तिरंगा लेकर मुस्लिम समाज के लोग मस्जिद पहुंचे थे। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भोपाल के मुस्लिमों ने सेना और देश के लिए दुआ मांगी है। नमाज के बाद बाहर निकले बंदों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। काजी अनस अली ने बताया कि जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने अल्लाह से देश की सलामती और पाकिस्तान को नेस्तानाबूत करने की दुआ मांगी है।

#### जबलपुर सहित आसपास के जिलों में होगी बूंदाबांदी


## तीन दिन तक फिर रहेगी गर्मी से राहत, प्रदेश के अधिकांश जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट

### इंदौर, उज्जैन, रतलाम शिवपुरी, मंडला और सिवनी में हुई हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भीषण गर्मी के महीने में प्रदेश के लोगों को लोकल सिस्टम से ही राहत मिल गई है। पिछले तीन दिनों से गर्मी का पारा नीचे आने के बाद शनिवार, रविवार और सोमवार को भी प्रदेश के अधिकांश जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। जिसके तहत शहरों में बूंदाबांदी भी हो सकती है। प्रदेश में अगले तीन दिन यानि 12 मई तक आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर रहेगा। इनमें से 2 दिन तो पूरे प्रदेश में ही मौसम बदला रहेगा। शनिवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर-ग्वालियर में तेज आंधी चलेगी। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है।

12 मई तक आंधी, बारिश और गरज चमक का दौर चलेगा



भोपाल में बादल छाए रहे, मैनिट

### भोपाल और मलाजखंड में गिरा पानी

शुक्रवार को सूरज के तेवर के साथ ही दिन के समय बैरागढ़ क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई। जिससे यहां तीन मिमी बारिश दर्ज की गई। इसी तरह मलाजखंड में भी बूंदाबांदी हुई। हालांकि, शाम को धूप खिली। धार में भी पानी गिरा। वहीं, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, शिवपुरी, मंडला और सिवनी में भी हल्की बारिश हुई।

### दो से तीन डिग्री गिरा दिन का पारा

बारिश के चलते कई शहरों में दिन का तापमान लुढ़क गया। भोपाल में पारा 31.7 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर में 30.8 डिग्री, ग्वालियर में 35.4 डिग्री, उज्जैन में 30.4 डिग्री और जबलपुर में 35.7 डिग्री सेल्सियस रहा। धार में 31.5 डिग्री, शाजापुर में 31.7 डिग्री, खंडवा में 32.1 डिग्री, रतलाम में 32.2 डिग्री, बैतूल में 32.4 में पारा 32.5 डिग्री रहा।

निवेश को जमीन पर उतारने की कार्य संस्कृति पर काम कर रही सरकार

# मेडिटेक टैक्सटाइल सेक्टर की पहली अत्याधुनिक यूनिट: अचारपुरा में 160 करोड़ के निवेश के साथ 200 से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में मेडिटेक टैक्सटाइल सेक्टर की पहली अत्याधुनिक यूनिट का निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है। इस यूनिट से न केवल भोपाल बल्कि पूरे प्रदेश को उद्योग के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। मेडिटेक टैक्सटाइल सेक्टर का यह निवेश, मध्यप्रदेश को मेडिकल टैक्सटाइल, हाईजीन और हेल्थ सपोर्टिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नई ऊंचाई देगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार निवेश लाने की नीति पर नहीं, निवेश को जमीन पर उतारने की कार्य संस्कृति पर काम कर रही है।



- निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग और पर्यावरणीय संतुलन का भी विशेष ध्यान रखा



### मेडिटेक, टेक्निकल, हाईजीन टैक्सटाइल में मप्र को मिलेगी वैश्विक पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार इस यूनिट को टैक्सटाइल ओडीओपी, पीएम मित्र पार्क और क्लस्टर पॉलिसी से जोड़कर क्षेत्रीय विकास की संभावनाओं को और सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। टैक्सटाइल सेक्टर में मध्यप्रदेश को पहले से ही राष्ट्रीय पहचान प्राप्त है और अब मेडिटेक, टेक्निकल और हाईजीन टैक्सटाइल में यह यूनिट उस पहचान को वैश्विक स्तर पर विस्तार देने वाली है।

### जर्मनी और भारत की कंपनी कर रही यूनिट का निर्माण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि तकनीकी मानकों पर यह यूनिट भारत में अपने क्षेत्र की पहली अत्याधुनिक फैक्ट्री होगी। इस यूनिट का निर्माण जर्मनी की विश्व प्रसिद्ध टीडब्ल्यूई ग्रुप और भारत के अनुभवी ओबीटी ग्रुप के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। टीडब्ल्यूई, ओबीटी प्रालि नामक यह कंपनी अचारपुरा में लगभग 160 करोड़ रुपए की लागत से उच्च तकनीक आधारित उत्पादन संयंत्र स्थापित कर रही है। यूनिट में महिलाओं और बच्चों के हाईजीन उत्पादों में प्रयुक्त टैक्सटाइल कंपोनेंट्स जैसे एडीएल, टॉप शीट और बैक शीट का निर्माण किया जाएगा। उत्पादन के पहले चरण में ही 200 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

### बिना बॉयलर के संचालन होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यूनिट के निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग और पर्यावरणीय संतुलन का भी विशेष ध्यान रखा गया है। यहां बिना बॉयलर के संचालन होगा और उत्पादन प्रक्रिया से जल अथवा वायु प्रदूषण नहीं होगा। हाईजीन और हेल्थ सेक्टर से जुड़ी यह यूनिट स्वच्छ भारत और आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कोटरी का अवैध शिकार करने वाले गिरफ्तार

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के लैलूंगा रेंज में वन विभाग ने कोटरी का अवैध शिकार करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्राम कुर्रा में मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने संतुराम राठिया और अलार राउत को कोटरी का मांस पकाते समय रंगे हाथ पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने मिलकर कोटरी का शिकार किया और मांस को बांटकर पकाया। आरोपियों के निशानदेही पर वन विभाग ने शिकार में प्रयुक्त औजार और जले हुए मांस के टुकड़े बरामद किए।

### सीएम ने मानवता के सेवकों को किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर किसी भी मुसीबत के समय में मानवता की सेवा में तत्पर स्वयंसेवकों को नमन किया है। डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि विश्व बंधुत्व और मानव कल्याण की भावना से कार्य करने वाले ये स्वयंसेवक समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के स्वयंसेवक विपरीत परिस्थितियों में भी मानव जीवन की रक्षा और सहायता के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। संकट में फंसे नागरिकों को राहत पहुंचाना , जीवन रक्षक सहायता देना और सामाजिक समरसता बनाए रखना इनका परम कर्तव्य है। ऐसे सेवाभावी लोग मानवता के सच्चे प्रहरी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समाज सेवा के कार्यों में आगे आएं और जरूरतमंदों की सहायता करें।

एआई भारत एटएमपी' वर्कशॉप: नवाचार, आधार और राज्य परामर्श के साथ सुशासन में तीव्रता विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला शुरू

# एआई दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट गवर्नेंस को बना रहा सक्षम प्रशासन, कृषि और जीआईएस योजना में इसके उपयोग पर 'मंथन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष आयोजनों की श्रृंखला में मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'एआई भारत एटएमपी' कार्यशाला: नवाचार, आधार और राज्य परामर्श के साथ सुशासन में तीव्रता विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला का प्रारंभ किया।

कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार सुबह कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में किया गया। कार्यशाला में केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ नीति-निर्माता, तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षाविद एवं विभिन्न विभागों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में एआई अनुप्रयोगों पर आधारित एक्सपीरियंस जोन भी स्थापित किया गया।

**खास बातें**

- एआई, आधार-अनुप्रयोग, डिजिटल गवर्नेंस और तकनीकी नवाचारों से प्रशासन को गतिशील बनाने पर विचार विमर्श
- वरिष्ठ नीति-निर्माता, तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षाविद एवं विभागों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया




### पूरे देश में नवाचार और स्टार्टअप को दिया जा रहा बढ़ावा

एमपीएसईडीसी के प्रबंध निदेशक आशीष वशिष्ठ ने कहा कि हम ऐसे भविष्य में प्रवेश करने जा रहे है, जहां प्रशासन का आधार एआई-ड्रिवन सेवाओं के वितरण, स्मार्ट समावेशन है। इंडिया एआई के जनरल मैनेजर कार्तिक सूरी ने बताया कि इंडिया एआई पूरे देश में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा दे रहा है। डीआरडीओ के वैज्ञानिक सौरभ मंडल ने कहा कि एआई दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट गवर्नेंस को सक्षम बना रहा है।

**तेजी से काम शुरू**

### प्रशासन में एआई का उपयोग शुरू

प्रारंभिक सत्र में अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कहा कि मध्यप्रदेश उन कुछ राज्यों में से एक है, जहां एआई पर तेजी से काम किया जा रहा है। राज्य ने एआई तकनीक का उपयोग प्रशासन में करना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि आईटी और रिन्युएबल एनर्जी सबसे अधिक गति से बढ़ने वाले सेक्टर है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां संपदा 2.0 पोर्टल से घर बैठे ही ई-रजिस्ट्री की जा रही है।

### उभरती तकनीक, डेटा संग्रहण एवं अनुप्रयोग बताए

*आईआईएम इंदौर के डीन प्रो. प्रशांत साल्वन ने प्रशासनिक अधिकारियों को उभरती तकनीकों और डेटा संग्रहण एवं अनुप्रयोगों से संबंधित एथिक्स के विषय में जानकारी दी। 'डिजिटल गवर्नेंस में आधार की भूमिका' विषय पर यूआईडीएआई के उप महानिदेशक आमोद कुमार ने डेटा प्रमाणीकरण, ई-केवाईसी और डिजिटल समावेशन में आधार की आगामी भूमिका पर प्रकाश डाला। डीबीटी मिशन के अतिरिक्त सचिव सौरभ तिवारी, वरिष्ठ जिला रजिस्ट्रार स्वप्नेश शर्मा और कर्मचारी चयन बोर्ड के निदेशक साकेत मालवीय ने डिजिटल समावेशन, प्रमाणीकरण, ई-केवाईसी और आधार-आधारित दक्षताओं को साझा किया।*

### एआई आधारित चेहरा प्रमाणीकरण प्रणाली की जानकारी दी

कार्यशाला में डिराइव मेक्सिमम इंपेक्ट आउट ऑफ आधार विषय पर विशेष सत्र कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में हुए सत्र में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के प्रतिनिधियों ने आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से सामाजिक कल्याण, नवाचार और ज्ञान आधारित सुशासन को और अधिक प्रभावशाली बनाने के संबंध में जानकारी दी। यूआईडीएआई के उप महानिदेशक आमोद कुमार ने आधार की प्रभावशीलता और राज्यों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यूआईडीएआई की एआई आधारित चेहरा प्रमाणीकरण प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली ने आधार सेवा की गतिशीलता बढ़ा दी है। साथ ही लाभार्थी की डाटा सुरक्षा में बढ़ोतरी भी हुई है। यूआईडीएआई प्रौद्योगिकी केंद्र, बेंगलुरु के सुमित आनंद ने इस नवीन प्रणाली के तकनीकी पक्षों को विस्तार से समझाया। भारत सरकार के डीबीटी मिशन के अपर सचिव सौरभ कुमार तिवारी ने बताया कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण की व्यावहारिक चुनौतियों को आधार प्रमाणीकरण प्रणाली में आए तकनीकी नवाचारों ने और सुगम बना दिया है। समापन सत्र में यूआईडीएआई मप्र के निदेशक सुमित मिश्रा ने बताया कि इस तरह की कार्यशालाओं से इन कार्यशालाओं से आधार सेवा प्रणाली को सशक्त बनाने और लाभार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप और सक्षम बनाने के लिए जानकारियां मिलती हैं। इससे आधार की भूमिका को शासन के हर स्तर पर अधिकतम उपयोगी बनाने में सहायता मिलती है। यूआईडीएआई द्वारा उपलब्ध कराई गई आधार सेवा मात्र पहचान बताने का माध्यम नहीं है। इससे सुशासन और सुगम बनाता है, साथ ही प्रशासन में नवाचारों के लिए नए मार्ग प्रशस्त होते हैं।

### सभी विभागों में एआई को मुख्यधारा में लाया जाएगा

*स्टार्ट-अप्स और उद्योग प्रतिनिधियों जैसे आरपीए एग्री इंफ्रा के रसेश त्रिवेदी, आईबीएम के प्रभात मनोचा, द्रोण मैप्स के उत्कर्ष सिंह और ऐपस्क्वाड्ज सॉफ्टवेयर की सुश्री हर्षिता दुग्गल ने सार्वजनिक प्रशासन, कृषि और जीआईएस योजना में एआई के उपयोग पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। कार्यशाला का समापन एमपीएसईडीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक अभिषेक अनंत ने कहा कि मध्यप्रदेश सभी विभागों में एआई को मुख्यधारा में लाकर एक डिजिटल, भविष्य-तैयार राज्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।*

### साइबर धोखाधड़ी से बचाव की बारीकियां समझाई

दोपहर के सत्र में कृषि, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और नागरिक सेवाओं में एआई के अनुप्रयोगों पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। आईआईटी इंदौर की प्रो. अरुणा तिवारी ने कृषि उत्पादकता के लिए मॉडल की जानकारी दी। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के विशाल मेहता ने कंप्यूटर विजन आधारित धोखाधड़ी विश्लेषण पर जानकारी दी। गूगल क्लाउड के अनिरुद्ध श्रीवास्तव ने जनरल एआई द्वारा सारांशीकरण और अनुवाद जैसे उपयोग दर्शाए। आईआईएसईआर भोपाल के प्रो. तन्मय बसु ने एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी और लोक स्वास्थ्य पर एआई की भूमिका को रेखांकित किया। डीएसटी की पूनम यादव ने वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय एआई कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया।

### जनरल एआई असिस्टेंट, सीएम गवर्नेंस डैशबोर्ड पर चर्चा

कार्यशाला के पहले सत्र में 'शासन में एआई की कल्पना: अकादमिक क्षेत्र की भूमिका' विषय पर फोकस रहा। कार्यशाला में पहले दिन सुशासन के लिए एआई सत्र में सर्वम एआई के साहिल खेतान ने जनरल एआई असिस्टेंट, सीएम गवर्नेंस डैशबोर्ड जैसे नवाचारों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्किल इंडिया असिस्टेंट जैसे कार्यक्रम नागरिकों को तकनीकी रूप से सशक्त बना रहे है।

## प्रदेश का पहला अस्पताल बना जेपी: जहां डॉक्टरों के लिए शुरू हुई वर्चुअल कोर्ट पेशी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी का मॉडल अस्पताल जेपी मध्यप्रदेश का पहला जिला अस्पताल बन गया है, जहां डॉक्टरों के लिए वर्चुअल कोर्ट पेशी की सुविधा शुरू की गई है।

गुरुवार को जेपी अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. रवि चतुर्वेदी ने पहली बार वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराया। डॉ. चतुर्वेदी ने साक्षी के रूप में वर्चुअल माध्यम से अदालत की कार्यवाही में भाग लिया। बता दें कि अब तक डॉक्टरों को किसी न्यायिक कार्यवाही में शामिल होने के लिए व्यक्तिगत रूप से अदालत पहुंचना पड़ता था, जिससे उनके नियमित चिकित्सा कार्य, विशेषकर ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं, प्रभावित होती थी।

### डॉक्टरों को नहीं लेना पड़ेगा अवकाश


इस सुविधा की शुरुआत के साथ डॉक्टरों को अब न्यायालयों में पेशी के लिए अस्पताल से अवकाश लेकर अन्य शहरों या जिलों में नहीं जाना पड़ेगा। वे अस्पताल परिसर से ही ऑनलाइन माध्यम से गवाही दे सकेंगे या अन्य न्यायिक कार्यवाही में भाग ले सकेंगे। इससे न केवल डॉक्टरों का समय बचेगा, बल्कि मरीजों को भी उनके इलाज में कोई व्यवधान नहीं आएगा। डॉ. राकेश श्रीवास्तव, अधीक्षक, जेपी अस्पताल पे बताया कि वर्चुअल कोर्ट पेशी की सुविधा डॉक्टरों को अनावश्यक दौरा और मानसिक दबाव से राहत दिलाएगी। जिससे वे अपने मुख्य कर्तव्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। इस नई पहल से यह भी सुनिश्चित होगा कि डॉक्टर न्यायिक मामलों में समय पर उपस्थित हो सकें, जिससे अदालत की कार्यवाही में देरी न हो। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह पहल उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत शुरू की गई है। विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों से यह जानकारी मांगी है कि कहां-कहां डिजिटल पेशी के लिए आवश्यक अधोसंरचना तैयार हो चुकी है और कहां पर यह कार्य लंबित है।

## हाथियों ने मचाया उत्पात मासूम बच्चा हुआ घायल

तीन मकानों को क्षतिग्रस्त किया, फसलों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

मध्यप्रदेश में 50 दिन बिताने के बाद तीन हाथियों गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के मरवाही वन मंडल में लौट आया है। बीती रात हाथियों ने सीमावर्ती इलाकों में जमकर उत्पात मचाया। सिवनी के दईगंवा गांव में एक घर की दीवार तोड़कर अनाज खाने के दौरान सात वर्षीय बच्चा रुद्र घायल हो गया। उसे मरवाही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। हाथियों ने तीन मकानों में तोड़फोड़ की और पांच किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया। वन विभाग की टीम आसपास के गांवों में मुनादी कर



लोगों को जंगल की ओर न जाने की सलाह दे रही है। वर्तमान में हाथी मरवाही वन परिक्षेत्र के घुसरिया परिसर (कक्ष क्रमांक 2049) में हैं। वन मित्र दल उनकी निगरानी कर रहा है। वन विभाग को आशंका है कि हाथी मरवाही, नाका, दानी कुंडी, मटियाडांड, गुल्लीडांड बीट होते हुए कोरबा जिले के पसान की ओर जा सकते हैं।

दोनों नक्सलियों पर था आठ-आठ लाख का इनाम

## दो इनामी नक्सलियों ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल उन्मूलन और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर दो इनामी नक्सलियों रैसिंग कुमेटी उर्फ रतनसिंह कुमेटी और पुनाय आचला उर्फ हिरोंदा ने कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वॉय अक्षय कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया। दोनों पर सरकार ने आठ-आठ लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित आत्म समर्पण कार्यक्रम में दोनों को 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। रैसिंग 2002 से और पुनाय



2005 से माओवादी संगठन में सक्रिय थे। दोनों ने राजनांदगांव, कांकेर, कोण्डागांव, गरियाबंद, धमतरी और नारायणपुर में कई नक्सली घटनाओं को अंजाम दिया। रैसिंग 2009 के मदनवाड़ा हमले में शामिल था, जिसमें तत्कालीन एसपी सहित 29 जवान शहीद हुए थे। पुनाय 2011 में एएसपी राजेश पवार पर हुए हमले में शामिल थी, जिसमें नौ जवान बलिदान हुए। पुलिस और सुरक्षा बलों की सतत कार्रवाइयों से नक्सलियों में भय का माहौल है।

मोर गांव, मोर पानी महाभियान के अंतर्गत किया योजना का अवलोकन

## सीएम ने की जोड़ी निर्माणाधीन सोखता गड्ढे की ईंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बलौदाबाजार भाटापारा जिले के विकासखंड कसडोल के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम बलदाकछार पहुँचे। उन्होंने मोर गांव, मोर पानी महाभियान के अंतर्गत जल संचयन के लिए जल संचयन वाहिनी द्वारा निर्मित किए जा रहे सोखता गड्ढे का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं निर्माणाधीन सोखता गड्ढे में ईंट जोड़ाई की। पानी बचाने के लिए जल संचयन वाहिनी के कार्यों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संकट से बचने ऐसे प्रयास आवश्यक हैं। जल संचयन वाहिनी




की सदस्य ललिता ध्रुव ने बताया कि मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत बलदाकछार में अब तक 10 नलकूपों के पास सोखता गड्ढों का निर्माण किया जा चुका है। इस अभियान के अंतर्गत तालाबों की सफाई, जागरूकता रैली, दीवार लेखन, तथा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंचायत राज दिवस के अवसर पर 24 अप्रैल 2025 को मोर गांव, मोर पानी महाभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान के अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की सभी 519 ग्राम पंचायतों में अब तक नलकूपों के पास 2500 सोखता गड्ढों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही, लगभग 1291 तालाबों की सफाई भी की गई है। जल संचयन हेतु ग्राम स्तर पर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिनमें वर्षा जल संचयन हेतु आवश्यक संरचनाओं के निर्माण के प्रस्ताव पारित किए जा रहे हैं तथा निर्मित संरचनाओं का ग्रामवासियों द्वारा भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है। प्रत्येक पंचायत में दो जल संचयन वाहिनियाँ गठित की गई हैं, जो ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए निरंतर प्रोत्साहित कर रही हैं।

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज का मामला

## घोघरा डैम में हाथियों के नहाने का वीडियो वायरल, वन मंडल ने कहा सावधानी बरतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज अंतर्गत सिंघीझाप परिसर में घोघरा डैम में जंगली हाथियों के नहाने का एक वीडियो सामने आया है। धरमजयगढ़ वन मंडल में जंगली हाथियों की बड़ी संख्या को देखते हुए वन विभाग और हाथी मित्र दल के सदस्यों ने ग्रामीणों को तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल जाने के दौरान



सावधानी बरतने की सलाह दी है। जानकारी के अनुसार, धरमजयगढ़ वन मंडल में वर्तमान में 184 जंगली हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं, जिनमें 49 नर, 95 मादा और 40 शावक शामिल हैं। शुक्रवार शाम छाल रेंज के सिंघीझाप परिसर के कक्ष क्रमांक 502 (आरएफ) में 42 जंगली हाथियों का दल घोघरा डैम में नहाते हुए हाथी मित्र दल ने ड्रोन कैमरे में कैद किया। हाथी मित्र दल के सदस्यों ने बताया कि यह दल लामीखार, सिंघीझाप, देउरमाल और कोशलपुर की ओर जा सकता है। इसके मद्देनजर इन गांवों के ग्रामीणों से सतर्क रहने और तेंदुपत्ता तोड़ने जंगल न जाने की अपील की गई है।

### आपात परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

# आवश्यक विभागों के साथ-साथ पुलिस के अवकाश पर भी रोक

जबलपुर।

कई आयुध निर्माणियां, केन्ट बोर्ड, कई रेजिमेंट का मुख्यालय जहां जबलपुर को देश में पहचान दिलाता है, वहीं विषम परिस्थितियों में दुश्मनों की नापाक नजर में भी आ सकता है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुये भारतग के हालात में ग्वालियर के बाद जबलपुर मध्य प्रदेश के नक्शे में सबसे सबसे अहम है। इसलिये जबलपुर में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मॉकड्रिल के बाद अब जबलपुर में आपात स्थिति से निपटने के लिये कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

वहीं प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद पुलिस अधिकारी, कमर्चारियों व कानून व्यवस्था सीधे तौर पर जुडे प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक लगा दी गई है। यह सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है की कानून व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और फील्ड में पदस्थ कर्मचारी अवकाश पर न जाएं। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त करते हुए उन्हें फौरन ड्यूटी पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

#### कलेक्टर ने अवकाश पर लगाई रोक

राष्ट्र की वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये केंद्र व राज्य सरकार के निर्देश पर जबलपुर जिले के अंतर्गत नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े समस्त विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और फील्ड स्टाफ़ के अवकाश पर, आगामी आदेश तक रोक लगा दी गई है जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। श्री सक्सेना ने बताया कि प्रतिबंध की अवधि में, विशेष परिस्थितियों में, अवकाश आवेदन कलेक्टर की अनापत्ति उपरांत सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत किये जा सकेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

#### सरकारी इमारतों पर ध्यान

साथ ही राज्य सरकार ने निर्देश दिया है की जबलपुर मे मौजूद केंद्र एवं राज्य के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्वास्थ्य, अग्निशमन सहित आपदा प्रबंधन से जुड़ी अन्य सेवाओं को मजबूत कर सभी विभाग आपसी तालमेल और को बेहतर करें।

#### अफवाह रोकना प्राथमिकता

सुरक्षा प्रबंधों के साथ पुलिस अफसरों को अफवाहों से बचाव के लिए फोकस कर काम करने को कहा गया है। सघन चेकिंग, हर वक्त अलर्ट मोड पर रहने और छोटी से छोटी सूचना पर एक्शन लेने के निर्देश अफसरों को दिए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई गाइड लाइन का पालन करने को कहा गया है।

#### कांग्रेस पार्षदों ने निकाला मार्च

वहीं दूसरी तरफ पूरा जबलपुर सेना के समर्थन में खड़ा है। इसी क्रम में शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने सेना के समर्थन में नगर निगम से मालवीय चौक तक मार्च निकाला गया। इस दौरान आयोध्या तिवारी, संतोष पंडा, गुड्डू नबी, हर्षित यादव, सहित तमाम कांग्रेस मौजूद रहे। श्री मिश्रा ने कहा पूरे देश और पूरी शहर भारतीय सेना के साथ खड़ा है।

#### कंट्रोलरुम का नंबर जारी

जिला प्रशासन द्वारा आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित की है। जिसका लैंड लाइन नंबर - 0761 2623925 है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर कॉल कर आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा व बचाव में सहभागी बन सकते है।



# जबलपुर में जल्द बनेगी फिल्म सिटी, बैठक में बनीं रुपरेखा

**जबलपुर।** मीडिया और मनोरंजन उद्योग को लेकर मुंबई में हुए शिखर सम्मेलन वेव 2025 के कुछ दिनों बाद शुक्रवार को जबलपुर में फिल्म सिटी के निर्माण को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय किया गया कि जबलपुर में फिल्म सिटी के निर्माण में सभी की सहभागिता सुनिश्चित होगी। कलेक्टर ने कहा कि फिल्म सिटी का निर्माण पूर्णता पारदर्शी तरीके से होगा। उन्होंने कहा कि जमीन का हस्तांतरण टेंडर, ई टेंडर, ऑनलाइन आक्शन आदि के माध्यम से होगा। सक्सेना ने बताया कि इसके लिए मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की वेबसाइट और सभी समाचार पत्रों में निविदा निकालकर वेंडरों को कार्य सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि फिल्म सिटी के लिए एक कमेटी गठित की जाएगी जो वन टू वन मीटिंग करके योग्य वेंडरों का चयन करेगी। उन्होंने कहा कि शहर के कलाकार और निर्माताओं के अलावा बाहर से आने वाले निर्माता निर्देशकों को भी अवसर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाहर से जो भी आएगा वह स्थानीय सहयोग के बगैर अपना कार्य नहीं कर पाएगा। अतः सभी को मिलकर फिल्म सिटी के प्रोजेक्ट को सफल बनाना है।जबलपुर के बरगी के निकट लगभग 450 एकड के क्षेत्रफल में फैली जमीन में फिल्म सिटी आकार लेगी। बैठक में एमपीटीबी के पर्यटन प्रबंधक तरुण मिश्र सहित नगर के कलाकारों तथा निर्माताओं ने भाग लिया।**एमपीटीबी तय करेगा एमओयू के लिए योग्यता**जिला पुरातत्व पर्यटन और संस्कृति परिषद (जेएटीसीसी) के सीइओ हेमंत सिंह ने कहा कि फिल्म सिटी के निर्माण के पूर्व एमपीटीबी एमओयू करेगा वह स्वयं तय करेगा कि इस कार्य के लिए कौन योग्य है। उन्होंने कहा कि फिल्म सिटी के निर्माण से जो इंडस्ट्री निर्मित होगी वह 100 से अधिक वेंडरों को काम प्रदान करेगी उन्होंने बताया कि कैमरामैन जैसे वेंडरों के पास स्वयं की 50 लोगों की टीम रहती है इस हिसाब से यह उदयोग हजारों को रोजगार देगा। हेमंत सिंह ने कहा कि वेंडर के चयन की प्रक्रिया भी पारदर्शी होगी जिसमें आनलाइन जबलपुर सहित सभी नगरों के कलाकारों के बायोडाटा का अध्ययन सभी कर सकेंगे।

## विधानसभा प्राक्कलन समिति 12 को रहेगी जबलपुर प्रवास पर, बैठक में सौंपी जिम्मेदारिया

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति के जबलपुर भ्रमण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, संयुक्त आयुक्त अरविंद यादव सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि प्राक्कलन समिति के जबलपुर प्रवास के दौरान संबंधित विभागों द्वारा अपने-अपने विकास कार्यों को दिखायें और उस संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य रूप से कहा कि नर्मदा घाटी, लोक निर्माण विभाग, स्मार्ट सिटी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल निगम, जल संसाधन विभाग अपने-अपने विकास कार्यों को दिखायें। इसके साथ अन्य विभाग भी अपने अच्छे कार्यों को दिखा सकते हैं। उन्होंने कहा कि समिति प्रवास के दौरान उनकी बैठकें तथा रूकने के साथ सत्कार व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्राक्कलन समिति 12 मई को जबलपुर पहुंचेगी।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**जबलपुर।** शासन के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम द्वारा आज 10 मई 2025 दिन शनिवार को मुख्यालय सहित सभी 16 संभागीय कार्यालयों में आयोजित किया गया है। इस संबंध में राजस्व विभाग के अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि लोक अदालत में अधिभार में करदाताओं को छूट मिलेगी। आयोजित नेशनल लोक अदालत में शहर के सम्माननीय करदाताओं को अधिक से अधिक छूट का लाभ मिले इसके लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने संबंधित अधिकारियों को समक्ष में बुलाकर निर्देश दिये हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', एम।आई।सी। सदस्य एवं राजस्व प्रभारी डॉं। सुभाष तिवारी एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी करदाताओं से भी अपील की है कि बकाया करों की राशि में छूट का लाभ नेशनल लोक अदालत के माध्यम से दी जा रही है, इसलिए आप सभी करदाताओं से अपील है, कि अधिक से अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत में पहुॅंचकर छूट का लाभ लें।अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रूपये से अधिक तथा 1 लाख रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी।

उन्होंने बताया कि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, राशि 10 हजार रूपये से अधिक तथा 50 हजार रूपये से कम बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, राशि 50 हजार रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि यह छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी, उन्होंने बताया कि छूट उपरांत राशि अधिकतम् दो किश्तों में जमा कराई जायेगी, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा कराई जायेगी, शेष राशि अधिकतम एक माह में जमा कराना अनिवार्य होगा।

## ऑपरेशन सिंदूर में देश के वीर जवानों की रक्षा हेतु मातृशक्तियों ने की कामना

**जबलपुर।** जबलपुर,9 मई। उत्तर मध्य विधानसभा अंतर्गत हनुमानताल जैन धर्मशाला में विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय के द्वारा वृहद स्तर पर सुहागलों का आयोजन करवाया गया एवं बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने उपस्थित होकर भारतीय सेना के द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर में देश के वीर जवानों की रक्षा हेतु कामना की। इस दौरान 800 से अधिक मातृशक्तियों द्वारा सुहागलों का पूजन किया गया। उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने बताया कि आज देश के निर्णायक मोड़ पर खड़ा हुआ है जहां पर संपूर्ण देशवासी अपने देश के वीर जवानों के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से किए जा रहे अद्भुत शौर्य एवं पराक्रम को देख रहे हैं ऐसे कठिन समय में हमारे देश के वीर सपूतों की रक्षा हेतु 800 से अधिक मातृशक्तियों ने सुहागलों के माध्यम सिंदूर का पूजन किया तथा ये प्रार्थना की कि मेरा सुहाग तो सुरक्षित रहे तथा साथ ही साथ मेरी उस बहन का सुहाग भी सुरक्षित रहे जो इस देश की सीमाओं की रक्षा के लिए आज सरहद पर डटा हुआ है।

# अमेरिकी पर्यटक से जीपीएस डिवायस जप्त

**जबलपुर।** भारत पाकिस्तान के बीच जारी तनाव में सरहद के बाद सबसे अधिक चौकसी एयरपोर्ट पर है। बड़े पैमाने पर फ्लाईटें रद्द हो रही हैं, तो बहुत से विमानतल स्थाई और अस्थाई रूप से बंद भी हो रहे हैं। देश के सभी एयरपोर्ट पर अलर्ट है। इस बीच जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर गुरुवार को एक अमेरिकी महिला यात्री को पकड़ा, जिसके बाद प्रतिबंधित जीपीएस ट्रैकर मिला। यह मामला खमरिया पुलिस को सौंपा गया है।

**डुमना विमानतल में बरती जा रही कड़ी चौकसी**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर चैकिंग के दौरान एक अमेरिकी महिला यात्री के बैग में प्रतिबंधित ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) ट्रैकर मिला। प्रशासन ने अमेरिकी महिला यात्री से ट्रैकर जब्त कर पूछताछ की। 62 वर्षीय एंजिला यूएस के केंसास की रहने वाली है। उन्होंने पूछताछ में बताया कि वह बांधवगढ़ घूमने आई थी। महिला यात्री ने बताया कि वह ट्रैकर उसने अपने रिलेटिव को लोकेशन बताने के लिए रखा था। एयरपोर्ट प्रशासन ने मामला शहर के खमरिया पुलिस को सौंप दिया है। महिला जबलपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट की यात्री थी।

पूछताछ के बाद महिला को दिल्ली भेज दिया गया है। दिल्ली से महिला यात्री की यूएस की कनेक्टिंग फ्लाइट थी। वहीं मामले में सीएसपी संतोष कुमार साहू ने बताया कि खमरिया थाना मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि भारत में हवाई यात्रा के दौरान जीपीएस ट्रैकर डिवाइस ले जाना और उसका उपयोग करना प्रतिबंधित है। सीआईएसएफ यानि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने दूरसंचार अधिनियम के प्रावधानों के तहत डिवाइस जब्त कर खमरिया पुलिस को सौंप दिया है।

## शुद्ध शीतल पेयजल से राहगीरों की बुझ रही है प्यास : निगमायुक्त

**जबलपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने शहर के वार्डों, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था कराई है। इस संबंध में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि समस्त संभागीय अधिकारियों के माध्यम से वार्डों के चौराहों एवं चिन्हित स्थलों में शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था हर नागरिक के लिए उपलब्ध कराई है।इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि इस भीषण गर्मी में किसी भी नागरिक को या राहगीरों को पानी के लिए भटकना न पड़े इसके लिए हर स्तर पर तुरंत ही समुचित व्यवस्था कराई जाए और साथ ही सभी को समय पर शुद्ध शीतल जल मिले इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए। जिसके परिपालन में व्यवस्थाएं कराई गई। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि वार्ड के चौराहों पर विशेष रूप से नागरिकों और हर आने-जाने वाले राहगीरों को पानी पीने के लिए यहां-वहां भटकना न पड़े इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।




# बुआ कहती हैं, हिम्मत से आसान होती है हर मुश्किल

## नानी के घर छुट्टिया मनाने आईं कर्नल सोफिया की भतीजियों से की बातचीत



जबलपुर।

मेरी बुआ मेरी प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने यह संदेश दिया है कि एक महिला मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियों में देश को लीड कर सकतीं है। यह कहना है कर्नल सोफिया कुरैशी की बड़ी भतीजी आयशा कुरैशी का जो जबलपुर अपनी नानी के घर आई हुईं हैं। ईएमएस से चर्चा के दौरान आयशा ने कहा, मैं अपनी बुआ की तरह बनना चाहती हूं और इंडियन आर्मी में जाना चाहती हूं। कर्नल सोफिया की छोटी भतीजी आन्हा कुरैशी कहतीं हैं की मेरी बुआ मेरी हीरो हैं, जब वो मुझसे मिलती हैं तो कहती हैं की बेटा करेज (हिम्मत) और फोकस से हर मुश्किल आसान होती है। उनके जैसी हिम्मत और फोकस अपने अंदर पैदा कर देश के लिये कुछ करना ही मेरा करियर का उद्देश्य है। गौरतलब है की कर्नल सोफिया कुरैशी के छोटे भाई नूर कुरैशी का विवाह जबलपुर अंधेरदेव निवासी अब्दुल नईम मंसूरी की बेटी उजमा कुरैशी से हुआ है। गर्मियों की छुट्टियों में उजमा अपनी दोनों बेटियों के साथ मायके आई हुई हैं, वहीं नूर आर्किटेक्ट हैं वो मुम्बई में कार्यरत हैं। कर्नल सोफिया ने पत्रकार वार्ता के बाद अपने भाई नूर को फोन करके ही कहा था की धमाका कैसा लगा। जिसके बाद नूर ने उजमा को फोन कर अपनी बड़ी बहन की कामयाबी की खुशी सांझा की थी। उजमा कांग्रेस नेता हामिद मंसूरी की साली भी हैं।

#### अक्सर आती हैं जबलपुर

उजमा बताती हैं की उनकी ननद कर्नल सोफिया जिन्हें वो बाजी कहती हैं, वो कई बार जबलपुर आई हैं। कभी पारिवारिक कार्यक्रम में तो कभी सेना से जुड़े कार्य के सिलसिले में उनका जबलपुर आना जाना लगा रहता है।

#### नर्म मिजाज हैं कर्नल सोफिया

उजमा कहती हैं की बाजी (कर्नल सोफिया) दुश्मनों को लेकर जितनी सख्त हैं, देश और परिवार को लेकर उतनी ही नर्म हैं। वो जब परिवार से मिलती हैं तो सबसे ज्यादा समय घर के बच्चों के साथ बिताती हैं, उन्हें मोटिवेट और गाईड करती हैं।

## खबर संक्षेप

### सानिया जाफरी का कक्षा दसवीं में सुयश



**जबलपुर।** अंजुमन अंग्रेजी माध्यम हा.से. स्कूल, मढाताल की छात्रा कु. सानिया जाफरी ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा मे 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त कर स्कूल सहित शहर को गौरवान्वित किया हैं। उनकी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपनी मेहनत तथा अपने पिता मासूम का बाड़ा, तैय्यब अली चौक, नेपियर टाउन निवासी अधिवक्ता शाहरुख जाफरी को दिया। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर नायक, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### शेख बब्लू पोंडा ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त



**सिहोरा।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी निजामुद्दीन कुरैशी,सह प्रभारी लियाकत अली, प्रदेश अध्यक्ष एड अलीम की सहमति से विधायक लखन घनघोरिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विक्रम सिंह ठाकुर की अनुशंसा पर अल्पसंख्यक के जिला ग्रामीण अध्यक्ष ताहिर खोकर द्वारा शेख बब्लू बेहना को अल्पसंख्यक विभाग पाटन विधानसभा के पोंडा ब्लाक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर कांग्रेस नेता राजेश चौबे, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल, पप्पू खान, बाबर खान, शमशेर खान गुल्लू आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### विकास खंड स्तरीय आयोजन

# प्रदेश की मेरिट के साथ जिले में अव्वल रहने वाले छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

प्रदेश की मेरिट सूची के साथ जबलपुर जिले में अव्वल रहकर सिहोरा का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं को सी एम राइज सांदीपनि विद्यालय में आयोजित विकासखंड स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इसमें हाईस्कूल एंव हायर सेकंडरी स्कूल के दसवीं एंव बारहवीं के विद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थी भी शामिल थे। कार्यक्रम श्रीमती संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय प्राचार्य अरविंद धुर्वे सहायक संचालक शिक्षा की उपस्तिथि में आयोजित किया गया।



**इन विद्यार्थियों का हुआ सम्मान**

आयोजन में 12 वीं से शालेम स्कूल की छात्रा सिमरन साहू कामर्स ग्रुप में राज्य की मेरिट सूची में 6 वीं रैंक,आजाद सिंह 10 वीं में जिला मेरिट सूची में 2 री रैंक,विराज साहू 3 री रैंक, श्रेयांस पटेल, मीनाक्षी कोल सांदीपनि विद्यालय सिहोरा,जिया साहू पौंडिकला, त्रिवेणी कुशवाहा,मधु लोधी रामखिरिया, कमोद सिंह भंडरा, आयुषी तिवारी मढ़ा परसवाड़ा,मानसी मल्लाह, दीपशिखा साहू यशोदा बाई, मुस्कान कुम्हार बेला, एकता राय खिरहनी कला, अभिषेक चक्रवर्ती गुनहरु मोहसाम आदि को अतिथियों ने फूल माला पहनाकर एंव मेडल देकर सम्मानित किया। बच्चों ने इस सफलता पर जहां अपने अपने विचार रखे वहीं पालकों ने भी मंच पर आकर अपने मन की बात की। इस अवसर पर शालेम स्कुल के संचालक एम भास्करन सहित अनेक बच्चे एंव उनके पालक उपस्थित थे।

# अच्छे अंक लाने पर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया



**पाटन।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये जिसमे नगर के तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेण्डरी के राजबहादुर सिंह राजपूत ने बायो समूह में प्रदेश में नवां स्थान वहीं वेदांशी ठाकुर ने गणित समूह से 12वीं में और साक्षी विश्वकर्मा ने 10वीं कक्षा में जिला में टॉप किया। ज्ञात हो कि कृष्णबहादुर ने 500 में से 475 अंक 95 प्रतिशत के साथ केमिस्ट्री में 100 अंक, वेदांशी ठाकुर ने 500 में से 481 अंक 96.2 प्रतिशत गणित में 99 अंक वही साक्षी विश्वकर्मा ने 500 में से 490 अंक 98 प्रतिशत विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किये। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह, जिला प्रचारक मोहन, बालचंद जैन, गुलजार सिंह, देवकुमार यादव, गजेंद्र सिंह, संजय सिंह, राजकुमार सिंह, महेंद्र सिंह, केदार गौतम, विष्णु महाराज, आदि के साथ अभिभावकों ने बच्चों को टीका ,फूलमाला एवं मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आचार्य जगेंद्र सिंह ,बालचंद जैन एवं गजेंद्र सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुये उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**न्यायालय परिसर में-** न्यायालय परिसर में न्यायाधीश एडीजे ओमप्रकाश रजक ,न्यायाधीश भारती यादव , अधिवक्ता संघ तहसील अध्यक्ष एड रघुवीर सिंह ने सभी बच्चों को टॉफी खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर माननीय न्यायाधीश ओमप्रकाश रजक ने अच्छे अंक लाने पर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए आगे लक्ष्य निर्धारित कर अपने माता - पिता और स्वयं का सपना कैसे साकार हो इसके लिये प्रेरित किया साथ ही बच्चों से मुलाकात करने एवं मार्गदर्शन करने स्कूल आने के लिए कहा इस अवसर पर उन्होंने प्राचार्य सी एस ठाकुर एवं स्टाफ को भी बधाई दी। इस अवसर पर एड रोहणी खम्परिया, एड राजेश नेमा नोटरी, एड एच एन पटेल, एड मदन सिंह, एड राजेश प्यासी, एड अभिषेक अग्रवाल, एड हीरालाल चौरसिया, एड राजेन्द्र चौबे, अरविंद सोनी, अरविंद पांडे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणाम में सीएम राइज स्कूल का दबदबा



**मझौली।** सी एम राइज एकीकृत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली में छात्रों ने मारी बाजी हायर और हाई स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम में आगे रहे छात्र। कक्षा दसवीं में मयंक नामदेव पिता जगदीश प्रसाद ने 96.8%अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान एवं कक्षा बारहवीं में लकी साहू पिता लटौरी प्रसाद साहू ने गणित संकाय से 93.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय का दसवीं कक्षा का कुल परीक्षा परिणाम 97.26% और कक्षा बारहवीं का कुल परीक्षा परिणाम 95.93% प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्राचार्या संगीता राय, माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार रैकवार, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कन्नौजिया एवं समस्त विद्यालय परिवार की और से समस्त छात्र / छात्राओं को परीक्षा परिणाम हर्ष व्यक्त किया।

### 466वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट में 12 को

# राष्ट्रीय ध्वज को लेकर करेंगे नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा



**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकल जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 12 मई वैशाख पूर्णिमा पर प्रात 6:00 बजे सोमवार को भारत माता के उदघोश के साथ पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में 466 वी पंचकोशी निकाली जाएगी। संकीर्तन मंडल देश भक्ति गीतों के साथ हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर निकलेंगे देश की सेना के लिए प्रार्थना की जाएगी कि वह कम समय में अपना पूरा काम कर दे सिंदूर का बदला ले ले ऐसा सबक सिखाएं की दुनिया याद रखें बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में होगा एवं विशाल भंडारे के साथ परिक्रमा का समापन होगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलब्बानी दुर्गा पटेल सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा विशाल पड्या आदि ने की है।

# 60 लीटर कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत कामधेनु नगर ग्राम देवरी में पानी की टंकी के नीचे अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। पनागर थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर कामधेनु नगर ग्राम देवरी में पानी की टंकी के नीचे कच्ची शराब बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रही ग्राम देवरी निवासी 35 वर्षीय सुरेखा उर्फ सुलेखा केवट को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपिया के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

# आर्मी वालों के परिवार को नि:शुल्क चिकित्सा जब तक भारत-पाक में रहेगा तनाव

हरिभूमि जबलपुर।

यहां एक जिले के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक ने भारत के प्रति देश सेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए। बार्डर में तैनात बीएसएफ के जवान के फोन पर अनुरोध करने पर उनके पिता का काउंसिलिंग और ईलाज करते हुए। आर्मी वालों के परिजनों को निःशुल्क इलाज देने कहा। जिसमे चिकित्सक सारंग पण्डित का कहना है कि यदि वो देश की सीमा पर रक्षा करने खड़े हैं तो हम सभी का फर्ज है उनके परिवारों की मदद करने का और जब तक भारत पाक की बीच इसी तरह की तनापूर्ण स्थिति बनी रहेगी तब सभी आर्मी वालों के परिजनों की निशुल्क काउंसिलिंग करके उन्हें उपचार दिया जाएगा जिसकी कोई फीस उनके परिजनों से नही ली जाएगी।



जबलपुर के प्रसिद्ध नशामुक्ति और मनोचिकित्सक डॉ. सारंग पण्डित के पास बीएसएफ के जवान अमरदीप मिश्रा 82 बीएन सांबा फ्रंटियर बटालियन जम्मू में पदस्थ जवान ने फोन पर अपने पिता कृष्ण कुमार मिश्रा निवासी ग्राम बरगी सिहोरा निवासी की स्वास्थ्य संबन्धी समस्या बताई । जिसपर डॉ पण्डित ने आर्मी जवान के पिता जी की काउंसलिंग करके उन्हें इलाज दिया जिसकी कोई फीस भी नही ली गई। जबकि फीस रिसेप्सन में जमा करने के बाद जब डॉ को मरीज के बेटे का बीएसएफ में होने की जानकारी लगी तो उन्होंने फीस वापस कराई। जो हर एक चिकित्सक एवं सभी विभागों सहित देश के हर नागरिक को सहयोग करने की जरूरत है।

डॉ सारंग पण्डित नागपुर के लता मंगेशकर हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सेवाएं दे चुके हैं और वर्तमान में जबलपुर के प्रसिद्ध मनोचिकित्सकों में इनका नाम सुमार है। जिसपर डॉ पण्डित का कहना है कि हर भारतीय नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि इस तनावपूर्ण हालात में आर्मी और देश की सेवा करनी चाहिए, इसी पहले को आगे बढाने के उद्देश से ही जब तक भारत पाक के बीच तनावपूर्ण स्थिति रहने तक और आर्मी शस्त्रबलों की छुट्टी रद्द रहने तक उनके परिजनों को हरसंभव मेरे द्वारा मदद कर उपचार दिया जाएगा जिसकी कोई कोई फीस नही ली जाएगी।

### सोने चांदी के जेवर व नगदी रूपये चोरी

# 2 सूने मकानों और 1 स्कूल का चोरों ने तोड़ा ताला

**जबलपुर।** माढोताल, बरेला और अधारताल में चोरी की तीन वारदातें सामने आई हैं। माढ़ोताल और बरेला में सूने मकानों का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी रुपए चोरी कर ले गए। वहीं अधारताल में एव्ही किड्स स्कूल महाराजपुर में खिड़की का लॉक तोड़कर अज्ञात चोर लेपटॉप और ड्राज में रखे नगदी 2 हजार रुपए चोरी कर ले गए।

माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवधाम कालोनी शिवशक्ति मंदिर के पीछे माढ़ोताल निवासी 50 वर्षीय श्रीमति राजकुमारी त्रिवेदी गत 26 मार्च को दोपहर 2 बजे अपने घर पर ताला लगाकर अपने गांव खेती किसानी का काम तथा नवरात्रि की पूजा करने देवरी जिला सागर गयी थी सागर से फिर खाटू श्याम दर्शन करने चली गयी थी। गत 8 मई को दोपहर लगभग 1.30 बजे घर वापस आयी और ताला खोलकर अंदर आई तो



देखा पहली मंजिल के पीछे की खिड़की खुली हुयी थी तथा आलमारी का लॉकर टूटा था लॉकर मे रखी सोने की झुमकी, 1 हार, चांदी की करधन, 2 जोड़ी पायल तथा नगदी रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

इसी प्रकार बरेला में ग्राम सिलपुरी निवासी 33 वर्षीय किराना दुकान संचालक दुर्गेश धुर्वे गत शाम लगभग 5 बजे अपने परिवार के साथ शादी कार्यक्रम में दुर्गा नगर थाना बरगी गया था। जहां से दूसरे दिन सुबह लगभग 7.30 बजे घर आया तो उसके होश उड़ गए। उसके घर के दरवाजे का एवं अदंर रखी अलमारी का लॉक टूटा था जिसमें सोने का मंगलसूत्र, चाँदी की एक फुल करधन, 1 हाफ करधन, 01 जोड़ी पायल एवं नगदी 40 हजार रुपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

इसी प्रकार अधारताल में हाउसिंग बोर्ड कालोनी महाराजपुर निवासी 34 वर्षीय प्रिसींपल श्रीमति मधु ठाकुर गत शाम लगभग 4 बजे स्कूल बंद करके घर चली गई थी। दूसरे दिन सुबह लगभग 8.30 बजे स्कूल की भृत्य पूजा नामदेव ने फोन पर चोरी की सूचना दी। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंची तो देखी कि खिड़की का लॉक टूटा है। टीव्ही का तार टूटा है। आफिस में रखा एचपी कम्पनी का लेपटाप तथा ड्राज में रखे नगदी 2 हजार रूपये एवं स्कूल की चाबियां अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पुलिसने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# हनुमानताल की सफाई में लगे ठेकेदार से गुंडा-टैक्स वसूलने मारपीट

**जबलपुर।** हनुमानताल थानाक्षेत्र में हनुमानताल तालाब के बीच में काम कर रहे एक ठेकेदार से चार बदमाशों ने शराब पीने के गुंडा टैक्स के रुप में 5 हजार रुपए की मांग कर मारपीट कर चोटें पहुंचा दी और उसका मोबाइल तोड़कर क्षतिग्रस्त कर जान से मारने की धमकी दी। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टार सिटी फेस 4 कटंगी रोड माढ़ोताल निवासी 54 वर्षीय ठेकेदार राजकुमार पटेल गत दोपहर लगभग 3 बजे सूखे हुए हनुमानताल



तालाब के बीच में काम करा रहा था तभी वहां पर धर्मेन्द्र सोनकर, नितिन सोनकर, अक्षय सोनकर उर्फ राहुल और लीला सोनकर उसके पास आए और उससे पार्टी करने के लिये 5 हजार रूपये की मांग करने लगे, मना करने पर चारों उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर चेहरे, सीना व कमर में चोटें पहुँचा दी और अक्षय उर्फ राहुल ने उसका वीवो कम्पनी का मोबाइल पत्थर में पटक कर तोड़ दिया जिससे लगभग 25 हजार रूपये का नुकसान हो गया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किये तो चारों ने जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान राजकुमार के पेंट की जेब में रखे 14 हजार रूपये तथा व्यापार संबंधी लेखा जोखा के कुछ कागजात नहीं मिल रहे है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 115(2), 351(2), 324(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




**श्री गुरमेल सिंह खाम्बे-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री गुरमेल सिंह खाम्बे (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सागर बंशकार-** प्रेमसागर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री गुलाब चंद्र बंशकार के पुत्र श्री सागर बंशकार (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती माया बाई अग्रवाल-** ज्योति नगर गढ़ा निवासी श्री हीरा लाल अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती माया बाई अग्रवाल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल आहूजा-** एपीआर कॉलोनी कटंगा निवासी श्री अनिल आहूजा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुशीला देवी-** अनुराधा कॉलोनी धोबीघाट निवासी श्री शंकर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला देवी (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश चंद्र समन-** द्वारका नगर वार्ड निवासी श्री रमेश चंद्र समन (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ममता बोहत-** चौथे पुल के निकट निवासी श्री मुन्ना लाल बोहत की धर्मपत्नी श्रीमती ममता बोहत (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दिव्या-** नब्बे क्वाटर संजीवनी नगर निवासी श्री राजकुमार नागवानी की धर्मपत्नी श्रीमती दिव्या नागवानी (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रेवा प्रसाद सोनी-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री रेवा प्रसाद सोनी (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता बाई केवट-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राम गोपाल केवट की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई केवट (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री युवराज सिंह ठाकुर-** बी 10, टंडन काम्पलेक्स बीटी तिराहा गढ़ा निवासी श्री युवराज सिंह ठाकुर (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जानकी बाई-** पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्रीमती जानकी बाई का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री ईश्वर लाल पमनानी-** डी 10, समदड़िया काम्पलेक्स साउथ सिविल लाइन निवासी श्री ईश्वर लाल पमनानी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद रजक-** नारायण चौक लालमाटी निवासी श्री विनोद रजक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### यूनियन बैंक के लाभ में 50 फीसदी का इजाफा

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 50 प्रतिशत बढ़कर 4,985 करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 3,311 करोड़ रुपये रहा था। 2024-25 की मार्च तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 33,254 करोड़ रुपये हो गई।

### टाइटन का लाभ 13 फीसदी बढ़कर 871 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी टाइटन कंपनी का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 871 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही में 771 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कुल आय बढ़कर 14,049 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 11,472 करोड़ रुपये थी।

### जी एंटरटेनमेंट का शुद्ध लाभ कई गुना बढ़ा

**नई दिल्ली।** ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइज लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में कई गुना वृद्धि के साथ 188.4 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बताया कि मुनाफे में यह वृद्धि प्रभावी लागत प्रबंधन के कारण हुई है। एक साल पहले जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 13.4 करोड़ रुपये था।

### चीन का निर्यात अप्रैल में 8.1 प्रतिशत बढ़ा



**बीजिंग।** चीन का निर्यात अप्रैल महीने में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़ा जो अर्थशास्त्रियों की अपेक्षा से कहीं अधिक है। अमेरिका के उच्च शुल्क से बचने के लिए कंपनियों और उपभोक्ताओं के बीच सामान बेचने की होड़ इसकी मुख्य वजह रही। अमेरिका ने चीन के उत्पादों पर 145 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

### हैदराबाद का 'कराची बेकरी' 100 प्रतिशत भारतीय ब्रांड



**हैदराबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच मशहूर बेकरी श्रृंखला 'कराची बेकरी' का नाम बदलने से प्रवर्तकों ने इनकार करते हुए कहा कि यह '100 प्रतिशत भारतीय ब्रांड' है। 'कराची बेकरी' ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'हमें गर्व है कि हम भारतीय हैं।' 'कराची बेकरी 100 प्रतिशत भारतीय ब्रांड है, जिसकी स्थापना 1953 में भारत के हैदराबाद में हुई थी।

### डाबर इंडिया का शुद्ध लाभ घटकर 313 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनी डाबर इंडिया का जनवरी-मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 312.73 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने जनवरी-मार्च, 2024 में 341.22 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनी कुल आय बढ़कर 2,971.29 करोड़ रुपये और व्यय बढ़कर 2,559.39 करोड़ रुपये रहा। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ घटकर 1,740.42 करोड़ रुपये रह गया।

# यात्रा बुकिंग मंचों ने तुर्किये और अजरबैजान के विकल्प हटाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- 'गैर जरूरी' सफर से बचने की दी सलाह

पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच विभिन्न ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंचों ने शुक्रवार को पाकिस्तान को 'समर्थन' देने वाले देशों तुर्किये और अजरबैजान के यात्रा विकल्प निलंबित कर दिए हैं।

विभिन्न मंचों ने यह घोषणा करते हुए ग्राहकों को इन गंतव्यों की 'गैर-जरूरी' यात्रा से बचने की सलाह दी, जबकि भारतीय यात्रियों से संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले 'अत्यधिक सावधानी' बरतने का आग्रह किया। कॉक्स एंड किंग्स ने कहा कि उसने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किये के लिए सभी नए यात्रा विकल्पों को अस्थायी रूप से हटाने का फैसला किया है।

### यात्रा से पहले अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह

#### तुर्किये व अजर ने पाक के लिए दिखाया समर्थन

चूंकि तुर्किये और अजरबैजान ने पाकिस्तान के लिए समर्थन दिखाया है, इसलिए हम दृढ़ता से सलाह देते हैं कि केवल तभी जाएं जब बहुत जरूरी हो।" ट्रैवोमिंट ने कहा कि कंपनी ने भारतीयों द्वारा तुर्किये और अजरबैजान के बहिष्कार के आह्वान का समर्थन करते हुए इन दोनों देशों के लिए सभी यात्रा पैकेजों की बिक्री निलंबित कर दी है।




#### ट्रैवोमिंट ने यात्रा पैकेज किए निलंबित

ट्रैवोमिंट के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आलोक के सिंह ने बयान में कहा, "पाकिस्तान और तुर्किये तथा अजरबैजान जैसे देशों के साथ बढ़ते तनाव के बीच हमने तुर्किये और अजरबैजान के बहिष्कार के भारतीयों के आह्वान का समर्थन करने का फैसला किया है। ट्रैवोमिंट ने तत्काल प्रभाव से इन देशों के लिए सभी यात्रा पैकेजों की बिक्री निलंबित कर दी है।"

#### सभी नए विकल्प भी स्थगित

कॉक्स एंड किंग्स के निदेशक करण अग्रवाल ने कहा, हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए हमने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किये के लिए सभी नए यात्रा विकल्पों को स्थगित करने का फैसला किया है। यह निर्णय हमारे और हमारे देश के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सिद्धांतों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

*ईजमाईट्रिप ने कहा, विवेक का प्रयोग करे : हम भारतीय यात्रियों को सलाह देते हैं कि वे विवेक का प्रयोग करें और व्यापक भू-राजनीतिक वातावरण में अधिक स्पष्टता और संरेखण होने तक इन गंतव्यों की किसी भी गैर-जरूरी यात्रा से बचें।*

## भारत की सबसे बड़ी तेल कंपनी आईओसी ने कहा

# घबराहट में ईंधन खरीदारी की जरूरत नहीं तेल कंपनियों ने जनता को दिया भरोसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने शुक्रवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा घबराहट में इनकी अत्यधिक खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है।

सोशल मीडिया पर उन खबरों एवं वीडियो के आने के बाद जारी किया गया जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए लोगों की कतारें लग गई हैं।

#### इंडियन ऑइल के पास पर्याप्त भंडार

आईओसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी, " इंडियन ऑयल के पास देश भर में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और हमारी सभी आपूर्ति लाइन सुचारू रूप से काम कर रही हैं। घबराहट में खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे सभी 'आउटलेट' पर ईंधन और एलपीजी उपलब्ध हैं।" विशेष तौर पर पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों में लोगों ने घबराहट में खरीदारी शुरू कर दी थी।




- देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की पर्याप्त मात्रा
- सोशल मीडिया पर ईंधन भरवाने पेट्रोल पंप पर लाइन लगने की बात कही गई
- आईओसी ने कहा, हमारे सभी आउटलेट पर ईंधन उपलब्ध

#### पेट्रोल पंप में अनावश्यक भीड़ लगाने से बचे

आईओसी ने कहा, " शांत रहकर और अनावश्यक भीड़ लगाने से बचते हुए हमें आपकी बेहतर सेवा करने में मदद करें। इससे हमारी आपूर्ति लाइन निर्बाध रूप से चलती रहेंगी और सभी के लिए निर्बाध ईंधन पहुंच सुनिश्चित होगी।"

#### घबराहट में लोगों ने ईंधन की खरीदी शुरू की

पाकिस्तान की सेना ने आठ-नौ मई की रात को ड्रोन तथा अन्य हथियारों का इस्तेमाल करते हुए पूरे पश्चिमी सीमा क्षेत्र में कई हमले किए, जिसके बाद जम्मू-कश्मीर तथा पंजाब के कई शहरों में ब्लैकआउट कर दिया गया। भारतीय सेना ने कहा कि हमलों को " प्रभावी ढंग से विफल " कर दिया गया है। इससे लोगों में तनाव बढ़ा और घबराहट में लोगों ने ईंधन की खरीदारी शुरू कर दी।

#### बीपीसीएल ने भी दिया आश्वासन

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने बयान में आश्वासन दिया कि उसके विशाल राष्ट्रव्यापी नेटवर्क में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी उपलब्ध हैं। कंपनी ने बयान में कहा, " समूचे देश में बीपीसीएल के सभी ईंधन स्टेशन और एलपीजी वितरक सुचारू रूप से काम कर रहे हैं।

#### ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम

उपभोक्ताओं की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से सक्षम हैं। चिंता या घबराहट में खरीदारी करने की कोई वजह नहीं है। हमारी आपूर्ति श्रृंखला संचालन मजबूत व कुशल बना हुआ है, जो निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करता है। हम सभी ग्राहकों से संयम रखने का आग्रह करते हैं...।"

#### भारत ने हमला किया विफल

गौरतलब है कि भारत ने बृहस्पतिवार रात जम्मू और पठानकोट सहित सैन्य स्थलों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल कर दिया। इससे पहले भारत ने देश के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में 15 स्थानों पर इसी तरह की कोशिशों को नाकाम किया था।

# एटीएम में पर्याप्त नकदी मौजूद एसबीआई, पीएनबी व अन्य बैंक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- डिजिटल सेवाएं सुचारू ढंग से चालू
- किसी भी सूचना पर भरोसा न करने की सलाह भी दी

भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक समेत कई अन्य बैंकों ने शुक्रवार को कहा कि उनके एटीएम पूरी तरह से चालू हैं, उनमें पर्याप्त नकदी है और डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

सोशल मीडिया पर आई उन खबरों की पृष्ठभूमि में यह बयान जारी किया गया जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच आने वाले दिन में एटीएम बंद हो सकते हैं। बैंकों ने यह भी कहा कि उनकी सभी डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। भारत के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "हमारे सभी एटीएम, सीडीएम/एडीडब्ल्यूएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से चालू हैं और जनता के लिए उपलब्ध हैं।"एसबीआई ने अपने ग्राहकों को सत्यापित न की गई सूचना पर भरोसा न करने की सलाह भी दी। बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब एंड सिंध बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन ओवरसीज बैंक ने भी इसी तरह के संदेश जारी किए। चेन्नई में मुख्यालय वाले इंडियन ओवरसीज बैंक ने कहा, "हम अपने ग्राहकों को एटीएम सेवाओं का उपयोग सामान्य रूप से जारी रखने तथा अपडेट के लिए केवल सत्यापित संचार चैनलों पर ही भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।




#### बंद की अफवाह झूठी है

बैंक ने कहा,"इंडियन ओवरसीज बैंक जनता को आश्वस्त करता है कि हमारे सभी एटीएम पूरी तरह से चालू हैं। एटीएम बंद होने की अफवाह झूठी और निराधार है। किसी भी अन्य जानकारी के लिए इंडियन ओवरसीज बैंक ने अपने ग्राहकों से 1800 425 4445 और 1800 890 4445 पर ग्राहक सेवा से संपर्क करने की अपील की है।

#### पीएनबी ने एक्स पर की पोस्ट

पंजाब नेशनल बैंक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "हमारी सभी डिजिटल सेवाएं भी सुचारू रूप से चल रही हैं, जिससे आपको घर बैठे सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित हो रहा है।"


# भारत-पाक तनाव बढ़ने से सेंसेक्स, निफ्टी में एक प्रतिशत की गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ने और व्यापक संघर्ष की आशंका से प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स पिछले दिन की गिरावट को जारी रखते हुए 880.34 अंक यानी 1.10 प्रतिशत गिरकर 79,454.47 पर बंद हुआ। बीएसई पर 2,522 शेयरों में गिरावट आई, 1,343 में तेजी आई और 145 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 265.80 अंक यानी 1.10 प्रतिशत गिरकर 24,008 अंक पर बंद हुआ।



- सेंसेक्स में 880 अंक की बड़ी गिरावट दर्ज
- बीएसई में 2522 शेयरों में आई गिरावट
- विदेशी निवेशकों ने निवेश जारी रखा

जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "संघर्ष की आशंका थी, लेकिन बाजार को स्थिति के और गंभीर होने का अनुमान नहीं था, जिससे इसकी समय को लेकर चिंता बढ़ गई।

#### अल्ट्राटेक सीमेंट में रही गिरावट

सेंसेक्स की कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एनटीपीसी में उल्लेखनीय गिरावट हुई।

#### टाइटन में रही बढ़त

दूसरी ओर टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

## जिंदल स्टेनलेस का लाभ 18 फीसदी बढ़ 590 करोड़





**नई दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस का मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 18 प्रतिशत बढ़कर 590 करोड़ रुपये हो गया है। मुख्य रूप से दो असाधारण मदों से एकमुश्त लाभ के कारण कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। इसने पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी ने 501 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनी की शुद्ध आमदनी आठ प्रतिशत बढ़कर 10,198 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 9,454 करोड़ रुपये थी। हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा इससे पिछले वित्त वर्ष के 2,693 करोड़ रुपये से घटकर 2,500 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति शेयर दो रुपये के लाभांश की सिफारिश की है।

# उपग्रह संचार सेवाओं पर 4% शुल्क लगाने की सिफारिश

- शहरी क्षेत्रों में सेवा प्रदाताओं को 500 रुपए प्रति ग्राहक अतिरिक्त शुल्क लगेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को एलन मस्क की स्टारलिंक जैसी उपग्रह संचार सेवा प्रदाता कंपनियों पर वार्षिक राजस्व का चार प्रतिशत स्पेक्ट्रम शुल्क लगाने की सिफारिश की। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार विभाग को दी गई अपनी अनुशंसा में कहा कि शहरी क्षेत्रों में सेवाएं देने वाले सेवा प्रदाताओं को प्रति ग्राहक 500 रुपये अतिरिक्त शुल्क देना होगा। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाओं के लिए इन कंपनियों को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। ट्राई ने सिफारिश की है कि उपग्रह ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम पांच साल के लिए आवंटित किया जाए, जिसे बाद में दो साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) का चार प्रतिशत स्पेक्ट्रम शुल्क भू-स्थैतिक कक्षा (जीएसओ) और गैर-भूस्थैतिक कक्षा (एनजीएसओ) में स्थित उपग्रहों के जरिये सेवाएं देने वाली दोनों तरह की उपग्रह संचार कंपनियों को देना होगा।

## यस बैंक में 13 फीसदी हिस्सेदारी सुमितोमो को बेचेगा एसबीआई

- हिस्सेदारी को एसबीआई 8,889 करोड़ रुपए में बेचेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने निजी क्षेत्र के यस बैंक में 13.19 प्रतिशत हिस्सेदारी जापान की कंपनी सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) को 8,889 करोड़ रुपये में बेचने की मंजूरी दे दी है। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की कार्यकारी समिति (ईसीसीबी) ने यस बैंक के 413.44 करोड़ शेयर यानी 13.19 प्रतिशत इक्विटी के बराबर हिस्सेदारी 8,888.97 करोड़ रुपये में बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसमें कहा गया कि यह इक्विटी बिक्री 21.50 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर प्रस्तावित है। मार्च 2025 तक एसबीआई के पास यस बैंक में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

# आईटी क्षेत्र में नियुक्तियों में अप्रैल में 16% की वृद्धि

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में नियुक्तियों में अप्रैल में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कृत्रिम मेधा (एआई) अपनाने, क्लाउड आधुनिकीकरण और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के निरंतर विस्तार जैसे कारकों से प्रेरित रही।

नौकरी मंच फाउंडइट की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट 'द फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर' (फिट) में कहा गया कि पिछले महीने भारत में आईटी नियुक्तियों में वृद्धि हुई है जो पिछले वर्षों के उतार-चढ़ाव से तेज वापसी को दर्शाता है। इसमें कहा गया, जीसीसी ने इस भर्ती वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसने वित्त वर्ष 2024-25 में प्रौद्योगिकी आधारित 1.10 लाख से अधिक पदों का सृजन किया और डेटा इंजीनियरिंग, डेवऑप्स व एंटरप्राइज आर्किटेक्चर जैसी भूमिकाओं की मांग को बढ़ाया है। फाउंडिट इनसाइट्स ट्रैकर, फाउंडिट.इन द्वारा संचालित नियुक्तियों से जुड़ी गतिविधि का एक ऑनलाइन मासिक विश्लेषण है।



- कंपनियों ने एआई व क्लाउड में की भर्ती

#### कोयंबटूर व अहमदाबाद में भर्ती वृद्धि दर्ज

इसमें कहा गया, कोयंबटूर (40 प्रतिशत), अहमदाबाद (17 प्रतिशत) और बड़ौदा (15 प्रतिशत) जैसे शहरों में ऑनलाइन व ऑफलाइन कार्य मॉडल और लागत लाभ के कारण उल्लेखनीय वार्षिक भर्ती वृद्धि दर्ज की गई। बेंगलुरु (नौ प्रतिशत), मुंबई (नौ प्रतिशत) और दिल्ली-एनसीआर (सात प्रतिशत) जैसे मेट्रो महानगर नेतृत्व तथा विशेषज्ञ भूमिकाओं के लिए भर्ती में सबसे आगे रहे।

## अंबानी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों पर गर्व है

# अंबानी, अदाणी ने सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता जताई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी ने पाकिस्तान की ओर से भारी गोलाबारी, गोलीबारी और ड्रोन हमलों का सामना कर रहे भारतीय सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता व्यक्त की है।

एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अंबानी ने बयान में कहा, '' ऑपरेशन सिंदूर के लिए हमें अपने भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है। भारत हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ एकजुट, दृढ़ निश्चयी तथा अपने उद्देश्य पर अडिग है।''

#### मोदी के नेतृत्व में सटीकता से जवाब : मुकेश

अंबानी ने कहा, " प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साहसिक व निर्णायक नेतृत्व में भारतीय सशस्त्र बलों ने सीमा पार से की गई हर उकसावे की कार्रवाई का सटीकता से जवाब दिया है। पाकिस्तान की सेना ने आठ-नौ मई की रात को ड्रोन तथा अन्य हथियारों का इस्तेमाल करते हुए पूरे पश्चिमी सीमा क्षेत्र में कई हमले किए, जिसके बाद जम्मू-कश्मीर तथा पंजाब के कई शहरों में ब्लैकआउट कर दिया गया।

### अदाणी बोले, ऐसे समय ही दुनिया भारत की ताकत देख पाती है

#### हम अटूट एकजूटता के साथ खड़े : अदाणी

अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, " ऐसे समय में ही दुनिया, भारत की असली ताकत और एकता को देख पाती है, जो उसकी एकरूपता व विविधता दोनों में समाहित है। हम अटूट एकजुटता के साथ खड़े हैं और अपने सशस्त्र बलों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं क्योंकि वे हमारी मातृभूमि तथा हमारे आदर्शों की भावना की रक्षा करते हैं। जय हिंद ।"



#### हमलों को प्रभावी ढंग से विफल किया

भारतीय सेना ने कहा कि हमलों को " प्रभावी ढंग से विफल " कर दिया गया है। इससे पहले भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए थे।

#### भारत परिपक्वता के साथ कार्रवाई कर रहा: वेदांता

खनन क्षेत्र वेदांता के दिग्गज अनिल अग्रवाल ने कहा कि वह भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं को सलाम करते हैं। मेरी दुआएं सभी के साथ हैं। अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी निर्णायकता, दृढ़ता, जिम्मेदारी और परिपक्वता के साथ कार्रवाई कर रहा है।

# मर्सिडीज दो चरणों में तीन फीसदी तक बढ़ाएगी दाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली।

लक्जरी वाहन कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया इस साल दो चरणों में अपने मॉडलों की शोरूम कीमतों में 90,000 रुपये से लेकर 12.2 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी करेगी। उतार-चढ़ाव के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए कीमतों में यह बढ़ोतरी करने जा रही है। जून और सितंबर में होने वाली मूल्य वृद्धि के बाद मर्सिडीज के सी-क्लास मॉडल की कीमत में 90,000 रुपये की वृद्धि होगी जबकि मर्सिडीज-मेबैक एस 680 मॉडल के दाम 12.2 लाख रुपये तक बढ़ जाएंगे। मर्सिडीज ने इस साल एक जून से इस मॉडल की कीमतों में लगभग एक-दो प्रतिशत और एक सितंबर से 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की योजना बनाई है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष अय्यर ने बातचीत में कहा कि दो चरण में होने वाली मूल्य वृद्धि खरीदारों पर वित्तीय प्रभाव को कम करने के लिए की जाएगी।



- मॉडलों की कीमतों में 90 हजार से 12 .2 लाख तक की बढ़ोतरी करेगी

## चिंतन

# विश्व बैंक व अमेरिका ने पाक को दिया झटका

भारत के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान को दो मोर्चे पर करारा झटका लगा है। विश्व बैंक ने पाकिस्तान को दो टूक कह दिया है कि सिंधु जल संधि पर हमारी भूमिका सुविधा प्रदाता से अधिक नहीं है। अमेरिका ने भी पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया है कि भारत व पाक के बीच जारी तनाव से अमेरिका का कुछ वास्ता नहीं है, वह युद्ध से दूर रहेगा। विश्व बैंक और अमेरिका के साफ संदेश से पाकिस्तान को समझ आ गया होगा कि वैश्विक मोर्चे पर वह कितना अलग-थलग पड़ चुका है। पहलगाम में निहत्थे निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले में लिप्त पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों व उसके साजिशकर्ताओं के खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया। इसको लेकर भारत ने स्पष्ट कहा कि भारत की कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है, लेकिन पाकिस्तान ने आतंकवादियों पर कार्रवाई करने के बजाय भारत के खिलाफ उकसावे का रास्ता चुना। पाक फौज ने पहले एलओसी पर सीजफायर का उल्लंघन किया, उसके बाद नागरिकों को निशाना बनाकर गोलीबारी की। फिर भारत के 15 सैन्य ठिकानों को निशाना बना कर हमले किए। भारत ने जहां सीमा पर मुंहतोड़ जवाब दिया, पाक के हमलों को विफल किया, वहीं पाक की सैन्य कार्रवाई के जवाब में भारतीय सेना ने इतना मारक प्रहार किया कि पाकिस्तान दहल उठा। हालांकि वह इससे भी नहीं चेता है और फिर से सीमा पार से गोलीबारी कर रहा है, जिसका भारत जवाब दे रहा है। भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को अमेरिका व चीन से उम्मीद थी कि वह मदद करेंगे, लेकिन अमेरिका ने पल्ला झाड़ लिया है और शुरुआती हमदर्दी के बाद चीन का रिस्पॉन्स भी ठंडा है। इससे पाकिस्तान समझ गया होगा कि आतंकवाद के पक्ष में उसकी लड़ाई में कोई भी साथ खड़ा नहीं होगा। आज दुनिया आतंकवाद से पीड़ित है। अमेरिका, यूरोप, एशिया सब आतंकवाद का दंश झेल रहे हैं। पाकिस्तान के कृत्य आतंकवाद के पालक-पोसक के रूप में है। ग्लोबल घोषित कई आतंकवादी व आतंकी गुट पाकिस्तान में विद्यमान हैं। अमेरिका को भी समझ आ गया है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के नाम पर उससे फंड लेने वाले पाकिस्तान ने उस फंड का दुरूपयोग आतंकवाद को पालने में किया। हालांकि अब अमेरिका ने ऐसा फंड बंद कर दिया है और मदद में भी कटौती कर दी है। विश्व बैंक से झटके की उम्मीद पाकिस्तान को नहीं रही होगी। वर्ष 1960 में सिंधु जल संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में ही हुई थी। इस संधि के बाद से सिंधु, चिनाब व झेलम नदी का करीब 80 फीसदी पानी पाकिस्तान को मिल रहा था। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। उसके बाद पाकिस्तान की उम्मीद विश्व बैंक पर टिकी थी कि वह भारत के संधि निलंबन व पानी रोकने के एक्शन को गलत बताते हुए पाकिस्तान की मदद करेगा। विश्व बैंक ने अपनी भूमिका को स्पष्ट कर पाकिस्तान को आईना दिखा दिया। ऐसे ही अमेरिका ने कहा है कि वह ऐसे युद्ध में शामिल नहीं होगा जिससे उसका ''मूलतः कोई वास्ता नहीं है''। पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई करनी ही होगी, अगर वह भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आएगा तो, भारत ऑपरेशन सिंदूर जैसे सैन्य ऑपरेशनों से आतंकवाद के खात्मे के लिए कदम उठाता रहेगा। पाकिस्तान अगर किसी भी प्रकार की सैन्य हिमाकत करेगा, तो भी भारत उसका करारा जवाब देगा। भारत की लड़ाई आतंकवाद से है, पाकिस्तान से नहीं।



विश्लेषण
विवेक शुक्ला

# बुल्ले शाह का पंजाब क्यों बना दुश्मन

सरहद पार का पंजाब भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ था। ये इस्लामिक कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। ये भारत पर लगातार हमले करते हैं। ये वही धरती है जो ऐतिहासिक रूप से सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का केंद्र रही है। इधर बुल्ले शाह और बाबा फरीद जैसे संतों की समृद्ध परंपरा रही है, जिन्होंने प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया। पर बीते तीस-चालीस सालों में सरहद पार का पंजाब बदल गया। राज मोहन गांधी ने अपनी किताब 'पंजाब : ए हिस्ट्री फ्रॉम औरंगजेब टू माउंटबेटन' में एक जगह लिखा है कि पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों में अपने को एक-दूसरे से बड़ा कट्टरपंथी साबित करने की होड़ रहती है। क्यों पंजाब बदलने लगा ?

भारतीय फौजों ने ऑपरेशन सिंदूर के पहले दिन बुधवार को पाकिस्तान के पंजाब सूबे के बहावलपुर, मुरिदके, सियालकोट और शकरगढ़ में कसकर हमला बोला। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर भी हमला बोला गया। सरहद पार का पंजाब भारत के लिए सिरदर्द बना हुआ था। ये इस्लामिक कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। ये भारत पर लगातार हमले करते हैं। ये वही धरती है जो ऐतिहासिक रूप से सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का केंद्र रही है। इधर बुल्ले शाह और बाबा फरीद जैसे संतों की समृद्ध परंपरा रही है, जिन्होंने प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया। पर बीते तीस-चालीस सालों में सरहद पार का पंजाब बदल गया। राज मोहन गांधी ने अपनी किताब 'पंजाब : ए हिस्ट्री फ्रॉम औरंगजेब टू माउंटबेटन' में एक जगह लिखा है कि पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों में अपने को एक-दूसरे से बड़ा कट्टरपंथी साबित करने की होड़ रहती है। क्यों पंजाब बदलने लगा ? दरअसल भारत के विभाजन ने पंजाब को गहरे रूप से प्रभावित किया।

पाकिस्तानी पंजाब में बड़े पैमाने पर जनसंख्या विस्थापन हुआ। पाकिस्तान के निर्माण के बाद, इस्लाम को वहां राष्ट्रीय पहचान का आधार बनाया गया, जिसने धीरे-धीरे कट्टरपंथी विचारधाराओं को पनपने का मौका दिया। पंजाब ने मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे कट्टरपंथियों को प्रभाव जमाने का अवसर दिया। आप कह सकते हैं कि 1970 और 1980 के दशक ने पंजाब को इस्लामिक कट्टरपंथ की ओर धकेला। इसकी कई ठोस वजह रहीं। सोवियत-अफगान युद्ध (1979-1989) के दौरान, पंजाब अमेरिका और सऊदी अरब द्वारा समर्थित जिहादी समूहों का गढ़ बन गया। जालंधर में पैदा हुए जनरल जिया-उल-हक की सरकार ने इस्लामीकरण को खाद-पानी दिया। उस दौर में मदरसों की संख्या में वृद्धि हुई, जिनमें से कई ने कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा दिया। पंजाब के शहरों, जैसे लाहौर, बहावलपुर और फैसलाबाद, में ये मदरसे तेजी से बढ़े। सऊदी अरब ने वहाबी विचारधारा को प्रचारित करने के लिए बड़े पैमाने पर धन दिया। इसने सूफीवाद और उदार इस्लाम की परंपराओं को नष्ट किया।

पंजाब में कई मस्जिदों और मदरसों ने इस विचारधारा को अपनाया। पाकिस्तान ने 1990 के दशक में कश्मीर में जिहादी समूहों को समर्थन दिया। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन, जो पंजाब में सक्रिय थे, ने कट्टरपंथ को और बढ़ाया। इन संगठनों ने पंजाब के युवाओं को भर्ती किया और उन्हें जिहादी विचारधारा से प्रभावित किया। ये दोनों संगठन भारत पर मुंबई, उरी, संसद, पठानकोट, पहलगाम वगैरह पर बार-बार कायराना हमले करवाते रहे।

दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे जनरल जिया-उल-हक के शासनकाल में पाकिस्तान में इस्लामीकरण की नीति ने कट्टरपंथ को संस्थागत रूप दिया। जिया ने इस्लाम को राज्य का आधार बनाया और कई कट्टरपंथी कानून लागू किए, जैसे ब्लासफेमी कानून। जिया के शासन में पंजाब में हजारों नए मदरसे खोले गए, जिनमें से कई ने देवबंदी और अहल-ए-हदीस



विचारधारा को बढ़ावा दिया। ये मदरसे गरीब और ग्रामीण युवाओं के लिए शिक्षा का एकमात्र स्त्रोत बन गए, जिससे कट्टरपंथ को बढ़ावा मिला। यही नहीं, स्कूली पाठ्यक्रम में जिहाद और शहादत को महिमामंडित किया गया। इससे नई पीढ़ी में कट्टरपंथी विचारों का प्रसार हुआ। एक बात माननी होगी कि पंजाब में कट्टरपंथ के बढ़ने में सामाजिक-आर्थिक कारकों का भी योगदान रहा। पंजाब के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में गरीबी और बेरोजगारी ने युवाओं को कट्टरपंथी संगठनों की ओर आकर्षित किया। ये संगठन न केवल आर्थिक मदद देते थे, बल्कि एक उद्देश्य और पहचान भी प्रदान करते थे। सरकारी स्कूलों की खराब स्थिति और निजी शिक्षा की महंगाई ने गरीब परिवारों को अपने बच्चों को मदरसों में भेजने के लिए मजबूर किया।

इन मदरसों में अक्सर कट्टरपंथी शिक्षा दी जाती थी। इन तमाम वजहों के चलते सूफीवाद, जो कभी पंजाब की आत्मा था, धीरे-धीरे कमजोर पड़ गया। कट्टरपंथियों ने सूफी परंपराओं जैसे दरगाहों पर चढ़ावा और कव्वाली, को 'गैर-इस्लामी' करार दिया। इससे पाकिस्तान की सरकारों ने सूफीवाद को बढ़ावा देने के बजाय कट्टरपंथी संगठनों को समर्थन दिया, क्योंकि ये संगठन भू-राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उपयोगी थे। जाहिर है कि इन तमाम वजहों के चलते पंजाब में लश्कर-ए-तैयबा जैसा संगठन उभरा। इसी के मुरिदके में स्थित दफ्तर पर भारत ने हमला किया। ये कश्मीर और भारत के खिलाफ जिहादी गतिविधियों के लिए जाना जाता है। इसी तरह से जैश-ए-मोहम्मद स्थापित हो गया।

इसके बहावलपुर में स्थित दफ्तर को भी भारत ने तबाह कर दिया। इसी तरह से पंजाब में सिपाह-ए-सहाबा नाम का संगठन है। यह सुन्नी कट्टरपंथी संगठन शिया विरोधी हिंसा के लिए जाना जाता है और पंजाब के कई हिस्सों में सक्रिय है। इन संगठनों ने पंजाब के सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित किया और धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ाया। आज, पंजाब को कट्टरपंथ ने तबाह कर दिया है। महत्वपूर्ण है कि पंजाब में बुल्ले शाह (1680-1757), दाता गंज बख्श, और बाबा फरीद जैसे सूफी संतों ने इस्लाम को एक उदार और समावेशी रूप में फैलाया था। उनकी शिक्षाएं हिंदू, सिख और मुस्लिम समुदायों के बीच सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देती थीं। दुर्भाग्यवश कठमुल्लों के साथ-साथ सरहद पार जनरल अयूब खान से लेकर जनरल आसिफ मुनीर तक सभी के सभी घोर भारत विरोधी फौज के जनरल रहे हैं। पाकिस्तान की सेना में पंजाबियों का वर्चस्व साफ है। उसमें 80 फीसद से ज्यादा पंजाबी हैं। ये भारत से नफरत करते हैं। पाकिस्तान का पंजाब इस्लामिक कट्टरपन की प्रयोगशाला बन चुका है।

पंजाब के अलावा पाकिस्तान के बाकी भागों में भारत विरोधी माहौल इतना मुखर नहीं है। पाकिस्तानी सेना ने साल 1969-71 में अपने ही मुल्क के बंगाली भाषी लोगों पर जुल्म ढहाना शुरू किया। इस कार्रवाई को पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सर्च लाइट का नाम दिया। यह जुल्म ऐसा-वैसा नहीं था। लाखों लोगों की बेरहमी से हत्या, हजारों युवतियों से सरेआम बलात्कार, तरह-तरह की अमानवीय यातनाएं दी गई। पाकिस्तानी सेना के दमन में मारे जाने वालों की तादाद 30 लाख थी। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी फौजी दरिंदों ने दो लाख महिलाओं से बलात्कार किया था। कुल मिलाकर बात ये है कि भारत ने उस पंजाब के कठमुल्लों पर कड़ा हमला बोलकर एक बहुत नेक काम ही किया है। आखिर धैर्य की भी एक सीमा है। भारत ने हमेशा धैर्य का परिचय दिया है, लेकिन पाकिस्तान ने इसे कभी समझा ही नहीं है। पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देना जरूरी है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## युद्ध के आयाम
हरिओम कोचर



# इनफार्मेशन वॉरफेयर : बंदूकें चुप होती हैं, नैरेटिव बोलते हैं

ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया, लेकिन इसके बाद छेड़ा गया इंफॉर्मेशन वॉरफेयर यह दिखाता है कि आधुनिक युद्ध के आयाम बदल गए हैं। यह युद्ध अब केवल हथियारों से नहीं, बल्कि सूचनाओं, विचारों, और नैरेटिव्स से लड़ा जा रहा है। एक तरफ देश को आतंकवाद जैसी प्रत्यक्ष और भौतिक खतरों से जूझना पड़ता है, तो दूसरी ओर उसे डिजिटल माध्यमों और मनोवैज्ञानिक रणनीतियों के माध्यम से चलाए जा रहे नैरेटिव्स का भी सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में प्रतिष्ठित और भरोसेमंद माने जाने वाले मीडिया संस्थान तथ्यात्मक चूक कर बैठते हैं, तो यह नैरेटिव्स का युद्ध और अधिक पेचीदा हो जाता है। यह घटनाक्रम भारत के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि आधुनिक युद्ध की परिभाषा अब पारंपरिक सीमाओं से कहीं आगे निकल चुकी है। आज लड़ाई मैदान में नहीं, बल्कि सूचनाओं, विचारधाराओं और जनमत के निर्माण में भी लड़ी जाती है। इसलिए, यह आवश्यक हो गया है कि भारत को न केवल सैन्य रूप से बल्कि सूचना और संचार के स्तर पर भी रणनीतिक रूप से सशक्त और सतर्क रहना होगा।

ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक नीति को उजागर किया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि देश अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। परंतु इस सैन्य कार्रवाई के बाद जिस प्रकार से सूचना युद्ध छेड़ा गया, उसने यह दर्शा दिया कि आधुनिक युद्ध केवल गोलियों और बमों तक सीमित नहीं रह गया है। आज युद्ध का एक और भी महत्वपूर्ण आयाम है, सूचनाओं, विचारधाराओं और देश विरोधी नैरेटिव्स का युद्ध। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, न्यूज़ चैनल, और डिजिटल मीडिया ऐसे घातक हथियार बन गए हैं जिनके माध्यम से देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। दुश्मन ताकतें झूठी खबरें, विकृत वीडियो, और गलत प्रचार के माध्यम से भ्रम फैलाने और देश के भीतर अस्थिरता उत्पन्न करने का प्रयास करती हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि भारत न केवल सैन्य रूप से बल्कि सूचना युद्ध के मोर्चे पर भी सजग और सशक्त रहे। भारत के जागरूक नागरिक, सटीक सूचना तंत्र और मज़बूत नैरेटिव ही इस नए युद्ध क्षेत्र में जीत सुनिश्चित कर सकते हैं, इसलिए भारत के प्रत्येक नागरिक को सोशल मीडिया के माध्यम से मिली भ्रामक सूचनाओं से सजग रहना होगा। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य विजय नहीं, बल्कि एक रणनीतिक चेतावनी भी है कि अब युद्ध कई स्तरों पर लड़ा जाएगा। भारत के खिलाफ छेड़े गए इंफॉर्मेशन वारफेयर में केवल विदेशी प्रचार तंत्रों की ही भूमिका नहीं रही, बल्कि दुर्भाग्यवश देश के कुछ मीडिया संस्थानों की लापरवाही ने भी इसमें ईंधन का काम किया है। पाकिस्तानी और चीनी प्रचार तंत्र लंबे समय से भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल करने के प्रयास में लगे हुए हैं, परंतु जब ऐसे प्रयासों को भारतीय मीडिया की गलत रिपोर्टिंग से बल मिलता है, तो स्थिति और गंभीर हो जाती है। इससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के विरोधियों चाइना डेली और ग्लोबल टाइम्स जैसे राज्य-नियंत्रित मीडिया संगठनों को भारत के खिलाफ नैरेटिव गढ़ने का अवसर मिलता है। इस समय प्रतीत होता है कि ऐसे संगठनों की मीडिया नीति किसी दुश्मन की बंदूक से कम नहीं है, अतः जहां बंदूकें चुप होती हैं, वहां ऐसे संस्थानों द्वारा गढ़े गए नैरेटिव बोलते हैं। इस प्रकार की लापरवाही केवल पत्रकारिता की नैतिकता का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक हितों के लिए भी खतरा बन जाती है। इसलिए आवश्यक है कि मीडिया संस्थान व आम नागरिक सोशल मीडिया पर राष्ट्र के लिए अधिक जिम्मेदार भूमिका निभाएं और ऐसी संवेदनशील परिस्थितियों में तथ्य-जांच और संतुलन को प्राथमिकता दें। भारत ने इस सूचना युद्ध की चुनौती का दृढ़ता और संकल्प के साथ सामना किया है। सरकार, सशस्त्र बलों, और स्वतंत्र फैक्ट-चेकिंग संस्थाओं ने सक्रिय होकर गलत सूचनाओं का पर्दाफाश किया और वास्तविक तथ्यों को भारत सरकार की प्रेस इनफार्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) के माध्यम से जनता के सामने प्रस्तुत किया है। इस चुनौती का सामना करने के लिए केवल नीतियों और संस्थाओं पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं, बल्कि नागरिकों की जागरुकता, मीडिया की जिम्मेदारी और उन्नत तकनीकी उपायों का उपयोग भी आवश्यक है। यदि भारत सत्य, विवेक, और सामूहिक एकजुटता के साथ आगे बढ़ता है, तो इस संघर्ष में विजयी होना संभव है।

(लेखक रिसर्च फैलो, कश्मीर अध्ययन केंद्र, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि, भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

# क्या आपकी दुकान में ईश्वर मिलेंगे?



संकलित
प्रेरणा

आठ साल का एक बच्चा एक रुपए का सिक्का मुट्ठी में लेकर एक दुकान पर जाकर कहाः क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे?दुकानदार ने यह बात सुनकर सिक्का नीचे फेंक दिया और बच्चे को निकाल दिया। बच्चा पास की दुकान में जाकर 1 रुपए का सिक्का लेकर चुपचाप खड़ा रहा! लेकिन, उस अबोध बालक ने हार नहीं मानी। एक दुकान से दूसरी दुकान, दूसरी से तीसरी, ऐसा करते करते कुल चालीस दुकानों के चक्कर काटने के बाद एक बूढ़े दुकानदार के पास पहुंचा। उस बूढ़े दुकानदार ने पूछाः तुम ईश्वर को क्यों खरीदना चाहते हो? क्या करोगे ईश्वर लेकर? बच्चे ने बड़े उत्साह से उत्तर दियाः इस दुनिया में मां के अलावा मेरा और कोई नहीं है। मेरी मां दिनभर काम करके मेरे लिए खाना लाती है। मेरी मां अब अस्पताल में हैं। अगर मेरी मां मर गई तो मुझे कौन खिलाएगा? डाक्टर ने कहा है कि अब सिर्फ ईश्वर ही तुम्हारी मां को बचा सकते हैं। क्या आपके दुकान में ईश्वर मिलेंगे? दुकानदारः हां, मिलेंगे! कितने पैसे हैं तुम्हारे पास? बच्चाः सिर्फ एक रुपए। बच्चे की मां का ऑप्रेशन हुआ। और बहुत जल्द ही वह स्वस्थ हो उठीं। डिस्चार्ज के कागज़ पर अस्पताल का बिल देखकर उस महिला के होश उड़ गए। डॉक्टर ने उन्हें आश्वासन देकर कहाः टेंशन की कोई बात नहीं है। एक वृद्ध सज्जन ने आपके सारे बिल चुका दिए हैं। साथ में एक चिट्ठी भी दी है। महिला चिट्ठी खोलकर पढ़ने लगी, उसमें लिखा था, मुझे धन्यवाद देने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपको तो स्वयं ईश्वर ने ही बचाया है.. मैं तो सिर्फ एक ज़रिया हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़क दुर्घटनाओं के घायलों के लिए अच्छी योजना

केंद्र सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की जान बचाने के लिए अर्थात उनका इलाज करने के लिए कैशलैस ट्रीटमेंट योजना को हरी झंडी दे दी है। यह योजना 5 मई 2025 से शुरू हो गई है और इसके तहत लगभग 1.5 लाख कैशलैस इलाज की व्यवस्था होगी। सरकार ने इस योजना के तहत बहुत से अस्पतालों के साथ सहमति बनाई होगी। सरकार को इस योजना के साथ ज्यादा से ज्यादा अस्पतालों को शामिल करना चाहिए और आमजन को भी चाहिए कि इन अस्पतालों की सूची अपने वाहन में जरूर रखें और इन अस्पतालों की सूची बारे ज्ञान रखें। – **प्रतीक जोशी**, रायगढ़

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन




गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। उन्हें भारत की साहित्यिक व सांस्कृतिक आत्मा को स्वरूप देने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने अपने कार्यों के जरिये मानवतावाद पर जोर दिया और लोगों में राष्ट्रवाद की भावना जगाई।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### स्वाधीनता से सौदा नहीं




मेवाड़ मुकुट महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन। वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति कर्तव्यबोध के पर्याय, वीर शिरोमणि, महाराणा प्रताप ने हमें सिखाया कि मातृभूमि की स्वाधीनता से कोई सौदा नहीं किया जाता।
**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### करदाताओं की ताकत



राफेल जेट और एस-400 सिस्टम यूं ही नहीं बन जाते, वे हमारे करदाताओं की ताकत से बनते हैं। यही कारण है कि जीएसटी कभी भी "गब्बर सिंह टैक्स" नहीं था। यह टैक्स भारत को एकजुट करता है और इसकी सुरक्षा, विकास और लचीलेपन को वित्तपोषित करता है।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### ब्रांड एंबेसडर बनने पर गर्व



महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा सम्मानित किए जाने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा महाराष्ट्र साइबर अपराध विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनने पर गर्व है।
**-अमिषा पटेल, अभिनेत्री**

## करंट अफेयर

# ...जब न्यायालय ने कर्नल सोफिया की तारीफ की थी



उच्चतम न्यायालय ने 2020 में भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (पीसी) देने के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी की उपलब्धियों को सराहा था, जो बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर मीडिया को जानकारी देने वाली दो महिला अधिकारियों में शामिल थीं। उच्चतम न्यायालय ने 17 फरवरी, 2020 को अपने फैसले में कहा था कि सेना में 'स्टाफ असाइनमेंट' को छोड़कर सभी पदों से महिलाओं को पूरी तरह से बाहर रखे जाने का समर्थन नहीं किया जा सकता और बिना किसी औचित्य के कमांड नियुक्तियों के लिए उन पर पूरी तरह से विचार नहीं किया जाना कानून सम्मत नहीं हो सकता। सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (पीसी) की अनुमति देने वाली शीर्ष अदालत ने कहा था कि महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) अधिकारियों को स्टाफ नियुक्तियों के अलावा बाकी कुछ भी हासिल करने पर पूर्ण प्रतिबंध (कोई अन्य जिम्मेदारी हासिल करने से रोकना) लगाना स्पष्ट रूप से सेना में करियर में उन्नति के साधन के रूप में स्थायी कमीशन दिए जाने के उद्देश्य को पूरा नहीं करता है। शीर्ष अदालत ने महिला अधिकारियों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों का भी उल्लेख किया और कर्नल कुरैशी की उपलब्धियों का उदाहरण दिया।

## ऑफ बीट

# वजन प्रबंधन: फाइबर शरीर का प्राकृतिक मार्गदर्शक



फाइबर स्वस्थ वजन प्रबंधन की कुंजी हो सकता है – और जब आप इसे संपूर्ण खाद्य पदार्थों के रूप में खाते हैं तो प्रकृति इसे कार्ब्स के साथ पूरी तरह से संतुलित अनुपात में रखती है। असंसाधित फल, सब्जियाँ, साबुत अनाज, फलियाँ, मेवे और बीज की बात करें। शोध से पता चलता है कि कार्बोहाइड्रेट को कुल कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के प्रकृति-संतुलित अनुपात में पैक किया जाता है। वास्तव में, कुछ प्रकार के फाइबर प्रभावित करते हैं कि आपका शरीर कार्बोहाइड्रेट को पूरी तरह से कैसे अवशोषित करता है और आपकी कोशिकाओं को बताता है कि अवशोषित होने के बाद उन्हें कैसे संसाधित करना है। फाइबर आपकी आंत में शर्करा के अवशोषण को धीमा कर देता है। यह मौलिक जीव विज्ञान को भी व्यवस्थित करता है, जिसमें हाल ही में वेगोवी और ओज़ेम्पिक जैसी ब्लॉकबस्टर वजन घटाने वाली दवाएं काम में आती हैं, लेकिन प्राकृतिक तरीके से। आपका माइक्रोबायोम फाइबर को संकेतों में परिवर्तित करता है जो आंत हार्मोन को उत्तेजित करता है जो इन दवाओं के प्राकृतिक रूप हैं। ये बदले में नियंत्रित करते हैं कि आपका पेट कितनी तेजी से खाली होता है, आपके रक्त शर्करा के स्तर को कितनी मजबूती से नियंत्रित किया जाता है और यहां तक कि आपको कितनी भूख लगती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# पाकिस्तानी झंडा फेंका, बलूचिस्तानी झंडा फहराया, 194वां देश बनेगा बलूचिस्तान किया दावा, यूएन में मान्यता के लिए लिखा पत्र, दिल्ली में जल्द बनाएंगे दूतावास!






**टुकड़ों में बंटा पाकिस्तान! बलोच लोगों ने भरी आजादी की हुंकार**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह क्षत-विक्षत हो चुका है। भारतीय सेना पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे हर दुस्साहसिक हमले को नाकाम कर रही है। इसी बीच पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका लगा है। बलूचिस्तान के लोगों ने पाकिस्तानी झंडे को उतार कर फेंक दिया है। पाकिस्तान के कब्जे से लंबे समय से स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ रहे बलोच लोगों को अब ऐतिहासिक सफलता मिली है। बलोच जनता ने अपने क्षेत्र में पाकिस्तानी झंडे उतारने शुरू कर दिए हैं और उनकी जगह बलूचिस्तान के राष्ट्रीय झंडे गर्व से फहराए जा रहे हैं। पाकिस्तान ने जिस बलूचिस्तान को दशकों से दमन और अत्याचार में रखा गया, वहीं से अब आजादी की सबसे बुलंद आवाज उठ रही है। बलोच लोग अब अपने अधिकारों के लिए खड़े हो गए हैं और पाकिस्तान की एकता को खुली चुनौती दे रहे हैं। वहीं लंबे समय से पाकिस्तानी सेना के अत्याचार को सहने वाले बलूचिस्तान के लोगों के लिए ये समय सुकून देने वाला है। लोगों को जल्द ही पाकिस्तान से मुक्ति मिलने वाली है। इसी को लेकर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। देश के कई हिस्सों में लोग बलूचिस्तान का झंडा फहराकर जश्न मना रहे हैं।

## बलूच अपनी संस्कृति को बचाना चाह रहे



*बलूचिस्तान को लेकर पाकिस्तान के सामने मौजूदा मुद्दा सिर्फ आजादी का है और बलूच अपनी संस्कृति को पाकिस्तान से बचाना चाहते हैं। 1948 से चले आ रहे इस विद्रोह ने अब और तेजी पकड़ ली है। हाल ही में सैन्य संघर्ष के बाद बलूचिस्तान के नेता और लेखक मीर यार बलोच ने, बलूचिस्तान की आजादी का दावा किया है। उन्होंने कहा कि गैर बलूच कर्मचारी तत्काल बलूचिस्तान छोड़ दें। साथ ही वहां के ज्यादातर सरकारी दफ्तरों से पाकिस्तान का झंडा हटाकर, आजाद बलूचिस्तान का झंडा भी लगा दिया गया है। मीर यार बलोच ने यूनाइटेड नेशन्स से भी बलूचिस्तान में शांति सेना भेजते हुए उनके देश को लोकतांत्रिक गणराज्य की स्वतंत्र मान्यता देने का लिखित अनुरोध किया है। इसके अलावा भारत से कहा है कि, वह बलूचिस्तान के आधिकारिक कार्यालय और दिल्ली में दूतावास की इजाजत दे। मीर यार जल्दी स्वतंत्रता की परेड कराने और उसमें अपने मित्र देशों को बुलाने का दावा भी कर रहे हैं। अब देखना होगा कि यूएन कब उन्हें मान्यता देता है और दिल्ली में बलूचिस्तान की एंबेसी कहां खुलती है।*

## जय भारत और जय बलूचिस्तान का नारा गूंजा



मीर यार लगातार भारत के समर्थन में पोस्ट कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि, प्रिय 140 करोड़ भारतीय भाइयों और बहनों, हम दो महान सभ्यताएं हैं। हम आपके साथ अपनी रोटी बांटते हैं, अपने सुख-दुख साझा करते हैं, और जब हम दोनों पर हमला होता है, तो आइए अपनी गोलियाँ भी साझा करें - ताकि हम मिलकर भारत माता और मातृभूमि बलूचिस्तान की रक्षा कर सकें। हमारी गोलियां हिंगलाज माता मंदिर की रक्षा करेंगी। हमारी गोलियां हमारे हिंदू भाइयों-बहनों को जबरन धर्मांतरण से बचाएंगी। हमारी गोलियां शांति लाएंगी और यही गोलियां आपकी विजय का मार्ग बनाएंगी। जय भारत! जय बलूचिस्तान!

### मदद के नाम पर जिन्ना का धोखा

1946 में, जब ब्रिटेन से आजादी की संभावना दिख रही थी, तो कलात के खान ने कलात की आजादी की वकालत करने के लिए मोहम्मद अली जिन्ना को अपना वकील नियुक्त किया था। इसके बाद, 1947 में दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक में लॉर्ड माउंटबेटन, जवाहरलाल नेहरू, मोहम्मद अली जिन्ना के साथ कलात के खान शामिल थे। इस बैठक में यह तय किया गया कि कलात एक स्वतंत्र देश रहेगा। लेकिन जिन्ना ने खारन, लास-बेला और मकरान को कलात के साथ मिलाकर एकीकृत बलूचिस्तान बनाने का प्रस्ताव रखा। इसमें जिन्ना ने तमाम प्रलोभन इन चारों रियासतों को दिए, बावजूद इसके बात नहीं बनी। 11 अगस्त 1947 को कलात और मुस्लिम लीग के बीच हुए समझौते में कहा गया कि बलूचिस्तान, भारत और पाकिस्तान के साथ आजाद होगा। लेकिन कलात के खान ने तीन दिन पहले 12 अगस्त को आजादी की घोषणा कर दी। हालांकि, सितंबर 1947 में, अंग्रेजों ने दावा किया, कि कलात स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर सकता।

**पाक के लिए अफगानिस्तान का धमाकेदार जवाब**

## हम उसको छोड़ेंगे नहीं, भारत से हमें बहुत प्यार



अफगानिस्तान ने भारत के लिए प्यार और पाकिस्तान के लिए गुस्सा दोनों खुलकर दिखा दिए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में अफगान नागरिक एक भारतीय पर्यटक से बातचीत में भारत को 'पुराना दोस्त' बताते हैं और पाकिस्तानियों को 'छोड़ेंगे नहीं' कहकर चेतावनी दे देते हैं। वीडियो में एक अफगान नागरिक कहता है, कि हम अपने पड़ोसी (पाकिस्तान) को अंदर नहीं आने देंगे, लेकिन भारत से हमें बहुत प्यार है। भारतीय लोग हमारे पुराने दोस्त हैं। हमारे देश में उनका हमेशा स्वागत है। एक दूसरे अफगानी युवक ने बेझिझक कहा कि अगर कोई पाकिस्तानी यहां दिखा, तो हम उसको लात मारेंगे। हम उसको छोड़ेंगे नहीं! इस बयान के बाद दोनों युवक भारत के साथ अपने लंबे और मजबूत रिश्ते की बात भी करते हैं।

### अमेरिका सहित कई देशों के समकक्षों से विदेश मंत्री जयशंकर ने की बात, कहा

**जयशंकर ने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से फोन पर बात की**

# पाकिस्तान की किसी भी तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाई पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया होगी


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी सैन्य संघर्ष के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से फोन पर बात की और उनसे कहा कि आतंकवाद के खिलाफ 'कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति' होनी चाहिए। जयशंकर-लैमी की बातचीत नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनातनी कम करने की भारत के रणनीतिक साझेदारों की कोशिशों की पृष्ठभूमि में हुई। जयशंकर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि हमारी चर्चा आतंकवाद का मुकाबला करने पर केंद्रित थी, जिसके खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने वाली नीति होनी चाहिए।

विदेश मंत्री ने इससे पहले गुरुवार को अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो, इटली के उप प्रधानमंत्री एंटोनियो तजानी और यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश एवं सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि काजा कलास से फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के किसी भी उकसावे वाले प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला करने के भारत के संकल्प पर जोर दिया। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की लक्षित और संतुलित प्रतिक्रिया को रेखांकित किया। तनाव बढ़ाने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से मुकाबला किया जाएगा।

### दोनों पक्ष संयम बरतें: ईयू



यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश एवं सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि काजा कलास के साथ फोन पर हुई बातचीत को लेकर जयशंकर ने कहा कि ईयू की विदेश और सुरक्षा नीति मामलों की उच्च प्रतिनिधि के साथ वर्तमान घटनाक्रमों पर चर्चा की। भारत ने नपी-तुली कार्रवाई की है। बहरहाल, स्थिति बिगाड़ने वाली किसी भी हरकत के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया दी जाएगी। यूरोपीय संघ ने कहा कि वह क्षेत्र में बढ़ते तनाव और अधिक लोगों की जान जाने की आशंका सहित अन्य परिणामों पर बारीकी से और बड़ी चिंता के साथ नजर बनाए हुए है। उसने कहा कि ईयू दोनों पक्षों से संयम बरतने, तनाव कम करने और नागरिकों के जीवन की रक्षा के लिए हमलों से बचने का आह्वान करता है।

**पाक को लगा झटका, विश्व बैंक के प्रमुख बंगा बोले**

## सिंधु जल संधि पर हमारी भूमिका सुविधा-प्रदाता से अधिक नहीं



विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा है कि बहुपक्षीय एजेंसी की भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि में सुविधा प्रदान करने के अतिरिक्त कोई भूमिका नहीं है। बता दें, भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की हत्या के बाद दशकों पुरानी सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि हमारी भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है। मीडिया में इस बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रही हैं कि विश्व बैंक किस तरह से इस समस्या को हल करेगा, लेकिन यह सब बेबुनियाद है। विश्व बैंक की भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है। विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई सिंधु जल संधि के तहत 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के बंटवारे एवं इस्तेमाल को नियंत्रित किया गया है।

### तुर्किये-अजरबैजान के लिए हवाई टिकट की बुकिंग बंद



भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर यात्रा के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग प्लेटफार्म ने तुर्किये और अजरबैजान के बीच हवाई टिकटों की बुकिंग बंद कर दी गई है। इसके साथ ही यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। यात्रियों को तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा न करने की सलाह दी गई है। दोनों देश पाकिस्तान का समर्थन कर रहे हैं।

**भारत-पाक तनाव पर यूएस उपराष्ट्रपति बोले**

# अमेरिका युद्ध से दूर रहेगा चाहता हूं कि कोई बड़ा संघर्ष न हो

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने कहा है कि वह ऐसे युद्ध में शामिल नहीं होगा जिससे उसका 'मूलतः कोई वास्ता नहीं है'। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने गुरुवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान को अमेरिका नियंत्रित नहीं कर सकता लेकिन वह परमाणु-शक्ति संपन्न दोनों पड़ोसियों से तनाव कम करने की अपील कर सकता है।

वेंस ने कहा कि हम इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कहीं परमाणु शक्तियां आपस में टकरा न जाएं और कोई बड़ा संघर्ष न हो जाए। वाशिंगटन चाहता है कि तनाव जल्द से जल्द 'कम हो'। उन्होंने कहा कि हम इन देशों को नियंत्रित नहीं कर सकते। भारत को पाकिस्तान से कुछ शिकायतें हैं। पाकिस्तान ने भारत को जवाब दिया है। हम इन लोगों से अपील कर सकते हैं कि वे तनाव को कुछ कम करने की कोशिश करें लेकिन हम युद्ध के बीच में नहीं पड़ेंगे। इससे हमारा मूलतः कोई लेना देना नहीं है।'



### कूटनीतिक और शांत दिमाग से काम करें

*वेंस ने कहा कि अमेरिका दोनों देशों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकता। इसलिए हम कूटनीतिक माध्यमों से इस मामले को आगे बढ़ाते रहेंगे। हम कामना करते हैं कि यह किसी व्यापक क्षेत्रीय युद्ध या किसी परमाणु संघर्ष में न बदले, लेकिन हम इन चीजों को लेकर निश्चित रूप से चिंतित हैं। वेंस ने कहा कि मुझे लगता है कि यहां कूटनीति और शांत दिमाग से काम करना होगा, ताकि यह सुनिश्चित हो कि यह परमाणु युद्ध न बन जाए। अगर ऐसा हुआ तो यह निश्चित रूप से विनाशकारी होगा। अभी हमें नहीं लगता कि ऐसा होने वाला है। बता दें, वेंस, उनकी पत्नी उषा वेंस और उनके तीन बच्चे जब भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर थे तभी 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी।*

**आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समर्थन के लिए जताया आभार**

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की मुलाकात

एजेंसी ▶▶

द्वितीय विश्व युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ पर रूस में आयोजित समारोह में भारत की ओर से भाग ले रहे रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मॉस्कों में मुलाकात की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही लड़ाई में रूस के समर्थन के लिए आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि अपनी रूस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। 80वें विजय दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित भोज में भारत का प्रतिनिधित्व किया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में रूस के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।



### रूसी उप रक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए

*रक्षा राज्य मंत्री सेठ, गुरुवार को रूस की राजधानी मास्को पहुंचे थे। भारत के राजदूत विनय कुमार और रूस रक्षा मंत्रालय के मेजर जनरल ओलेग मोलेसेव ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह रूसी उप रक्षा मंत्री कर्नल जनरल अलेक्जेंडर फोमिन के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए। मंत्री सेठ ने बताया कि इस बैठक में बहुआयामी सैन्य और सैन्य-तकनीकी सहयोग पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमने मौजूदा संस्थागत तंत्र के ढांचे के भीतर इन संबंधों को और गहरा करने पर सहमति जताई। भारत और रूस भविष्य में भी नियमित परामर्श जारी रखेंगे और बदलती स्थिति में आपसी सहयोग बढ़ाएंगे। इसके पहले संजय सेठ द्वितीय विश्व युद्ध के बलिदानी सैनिकों की समाधि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भी शामिल हुए।*

### युद्ध के हालातों पर बोले मौलाना महमूद मदनी

# पूरा देश, सभी धर्म और मुसलमान भारतीय सेना के साथ, सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की हुई सैन्य कार्रवाई पर बड़ा बयान दिया है। मौलाना मदनी ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के मुद्दे पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान की ओर से कोई युद्ध थोपने की कोशिश की जाती है, तो हम स्पष्ट और दो टूक शब्दों में यह ऐलान करते हैं कि पूरा देश, सभी धर्मों के लोग और विशेष रूप से मुसलमान, अपनी सेना के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं।



### भारत हमारा वतन

मदनी ने कहा कि भारत हमारा वतन है। इसकी रक्षा करना हमारी राष्ट्रीय और संवैधानिक जिम्मेदारी है। हमने हमेशा देशभक्ति, शांति और एकता का संदेश दिया है और आज जब हमारी सीमाओं पर खतरा मंडरा रहा है, तो हम अपनी सेनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने की घोषणा करते हैं।

### नया भारत घर में घुसकर मारता है: मंत्री शेखावत



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत अब नापाक पाकिस्तान की ऐसी किसी भी हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगा और आतंकवादियों व उनके आकाओं को कठोरतम दंड दिया जाएगा। यह नया भारत है, जो सक्षम और समर्थ है जो आतंकियों के घर में घुसकर मारता है।

### कोर्ट में पेश किया गया आरोपी राणा

# 6 जून तक बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत एनआईए स्लीपर सेल के बारे में पूछ रही

26/11 मुंबई हमलों के कथित मास्टरमाइंड और आरोपी तहव्वुर राणा को शुक्रवार नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 6 जून 2025 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। राणा को हाल ही में अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया था।

कोर्ट ने अपने आदेश में एनआईए को निर्देश दिया कि राणा की हर 24 घंटे में मेडिकल जांच की जाए और उसे हर दूसरे दिन अपने वकील से मिलने की अनुमति दी जाए। राणा को एनआईए मुख्यालय के हाई-सिक्योरिटी सेल में रखा गया है, जहां 24 घंटे सीसीटीवी और सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में है।



एनआईए की पूछताछ में राणा से उसके पाकिस्तानी हैंडलर, फंडिंग के स्रोत, और संभावित स्लीपर सेल नेटवर्क के बारे में सवाल पूछे जा रहे हैं। जांच एजेंसी को शक है कि राणा का पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी गहरा संबंध था।

**सीएम उमर अब्दुल्ला पहुंचे जम्मू**

# पीड़ितों से की मुलाकात, इलाज और सहायता का दिया आश्वासन

गुरुवार रात जम्मू शहर और संभाग के अन्य हिस्सों में पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा किए गए असफल हमलों के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए सीएम उमर अब्दुल्ला जम्मू पहुंचे। सीएम सीमा पार से हुई गोलीबारी में घायल हुए नागरिकों से मिले। उन्होंने जीएमसी जम्मू में पीड़ितों और अस्पताल के कर्मचारियों से बातचीत की और उन्हें उनके इलाज और ठीक होने के लिए पूरी सरकारी सहायता का आश्वासन दिया।



### सेना किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार

*जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को उरी सेक्टर में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित गांवों का दौरा करने के बाद कहा कि सैनिकों का मनोबल ऊंचा है और भारतीय सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मैं सीमावर्ती इलाकों के उन गांवों में गया, जहां नुकसान हुआ है। घायलों और मृतकों के परिवारों को अनुग्रह राशि दी गई है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।*

### 'आकाश' ने किया पाक ड्रोन के हमलों को नाकाम

# डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने बनाई मिसाइल

देश में ही तैयार 'आकाश' सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली ने गुरुवार को भारतीय शहरों को निशाना बनाकर किए गए पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को नकाम करने में अहम भूमिका निभाई है। 8 मई और 9 मई की दरम्यानी रात भारतीय सेना ने पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से किए गए कई ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम किया और उनका जवाब दिया। भारतीय सेना और वायुसेना दोनों ने पाकिस्तान सीमा पर मिसाइल प्रणाली तैनात की है। आकाश को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तैयार किया। इसे डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की ओर से निर्मित मिसाइलों द्वारा विकसित किया गया है।



## 18,000 मीटर की ऊंचाई, 45 किमी दूरी तक निशाना

आकाश बैटरी मिसाइल प्रणाली 18,000 मीटर की ऊंचाई पर 45 किलोमीटर दूर तक के विमानों को निशाना बना सकती है। इसमें लड़ाकू जेट, क्रूज मिसाइल और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है। इसे एलओसी या अन्य सीमा पर ट्रक या टैंक जैसे वाहनों के जरिए लेकर जाया जा सकता है। इसका एडवांस वर्जन आकाश-एनजी 70 से 80 किमी तक मार कर सकता है। इसकी रफ्तार लगभग 2,500 किमी/घंटा है। यह 150 किमी दूर तक 64 लक्ष्यों को देख सकता है। यह एक साथ 12 मिसाइलों को दाग सकता है। मिसाइल में स्मार्ट गाइडेंस सिस्टम है, जिससे आखिरी पल में भी लक्ष्य को लॉक करने में मदद मिलती है।

### एक बैटरी 64 लक्ष्यों को ट्रैक 12 पर कर सकती है हमला

आकाश में एक राजेंद्र 3डी पैसिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रडार और चार लॉन्चर होते हैं। इनमें से प्रत्येक में तीन मिसाइलें होती हैं। यह सभी आपस में जुड़ी होती हैं। प्रत्येक बैटरी 64 लक्ष्यों को ट्रैक कर सकती है और उनमें से 12 पर हमला कर सकती है।

# जम्मू-राजस्थान वाली ट्रेनों के बदले रूट-टाइम

उत्तर-पश्चिम रेलवे ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। सुरक्षा के लिहाज से कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, कई ट्रेनों को री-शेड्यूल और कई के रूट्स डाइवर्ट किए गए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकिरण ने जानकारी दी कि कुछ ट्रेन सेवाओं में आंशिक रद्दीकरण, पुनर्निर्धारण और मार्ग में देरी जैसी बाधाएं सामने आ रही हैं। रेलवे ने यात्रियों से अपने यात्रा कार्यक्रमों की जांच करने की अपील की है, ताकि उन्हें असुविधा न हो। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्री अपनी यात्रा से पहले नई जानकारी जरूर चेक करें और जरूरत पड़ने पर कोई विकल्प भी तैयार रखें। इस स्थिति के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए रेलवे ने खेद जताया है और समुचित व्यवस्था करने का वादा किया है।

# श्रीकृष्ण की नटखट लीलाओं ने मोहा मन

## भागवत महापुराण में माखन चोरी, मटकी फोड़ व गोवर्धन पूजा का आयोजन



**जबलपुर।** पंजाब बैंक कालोनी में चल रही भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के मंचन ने सभी भक्तों का मन मोह लिया। कन्हैया ने ग्वाल बालों के साथ माखन चोरी तथा मटकी फोड़ने की लीला की और भक्तों को माखन का प्रसाद अपने हाथों से वितरित किया। श्री कृष्ण भगवान ने अपने हाथ की तर्जनी उंगली से गोवर्धन पर्वत उठाने की मनमोहक लीला की। श्री कृष्ण ने जैसे ही गोवर्धन पर्वत उठाया कथा स्थल तालियों की आवाज एवं कन्हैया जी के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने पुष्प वर्षा करके श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन भगवान का 56 भोग लगा पूजन कर परिक्रमा लगाई।

कथा में व्यासपीठ से कथावाचक शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने कहा कि कलयुग में केवल भगवान का नाम जाप करने से ही जीव को मुक्ति प्राप्त हो जाती है। इसलिए सभी लोग भगवान के नाम का आधार बनाकर इस संसार रूपी भवसागर से पार उतर सकते हैं। भक्तों की रक्षा के लिए भगवान श्री कृष्ण ने सात दिनों तक गोवर्धन पर्वत उठाए रखा। भगवान श्री कृष्ण को दिन में आठ बार भोग लगाया जाता है, गोवर्धन पर्वत उठाने के कारण सात दिनों तक भोग नहीं लगाया जा सका, इसलिए बाद में उनको एक साथ छप्पन भोग अर्पित किए गए। व्यासपीठ एवं देवी देवताओं का पूजन अर्चन पंडित अमित उपाध्याय, संजय शास्त्री ने संपन्न कराया। इस दौरान अहिल्या शुक्ला, शिवा विश्वकर्मा, लक्ष्मी यादव, प्रगति तिवारी, वेदांश तिवारी, रेवांश, अपेक्षा शुक्ला, शिवांगी , शांतनु सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।



## भोग और मोक्ष प्रदाता हैं माँ बगलामुखी : ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द

**जबलपुर।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में चल रहे पञ्चपर्व महाआरती महोत्सव में आज पीताम्बरा भगवती माँ बगलामुखी का ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द महाराज द्वारा आम्रफलों से सहस्त्रार्चन किया गया। भारत देश में चल रहे युद्ध को देखते हुए अपने सैनिकों की विजय एवं शत्रुओं के विनाश की कामना माता बगलामुखी से की गई। पूज्य महाराज ने बताया कि माता बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं। इन्हें माता पीताम्बरा भी कहते हैं। सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी तरंग है वो इन्हीं की वजह से है। यह भगवती पार्वती का उग्र स्वरूप हैं। ये भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करने वाली देवी हैं। पूजन में उपस्थित नितिन आरती श्री सराफ, राजकुमार पटेल, संदीप जैन, योगेन्द्र सिंह ठाकुर, ऋषि अग्रवाल, मनोज सेन, अपूर्वा शिवम चतुर्वेदी, आशीष चौकसे, यश आदि उपस्थित रहे।



# मध्यप्रदेश ताइक्वांडो यूनियन के 7 खिलाड़ी ब्लैक बेल्ट की उपाधि से हुए सम्मानित

**जबलपुर।** इंडियन ताइक्वांडो यूनियन एवं मध्यप्रदेश ताइक्वांडो यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में 28 नवम्बर 2024 को ताइक्वांडो ब्लेक बेल्ट परीक्षा का आयोजन रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी परिसर स्थित मध्यप्रदेश ताइक्वांडो यूनियन के मुख्य कार्यालय में आयोजित की गई। इंडियन ताइक्वांडो यूनियन द्वारा ब्लेक बेल्ट परीक्षा को सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश ताइक्वांडो यूनियन के महासचिव अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षक राजकुमार यादव को सौंपी गई। ब्लेक बेल्ट परीक्षा में मध्यप्रदेश राज्य से सात खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें जबलपुर जिले से छह खिलाड़ी एवं नर्मदापुरम जिले से एक खिलाड़ी ने भाग लिया। ब्लेक बेल्ट परीक्षा में सम्मिलित ताइक्वांडो खिलाड़ी मोहित यादव, कार्तिक यादव, कृतिका खियानी, कामाक्षा पटेल, प्रियांशी उपाध्याय, वैष्णवी उपाध्याय एवं नर्मदापुरम जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ी पवन कुमार धुवे ने ब्लेक बेल्ट परीक्षा में सम्मिलित होकर परीक्षक राजकुमार यादव के समक्ष ब्लेक बेल्ट परीक्षा के सभी स्तरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ब्लेक बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण की। ब्लेक बेल्ट परीक्षा में उत्तीर्ण खिलाड़ियों को वर्ल्ड ताइक्वांडो हेडक्वार्टर साउथ कोरिया कुकीवॉन के द्वारा ब्लेक बेल्ट की उपाधि प्रदान की गई। मध्यप्रदेश ताइक्वांडो यूनियन द्वारा ब्लेक बेल्ट उपाधि प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ताइक्वांडो ब्लेक बेल्ट परीक्षा में उत्तीर्ण खिलाड़ियों को रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी मदन महल के संचालक उत्कृष्ट गुप्ता, मध्यप्रदेश ताइक्वांडो यूनियन के महासचिव राजकुमार यादव के द्वारा ब्लेक बेल्ट प्रमाण पत्र एवं आईडी कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में काफी हर्ष देखने को मिला। ताइक्वांडो खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, धैर्य, खेल समर्पण, खेल बारीकियों से अवगत होकर खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट उपाधि प्राप्त की।

### रंगमंच बना आत्मविकास का माध्यम

# 'नाट्य लोक' द्वारा बाल नाटक कार्यशाला का शुभारंभ

**जबलपुर।**

शब्दों की शक्ति, भावनाओं की अभिव्यक्ति और रंगमंच की आत्मा को समर्पित सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था नाट्य लोक द्वारा श्री जानकीरमन महाविद्यालय में एक नवीन नाट्य यात्रा (बाल नाटक कार्यशाला) का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को अभिनय, अभिव्यक्ति और आत्मानुशासन की बारीकियों से परिचित कराना है, जहाँ रंगमंच केवल एक कला न होकर आत्मविकास की साधना बन जाता है।कार्यशाला का उद्घाटन शरद भाई पालन, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, नवीन चतुर्वेदी, डॉ. आनंद सिंह राणा एवं दविंदर सिंह ग्रोवर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। यह कार्यशाला 08 मई से 1 जून तक आयोजित की जा रही है, जिसमें बच्चों को थिएटर की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण भोपाल के अभिषेक गर्ग द्वारा दिया जा रहा है, जिन्होंने भारतेंदु नाट्य अकादमी, लखनऊ से थिएटर आर्ट्स में डिप्लोमा प्राप्त किया है एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD) की TIE (थिएटर इन एजुकेशन) शाखा के साथ सात वर्षों तक बच्चों के साथ रंगकर्म में सक्रिय रूप से कार्य किया है। कार्यशाला के निर्देशक दविन्दर सिंह ग्रोवर ने बताया कि इस शिविर में प्रतिभागी बच्चों द्वारा नाट्य प्रस्तुति तैयार की जाएगी, जिसे समापन समारोह में मंचित किया जाएगा। कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर विनय शर्मा, संजय गर्ग, डॉ. शिप्रा सुल्लेरे, माही सोनी, पराग तेलंग, पलक गुप्ता समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



# व्यापारी बनेंगे आर्थिक मोर्चे के सैनिक

## आपूर्ति श्रृंखला किसी भी हाल में नहीं होगी बाधित : कैट

**जबलपुर।**

कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा है कि वर्तमान संकट की घड़ी में देश का समूचा व्यापारी वर्ग मजबूती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार और सेनाओं के साथ खड़ा है। जिस प्रकार हमारे वीर सैनिक सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, उसी प्रकार देशभर के व्यापारी आर्थिक मोर्चे के सैनिक बनकर राष्ट्र की आपूर्ति श्रृंखला को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए कृतसंकल्प हैं।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि पाकिस्तान की नापाक हरकतों का भारतीय सेनाओं ने जिस वीरता और साहस से जवाब दिया है, वह गौरव का विषय है। वर्तमान परिस्थितियाँ युद्ध जैसे हैं और देश का प्रत्येक नागरिक एक स्वर में सरकार के साथ खड़ा है ताकि पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जा सके।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देश में खाद्यान्न और आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है। बाजारों में भरपूर मात्रा में सभी वस्तुएँ उपलब्ध हैं और सरकार के पास भी पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। अतः किसी भी नागरिक को आवश्यकता से अधिक स्टॉक करने की जरूरत नहीं है। कोविड काल की भांति व्यापारी न केवल आपूर्ति को बनाए रखेंगे, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर लोगों के घरों तक सामान भी पहुँचाएंगे।कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने आश्वस्त किया कि कैट के व्यापारी साथी समय-समय पर सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंगे और किसी भी स्थिति में अफवाहों अथवा अराजकता को पनपने नहीं देंगे।कैट मध्य प्रदेश एवं जबलपुर के सभी पदाधिकारी ने एक ही स्वर में व्यापारियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि देशभक्ति केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और संयम से सिद्ध होती है। सरकार और सेनाएँ पूरी तत्परता से स्थिति पर नियंत्रण रखे हुए हैं, और ऐसे समय में व्यापारी वर्ग को संगठित रहकर राष्ट्रीय हित में कार्य करना है।कैट सभी व्यापारियों से आग्रह करता है कि बाजारों को लेकर कोई भी निर्णय सरकार की आधिकारिक सलाह के बाद ही लें। आज आवश्यकता है कि हम सभी एकजुटता, विवेक और राष्ट्रभक्ति के साथ देश की सेवा में अपना योगदान दें।व्यापारी नेताओं ने अंत में कहा "मातृभूमि के प्रति श्रद्धा केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है — और इस जिम्मेदारी को देशभर के नौ करोड़ से अधिक व्यापारी पूर्ण अनुशासन और समर्पण के साथ निभाएँगे।"



## शास्त्रीय संगीत और लोक नृत्य में महारत हासिल करने कराया जा रहा अभ्यास

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में मशाल परिसर में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत 144 लड़कियां व 8 लड़के जहां शास्त्रीय नृत्य के अंतर्गत जहां कत्थक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं वहीं वे लोक नृत्यों की बारीकियां भी सीख रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागी प्रशिक्षणार्थियों में नर्सरी कक्षा से ले कर कॉलेज स्तर की लड़कियां शामिल हैं लेकिन उनकी नृत्य के प्रति सीखने की लगन व मेहनत एक सी है। प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षक विश्वनाथ धारगे व उनकी सहयोगी रितु रजक, गुरमीत कौर मथारू, छाया पटेल व याशिका वर्मा सुबह के सत्र में प्रतिभागियों को कत्थक की प्रारंभिक शुरुआत के तत्कार, तोड़े से ताल व लय की बारीकियां सिखाते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कत्थक की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास विशेष रूप से करवाया जा रहा है।

## ब्राह्मण मंच ने भारतीय सेना को बधाई दी

**जबलपुर।** भारतीय सेना अमर रहे, धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो, ऑपरेशन सिंदूर भारत का गौरव है, मातृशक्ति, संपूर्ण विश्व भारत का पराक्रमण अद्भुत है। आज से 16 दिन पूर्व पहलगाम में शहीद हुए बेटों के लिए नया सूरज है, परिवार को न्याय मिला, भारतीय सेना ने अपने पराक्रम से मन में खुशियां भर दी। आतंकवाद कई दशकों से भारत झेल रहा है आज मन को अच्छा लगा। उक्त शब्द भारतीय सेना के लिए व्यक्त करते हुए हर्ष महसूस हो रहा है, आंखों से अश्रु धारा बह रही है। भारत के प्रधानमंत्री उनकी सरकार एवं संपूर्ण विपक्ष आज बधाई के पात्र हैं। इच्छाशक्ति सम्मान दिलाती है, संपूर्ण विश्व से आतंकवाद निर्विघ्न समाप्त किया जाएगा, यह आज का भारत है, यह नवीन भारत है। भगवान परशुराम ने संपूर्ण विश्व को न्याय दिया था भारतीय सेना के पराक्रम को भगवान के चरणों में समर्पित करते हैं। संपूर्ण ब्राह्मण मंच, कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ, धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर, जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स भारतीय सेना को बधाई देते हैं।

# नवोदित क्रिकेट खिलाड़ियों को मिल रही खेल के साथ नियमों की जानकारी

**जबलपुर।**



एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर इन दिनों नगर के नवोदित क्रिकेट का आकर्षण का केन्द्र बन गया है। नवोदित क्रिकेट खिलाड़ियों के उत्साह व उपस्थिति के कारण यह शिविर नगर का सबसे विशाल क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर बन गया है। शिविर की खास बात यह है कि इसमें प्रशिक्षणार्थियों को केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद की ओर से बैट, गेंद, ग्लब्स, पैड सहित अन्य जरूरी समान उपलब्ध कराये गये हैं।

क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर में 8 से 16 वर्ष तक आयु के 138 नवोदित खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिसमें तीन लड़कियां भी हैं। इन खिलाड़ियों को दो आयु वर्ग में विभक्त कर गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 8 से 12 वर्ष आयु तक के प्रशिक्षणार्थियों को पूर्व स्टेट लेबल अंपायर हेमंत पोतदार, पीके सेन व अमित यादव और 12 से 16 वर्ष तक आयु वर्ग के खिलाड़ियों को अनिल शर्मा, कुशलपाल सिंह, इकबाल खान, संजय झरबड़े तरूण विजयकर व सुरेश त्रिवेदी प्रशिक्षण दे रहे हैं। पाण्डुताल मैदान में प्रशिक्षण के लिए चार सीमेंट विकेट में नेट्स लगायी गई हैं। शिविर में प्रतिदिन शारीरिक प्रशिक्षण के अलावा बल्लेबाजी में ग्रिप, स्टांस, बैक लिफ्ट, डिफेंस व ड्राइव की बारीकियां समझायी जा रही हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर मुस्लिम लीगल एड एंड वेलफेयर सोसायटी ने जताई खुशी

## कचहरी दरगाह में चढ़ाई चादर, सेना को हिम्मत और मुल्क में अमन शांति की मांगी दुआएं



**जबलपुर।** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से न सिर्फ पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिजनों ने खुशी जताई है, बल्कि देश का हर आम और खास नागरिक आतंकी ठिकानों पर की गई इस जवाबी कार्रवाई का स्वागत कर रहा है। शुक्रवार को मुस्लिम लीगल एड एंड वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने कचहरी दरगाह में चादर पेश कर भारतीय सेना की हौसला अफजाई तथा मुल्क में अम्न और शांति की दुआएं मांगी। साथ ही आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मुस्लिम लीगल एड एंड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शबाब खान, उपाध्यक्ष रिजवान खान ने कहा है कि भारतीय सेना ने दुश्मन को उसकी ही भाषा में करारा जवाब दिया है यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत के गौरव, साहस और दृढ़ निश्चय का प्रतीक है। देशभक्त मुसलमानों का हर तबका इस कदम के साथ खड़ा है। हमारा मजहब अमन का पैगाम देता है। जब दुश्मन अमन को कमजोरी समझे तो उसे उसी की जुबान में जवाब देना चाहिए, भारत ने पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई की है जो काबिले तारीफ है, भारत में सभी धर्मों और सभी समुदायों के लोग भारत सरकार के हर कदम के साथ हैं। देश के युवा और देश के हर तबके के लोग आतंकियों और पाकिस्तान समर्थित षड्यंत्रकारियों के खिलाफ हैं।

उन्होंने कहा कि मुल्क को दहशतगर्दी से आजाद करने के लिए उठाया गया कदम एक बहुत अहम कदम है, आतंकवाद और दहशतगर्दी को जड़ से खत्म किया जाए, जिससे कि बेकसूरों की जान की हिफाजत हो सके। इस मौके पर अध्यक्ष एड. शबाब खान, रिजवान खान, फिरोज अंसारी,मासूम खान, रहीस खान, जफर खान, मो.आदिल, मोईन खान, मोहसिन खान मोनू, शफी खान सहित अन्य मौजूद थे।



# किन्नर मनीषा, स्वीटी, रोशनी शहर में फैला रहीं अशांति!

## एसपी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** किन्नर समाज की दिया नायक के नेतृत्व में गलगला टोरिया एवं समस्त किन्नर समाज ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर बताया कि किन्नर मनीषा, स्वीटी, रोशनी हिन्दू-मुस्लिम विवाद कर शहर में अशांति फैलाने का काम कर रही हैं। बताया गया कि जबलपुर में हम किन्नर समाज की संख्या 60-70 है, हमारे ग्रुप से निकलकर किन्नर मनीषा, स्वीटी, रोशनी हमारे ऊपर झूठे आरोप लगाकर हमारा इलाका हथियाने की कोशिश कर रही हैं, जो कि हम किन्नर समाज के नियम के खिलाफ है, जबकि हम सात जात के किन्नर एक साथ रहकर सभी धर्म को मानते हैं। अतः आपसे निवेदन है कि हमारे इलाके में चल रही गतिविधियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए ताकि इलाके में शांति व्यवस्था बनी रहे और हम सभी किन्नर समाज लोग शांति से रह सकें। ज्ञापन के दौरान दिया नायक, हीराबाई, संजना गुरु, कंगना किन्नर, मुस्कान किन्नर, माही शुक्ला, खिलौना, संध्या, आरती, अरमान, आलिया सहित अन्य किन्नर उपस्थित रहीं।

**नाम सुधार सूचना**

मैं, सुब्रत कुमार कार पिता स्व. श्री सुनील कुमार कार निवासी बी-415, कटारिया थीम पार्क, तिलहरी, बिलहरी,जबलपुर म.प्र. का स्थाई निवासी हूँ, मेरे पासपोर्ट क्रमांक-M8711170 में मेरा नाम त्रुटिवश SUBRAT KAR दर्ज हो गया है जो की गलत व असत्य नाम है जबकि मेरा सही व सत्य नाम SUBRAT KUMAR KAR है जो की मेरे आधार आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, एवं पेन कार्ड में दर्ज है मेरा सही व सत्य नाम SUBRAT KUMAR KAR को मेरे पासपोर्ट क्रमांक-M8711170 में दर्ज करने बावत् शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथ पत्र दिनांक 09/05/2025 समक्ष पब्लिक नोटरी रामदास शर्मा मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर।

सत्य नाम
SUBRAT KUMAR KAR
असत्य नाम
SUBRAT KAR

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्रं 11/19-20/ दिनांक 09-05-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सूर्या तिवारी पति श्री रजत कुमार तिवारी ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक नया खसरा क्र.- 13/1/2 बिलहरी सम्पत्ति पिन क्रमांक 1004535017 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1100 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अशोक कुमार केशवानी पिता श्री भावनदास केशवानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्रं 11/19-20/ दिनांक /16-04-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती श्रीमति गीता सिंह पति श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने वार्ड क्रमांक.66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड प्लाट नं. 43/B समपत्ति कृष्णाहोम्स बिलहरी के पिन क्रमांक 1000382494 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 561 वर्गफुट आर.सी.सी. प्रथम तल 561 वर्गफुट आर.सी.सी. विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री रामचरण सिंह ठाकुर पिता/पति श्री रामासिंह ठाकुर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्रं 11/19-20/ दिनांक 08-05-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पिंकी धनधारिया पिता श्री राकेश धनधारिया ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड प्लाट नं. 32 के हिस्सा से पिन क्रमांक 10003998716 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 900 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 700 वर्गफुट आर.सी.सी. प्रथम तल 700 वर्गफुट आर.सी.सी. विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री जतिन कुमार चौरसिया पिता श्री जवाहरलाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्रं 11/19-20/ दिनांक 09-04-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति निशा शुक्ला पिता श्री अतुलनारायण शुक्ला ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद बैनर्जी ने भवन क्रमांक 1746/2 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सिविल लाईन के पिन क्रमांक 1000398834 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल .... वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 600 वर्गफुट आर.सी.सी. प्रथम तल 600 वर्गफुट आर.सी.सी. विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री धनजय मिश्रा पिता श्री ओ.डी . मिश्रा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्रं 11/19-20/ दिनांक 08-05-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति प्रकाश बिरहा पिता श्री भरत लाल बिरहा ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अंवती बाई ने भवन क्रमांक पीएनओ-223 फेस-2 पार्ट-2 के पिन क्रमांक 1002870981 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1001 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री विजय अय्यर पिता श्री राधा कृष्ण अय्यर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

असम के सीएम सरमा का कांग्रेस पर बड़ा तंज

# जीएसटी ने देश को दिए राफेल और एस-400 जैसे घातक हथियार

एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने जीएसटी की तारीफ करते हुए इसे ईश्वर का आशीर्वाद बताया, जो भारत को एकजुट करता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था। असम



सीएम की टिप्पणी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज माना जा रहा है, जिन्होंने अपने एक बयान में जीएसटी की आलोचना करते हुए इसे गब्बर सिंह टैक्स बताया था। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम यूं नहीं नहीं आ गए हैं। बल्कि ये हमारे करदाताओं की ताकत से बने हैं। यही वजह है कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था। ये तो ईश्वर द्वारा भेजा गया टैक्स है, जो भारत को एकजुट करता है और देश की सुरक्षा, विकास और इसके जुझारूपन को वित्तपोषित करता है।

## ये अभेद्य सुरक्षा कवच हमारे करदाताओं की ताकत से बने



जीएसटी को बताया ईश्वर का आशीर्वाद, कांग्रेस ने बताया था गब्बर सिंह टैक्स

### लड़ाकू विमान और डिफेंस सिस्टम युद्ध में अहम

भारत पाकिस्तान के बीच इन दिनों संघर्ष छिड़ा हुआ है, जिसमें भारत के राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम अहम भूमिका निभा रहे हैं। राफेल लड़ाकू विमानों ने जहां बीते बुधवार को पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले में अहम भूमिका निभाई। वहीं एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने बुधवार की रात पाकिस्तान के हमले को नाकाम किया। एस-400 ने पाकिस्तान के सभी ड्रोन्स और मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया।

### एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की खासियतें

एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन्स को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना के सबसे ताकतवर हथियारों में से एक माना जाता है। यह किसी भी संभावित खतरे को हवा में ही तबाह करने में सक्षम है। एस-400 मिसाइल सिस्टम को चीन और पाकिस्तान के खतरे को ध्यान में रखकर तैनात किया गया है। इसकी रेंज 40 से 400 किलोमीटर के बीच है। भारत और रूस के बीच साल 2018 में एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम का सौदा हुआ था। सौदे के तहत भारत को एस-400 मिसाइल सिस्टम की तीन रेजीमेंट मिल चुकी हैं। भारत को अभी दो और रेजीमेंट मिलनी हैं, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से उनमें देरी हुई है और अब उनके साल 2026 में मिलने की



### राफेल का नहीं कोई तोड़, दुश्मन चाहे जितना लगा ले जोर

राफेल लड़ाकू विमान भारत ने फ्रांस से खरीदे हैं। ये विमान महज एक मिनट में 60 हजार फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। राफेल की अधिकतम स्पीड 2,130 किमी/घंटा और 3700 किलोमीटर तक मारक क्षमता। अधिकतम भार उठाकर इसके उड़ने की क्षमता 24500 किलोग्राम है। यह परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। विमान में ईंधन क्षमता 17 हजार किलोग्राम है। यह दो इंजन वाला लड़ाकू विमान है, जो हर तरह के मिशन में भेजा जा सकता। 24,500 किलो उठाकर ले जाने में सक्षम राफेल लड़ाकू विमान 60 घंटे अतिरिक्त उड़ान की गारंटी देता है। 150 किलोमीटर की दूरी तक इससे दागी जाने वाली मिसाइल दुश्मन की नजर में जल्दी से नहीं आती। साथ ही यह हवा से जमीन पर मार करने में भी सक्षम है। राफेल जेट स्कैल्प मिसाइल से लैस है। स्कैल्प मिसाइल की रेंज 300 किलोमीटर है।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने टैगोर की जयंती पर श्रद्धांजलि दी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों के जरिए मानवतावाद पर जोर दिया और लोगों में राष्ट्रवाद की भावना प्रज्वलित की। मोदी ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि।

### सिमलिपाल उद्यान में 3 शिकारी गिरफ्तार



**बारीपदा।** ओडिशा वन विभाग के अधिकारियों ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है जो सिमलिपाल राष्ट्रीय उद्यान में जंगली जानवरों का शिकार करने की कोशिश कर रहे थे। इन शिकारियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया

### हथियारों की आपूर्ति में शामिल 4 पर चार्जशीट



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने नक्सलियों और अन्य आपराधिक तत्वों को हथियारों की आपूर्ति में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार 4 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। विकास कुमार, सत्यम कुमार, देवमणि राय और अहमद अंसारी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, शस्त्र अधिनियम के आरोप हैं।

### कुए में जहरीली गैस ने ली 3 की जान



**नूंह।** जिले के मांडी खेड़ा गांव में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। इसमें कुएं में जहरीली गैस की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है।यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई, जब 19 वर्षीय मोनिस, मुरादाबाद निवासी, सफाई के लिए एक पानी के कुएं में उतरा। मीथेन होने की अटकलें हैं।

### जैसलमेर में पटाखे जलाने, बेचने पर बैन



**जैसलमेर।** पाकिस्तान के साथ सीमा पर बढ़ते तनाव के कारण राजस्थान के सीमावर्ती जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर और गंगानगर जिले अलर्ट पर हैं। जैसलमेर जिला प्रशासन ने आदेश दिया है कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए जिले में पटाखे की दुकानें बंद रहेंगी। इस दौरान पटाखे जलाना, बेचना और खरीदना भी प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने सख्ती से अमल करने को कहा है।

## चंडीगढ़ स्थित पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में भी दिखा तनाव का असर

अदालत ने हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के फैसले पर जताई नाराजगी, भड़क गए चीफ जस्टिस

# वकीलों को कार्य स्थगन पर फटकारा, हमारी सेना युद्ध लड़ रही और आप घर बैठकर आराम फरमाना चाह रहे



बार एसोसिएशन ने नो वर्क डे मनाने का किया था फैसला

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

भारत-पाक तनाव और जंग के हालात का असर अब कई शहरों में दिखने लगा है। कई शहरों के लिए जहां हवाई उड़ानें रद्द की गईं हैं। वहीं चंडीगढ़, सिरसा से अमृतसर और कटरा जाने वाली रोडवेज बसें बंद कर दी गई हैं।चंडीगढ़ से छात्रों की घर वापसी शुरू हो गई है। चंडीगढ़ स्थित पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में भी इस तनावपूर्ण हालात का असर देखने को मिला, जब वकीलों के संघ ने दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण माहौल का हवाला देकर शुक्रवार को काम बंद रखने का फैसला किया। इस पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू ने कड़ी आपत्ति जताई है। जस्टिस नागू ने कोर्ट रूम में ही दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आज न्यायिक कार्य स्थगित करने के निर्णय पर नाराजगी जताई और कहा कि सेना युद्ध लड़ रही है लेकिन आपलोग घर पर बैठकर आराम करना चाहते हैं। बार एसोसिएशन ने युद्ध जैसे हालात के मद्देनजर शुक्रवार को नो वर्क डे मनाने का फैसला किया था और हाई कोर्ट से कोई भी प्रतिकूल आदेश पारित नहीं करने का अनुरोध किया था।

### वकील ने सुनवाई स्थगित करने की मांग उठाई

शुक्रवार को हाई कोर्ट से वकील गायब रहे। कोर्ट को अधिकांश मामलों को स्थगित करना पड़ा। जब चीफ जस्टिस नागू और जस्टिस सुमित गोयल की पीठ ने पंजाब और हरियाणा के बीच जल बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद से संबंधित एक याचिका की सुनवाई करना शुरू किया तो पंजाब सरकार की ओर से पेश वकील ने एसोसिएशन के कार्यस्थगन का हवाला देकर मामले की सुनवाई स्थगित करने की मांग की तो जस्टिस नागू भड़क गए।

**काम बंद करने का आह्वान दुर्भाग्यपूर्ण**

इस दौरान जस्टिस नागू ने कहा कि काम बंद करने का आह्वान दुर्भाग्यपूर्ण है। मैंने आपके बार एसोसिएशन के अध्यक्ष से भी कहा है। खासकर तब, जब सेना लड़ाई लड़ रही है, और आप घर पर बैठकर आराम फरमाना चाहते हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि संस्थाओं को काम करना जारी रखना होगा। हमें भी काम करना होगा, नहीं तो देश की पूरी व्यवस्था ठप्प हो जाएगी।

अवमानना से नाराज सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

## आदेश की अवहेलना कानून के शासन की नींव पर हमला, डिप्टी कलेक्टर को तहसीलदार बनाएं

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने से नाराज सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश सरकार के एक अधिकारी को पदावनत करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने वाले डिप्टी कलेक्टर को पदावनत कर तहसीलदार के पद पर नियुक्ति करें। दरअसल उच्च न्यायालय ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में झोपड़ियां न हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना की। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर कड़ी नाराजगी जताई। पीठ ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी, चाहे वो कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हो, वह अदालत द्वारा पारित आदेशों का सम्मान करने के लिए बाध्य हैं। पीठ ने कहा कि न्यायालय के आदेश की अवहेलना कानून के शासन की उस नींव पर हमला है, जिस पर हमारा लोकतंत्र आधारित है।



### कानून के ऊपर कोई नहीं

पीठ ने कहा कि हम नरम रुख अपनाते हैं, लेकिन सभी को यह संदेश दिया जाना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी ऊंचा क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उस आदेश की पुष्टि की, जिसमें अधिकारी को उच्च न्यायालय के आदेश की जानबूझकर और पूरी तरह से अवज्ञा करने का दोषी पाया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारी को दो महीने जेल की सजा सुनाने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को संशोधित किया। पीठ ने कहा, 'हम सजा को संशोधित कर रहे हैं और याचिकाकर्ता को उसकी सेवा के पदानुक्रम में एक स्तर की कमी करने की सजा सुनाई जाती है।

### अधिकारी पर एक लाख का जुर्माना भी

जिस अधिकारी को पदावनत करने का आदेश दिया गया है, उन्हें साल 2023 में तहसीलदार पद से ही डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति दी गई थी। पीठ ने अधिकारी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाने का भी आदेश दिया है। न्यायमूर्ति गवई ने आदेश देते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि पूरे देश में यह संदेश जाए कि अदालत के आदेश की अवमानना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

महिला सैन्य अधिकारियों को स्थायी कमीशन नहीं देने पर की टिप्पणी

## उनका मनोबल न गिराएं, सुनवाई तक सेवामुक्त न करें

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा कि वह शॉर्ट सर्विस कमीशन की महिला सैन्य अधिकारियों को सेवा मुक्त न करे, जिन्होंने उन्हें स्थायी कमीशन देने से इनकार करने के फैसले को चुनौती दी है। मौजूदा स्थिति में उनका मनोबल नहीं गिराया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 69 अधिकारियों द्वारा दायर याचिकाओं को अगस्त में सुनवाई करेगी।

**सेवा मुक्त करने पर कोई रोक नहीं लगाने का आग्रह**

शीर्ष अदालत से याचिकाकर्ता महिला सैन्य अधिकारियों को सेवा मुक्त करने पर कोई रोक नहीं लगाने का आग्रह किया गया और कहा कि सेना को युवा अधिकारियों की जरूरत है और हर साल केवल 250 कर्मियों को स्थायी कमीशन दिया जाता है।

**महिलाओं को बाहर रखा**

गुरुस्वामी ने कहा कि कर्नल कुरैशी को स्थायी कमीशन से संबंधित इसी तरह की राहत के लिए कोर्ट आना पड़ा था। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत के समक्ष मामला पूरी तरह कानूनी है, इसका अधिकारियों की उपलब्धियों से कोई लेना-देना नहीं है।

### रेलवे की तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से किया इनकार


उच्चतम न्यायालय ने उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें केंद्र को आईआरसीटीसी तत्काल बुकिंग प्रणाली की तकनीकी खामियों की पहचान कर इन्हें सुधारने के लिए गहन ऑडिट कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। ये टिकट रेल यात्रा से एक दिन पहले बुक किए जा सकते हैं और इस श्रेणी के अंतर्गत सीमित संख्या में सीट उपलब्ध होती हैं।

**याचिका में कई खामियों को गिनाया**

याचिका में आईआरसीटीसी) की तत्काल बुकिंग प्रणाली का गहन ऑडिट कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था, ताकि 'खामियों' की पहचान कर इन्हें दूर किया जा सके।

बाबा को 'रूह अफजा' पर राहत

## कोई 'आपत्तिजनक' टिप्पणी नहीं करेंगे, कोर्ट ने मामला बंद किया



■ हलफनामों में दिए गए कथन बाध्यकारी होंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने योग गुरु रामदेव द्वारा हमदर्द के रूह अफजा के खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी न करने का वचन देने के बाद मामला बंद कर दिया। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने कहा कि रामदेव और पतंजलि फूड्स लिमिटेड द्वारा अपने हलफनामों में दिए गए कथन उनके लिए बाध्यकारी हैं और उन्होंने हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया के पक्ष में मुकदमे का फैसला सुनाया। अदालत ने विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को हटाने का आदेश दिया था। हमदर्द ने दावा किया कि पतंजलि के गुलाब शरबत का प्रचार करते हुए रामदेव ने आरोप लगाया कि हमदर्द के रूह अफजा से अर्जित धन का उपयोग मदरसों और मस्जिदों के निर्माण में किया गया।

## शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर में शांति और शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए महंत दिव्या गिरि ने हवन किया।

स्टार्टअप के वित्तपोषण, शोध और विकास को बढ़ावा मिलेगा

## 10 करोड़ तक के ऋण के लिए गारंटी कवर की सीमा बढ़ाकर 85 फीसदी की

गुरुवार को ही केंद्रीय कैबिनेट ने दी थी इसकी मंजूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

स्टार्टअप फर्मों के लिए संशोधित कर्ज गारंटी योजना से उन्हें ऋण देने से जुड़ा जोखिम कम होगा जिससे शोध एवं विकास करने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के सृजन के लिए उन्हें अधिक वित्तीय मदद मिल सकेगी। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। गुरुवार को ही संशोधित 'स्टार्टअप के लिए ऋण गारंटी योजना' (सीजीएसएस) को मंजूरी दी, जिसमें प्रति उधारकर्ता गारंटी



कवर की सीमा 10 करोड़ से 20 करोड़ की है। इसका उद्देश्य स्टार्टअप कंपनियों को वित्तपोषित करने संस्थानों द्वारा ऋण साधनों पर निर्दिष्ट सीमा तक गारंटी देना है। यह योजना स्टार्टअप कंपनियों को बेहद जरूरी गारंटी-मुक्त ऋण मुहैया कराने में मदद करेगी।

### अधिक वित्तीय प्रवाह और मार्ग उपलब्ध होगा

इससे स्टार्टअप के लिए शोध एवं विकास, प्रयोग करने और अत्याधुनिक नवाचार,प्रौद्योगिकियों के सृजन के लिए अधिक वित्तीय प्रवाह और मार्ग उपलब्ध हो सकेगा। योजना में कंपनियों को 10 करोड़ तक के ऋण के लिए गारंटी कवर की सीमा 85 और इससे अधिक के लिए 75 प्रतिशत कर दी है। देश में स्टार्टअप कंपनियों के लिए एक जीवंत पारिस्थितिकी तैयार करने एक कार्ययोजना 16 जनवरी, 2016 को शुरू की गई थी।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूर्वानुमान जारी किया

आगामी 4-5 दिन तक बारिश की संभावना जताई

## पूर्वी भारत में लू चलेगी, कई भागों में होगी बारिश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्वी भारत में शनिवार से लू चल सकती है। 4-5 दिन तक उत्तर-पश्चिम और मध्य भागों में बारिश और गरज के साथ



बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया 13 मई तक पूर्वोत्तर में भारी बारिश, गरज और बिजली गिरने की संभावना है। 11-12 मई के दौरान ऊपरी हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग इलाकों, 10-14 मई के दौरान बंगाल में , 11-14 मई को बिहार और ओडिशा, 12-12 मई में झारखंड और 14-15 मई को उत्तर प्रदेश में लू चलेगी।

### बंगाल,ओडिशा और झारखंड में चलेंगी गरम हवाएं



**बारिश की संभावनी जताई थी**

इस महीने की शुरुआत में आईएमडी ने कहा था कि मई में भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी देखने को मिल सकती है। लेकिन कभी-कभी आंधी-तूफान से गर्मी पिछले साल के भीषण स्तर तक नहीं पहुंच पाएगी। महापात्रा ने कहा था कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और उत्तर-पूर्व के कुछ इलाकों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

**बंगाल में 12 मई तक गर्मी और सूखे की स्थिति**

10 मई से दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों और उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों में लू चलने की संभावना है। दक्षिण बंगाल के अधिकांश स्थानों पर 12 मई तक गर्मी और सूखे की स्थिति बने रहने की संभावना है, इस क्षेत्र में शुष्क हवाएं पश्चम से उत्तर-पश्चिम की ओर चलेंगी।

### देश में 72 दिन लू के केस दर्ज

महापात्रा ने बताया कि अप्रैल में देश में 72 दिन लू के दर्ज किए गए। अप्रैल में राजस्थान और गुजरात में सामान्य से अधिक लू के दिन (छह से 11 दिन) और पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ में (चार से छह दिन) दर्ज किए गए, जबकि सामान्य तौर पर दो से तीन दिन होते हैं। पूर्वी-मध्य भारत, महाराष्ट्र और उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत के आस-पास के हिस्सो में एक से तीन दिन लू के दर्ज किए गए, जो सामान्य से दो से तीन दिनों से थोड़ा कम है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री माझी बोले

## वक्फ अधिनियम न्यायसंगत बना, संदेह होगा तो दूर करेंगे



■ कानून पर विपक्ष गलतफहमी फैला रहा

एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को न्यायसंगत और उद्देश्यपूर्ण बताते हुए लोगों से आह्वान किया कि यदि उन्हें कोई संदेह है तो वे आगे आएं, उनके संदेह को दूर किया जाएगा। माझी ने यह बात गुरुवार शाम नए वक्फ अधिनियम पर एक परामर्श कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही जिसमें ओडिशा के विभिन्न धर्मों और जिलों के 250 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। माझी ने कहा, इस अधिनियम को लेकर कई गलतफहमियां हैं। हालांकि, इसमें प्रावधान न्यायसंगत और उद्देश्यपूर्ण हैं। यदि आपको कोई संदेह है तो उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

# 'आपरेशन सिंदूर': चोपड़ा, रोहित, कोहली ने भारतीय सशस्त्र बलों को किया सलाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधू, रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित भारत की शीर्ष खेल हस्तियों ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ देश की सैन्य कार्रवाई के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उन्हें 'भारत की आत्मा' करार दिया।

भारत ने जम्मू और पठानकोट सहित अपने सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को गुरुवार रात को तुरंत विफल कर दिया था। रोहित ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ''हर गुजरते पल के साथ, हर फैसले के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं।''

## हमारी सेना उचित जवाब देगी: सहवाग



पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मौजूदा हालात के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। सहवाग ने एक्स पर पोस्ट किया, ''पाकिस्तान ने युद्ध का विकल्प तब चुना है जब उनके पास चुप रहने का मौका था। वे अपनी आतंकवादी संपत्तियों को बचाने के लिए आगे बढ़े हैं, उनके बारे में इतना कुछ बोलते हैं। हमारी सेनाएं सबसे उचित तरीके से जवाब देंगी, जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा।''

## भारत मजबूत है: धवन

सहवाग के पूर्व भारतीय साथी शिखर धवन ने भी भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। धवन ने ट्वीट किया, ''हमारी सीमाओं की इतनी मजबूती से रक्षा करने और जम्मू पर ड्रोन हमले को रोकने के लिए हमारे बहादुर दिलों को सम्मान। भारत मजबूत है। जय हिंद।''

## सेना की बहादुरी के लिए आभारी हूं: बुमराह

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया। बुमराह ने लिखा, ''हमारे सशस्त्र बलों का उनके साहस और बहादुरी के लिए आभारी हूं। हम उन्हें सैल्यूट करते हैं और हमें सुरक्षित रखने के लिए वे जो कुछ भी करते हैं उसके लिए हम हमेशा उनके ऋणी रहेंगे।''




## आइए हम अपनी भूमिका निभाएं : चोपड़ा

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, ''हमें अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश के लिए लड़ रहे हैं। आइए अपनी भूमिका निभाएं और इस दौरान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें।

## भारत आपके साथ खड़ा है : सिंधू

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधू ने पोस्ट किया, ''भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए - आपका साहस, अनुशासन और बलिदान हमारे राष्ट्र की आत्मा हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसे क्षणों में, हमें उस मौन शक्ति और निस्वार्थ सेवा की याद आती है जो हमारे तिरंगे को ऊंचा रखती है। भारत आपके साथ खड़ा है। जय हिंद। ''



## हमें अपनी सेना पर गर्व

सूर्यकुमार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, ''हमें अपनी सेनाओं पर बहुत गर्व है। आपके कारण ही हम अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं। सीमाओं पर हमारी रक्षा करने में आपकी ताकत और दृढ़ संकल्प को सैल्यूट। हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। जय हिंद।''

## हमारी प्रार्थनाएं सैनिकों के साथ

विश्व कप विजेता पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस श्रीकांत ने कहा, ''हमारे दिल और प्रार्थनाएं सीमा पर खड़े हमारे सैनिकों के साथ हैं। अब समय आ गया है कि हम एकता और विश्वास के साथ उनके पीछे खड़े हों। हमारे बहादुर हमारी भूमि की रक्षा करें और दुनिया को दिखाएं कि भारत वास्तव में किसके लिए है। जय हिंद इसे हमारे लिए जीतें।''

## हम सशस्त्र बलों के पीछे खड़े है: पार्थिव

पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा, ''आइए हम सभी अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों के पीछे खड़े हों क्योंकि वे हमारे देश की रक्षा करते हैं। हम हमेशा आपके साथ हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक 160 | प्रारूप नियम - 23 (3) | दिनांक : 08/05/2025

**वैध की जाने वाली कालोनियो का अंतिम प्रकाशन**

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 31.12.2016 तक निर्मित अवैध कालोनियों के नियमितीकरण हेतु नियम 23 ( 3 ) के परिपेक्ष्य में सार्वजनिक सूचना क्र. 15 दिनांक 07.04.2025 को जारी कर 15 दिवस के भीतर अधिसूचित कालोनियों के नियमितीकरण के संबंध में दावे / आपत्ति बुलाए गये थे । परन्तु अधोलिखित कालोनियों के में कोई आपत्तिया नही प्राप्त हुई है । वाद- म्याद समाप्त कर यह माना जा रहा है। कि किसी को उक्त के संबंध में कुछ नही कहना अधोलिखित कालोनियाँ नियमितीकरण हेतु योग्य पाई गई है। जिन्हे नियम 23 ( 3 ) की शर्तो एवं प्रावधानों के तहत वैध करने हेतु रजिस्ट्रीकृत किया जा रहा है। कालोनियों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | अनाधिकृत कालोनी का प्रचलित नाम (यदि हो तो) | स्थान एवं वार्ड क्र. | अनाधिकृत कालोनी के विकास कताओं का नाम एवं पता | भूमि का विवरण राजस्व ग्राम एवं खसरा नं. | कुल क्षेत्रफल | अन्न विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कोमल कालोनी जिला रीवा (म. प्र.) | ग्राम- अन्नतपुर तहसील हुजूर वार्ड क्रमांक 10 जिला रीवा (म.प्र.) | श्री मनोज कुमार पिता श्री कोमलराम अनन्तपुर जिला रीवा (म.प्र.) | राजस्व ग्राम अनन्तपुर खसरा क्रमांक 976, (As List) 676 Present | 0.86 एकड़ | दावा आपत्ति प्राप्त नही हुई है । |
| 2 | कुशुम कालोनी जिला रीवा (म.प्र.) | ग्राम- अन्नतपुर तहसील हुजूर वार्ड क्रमांक 10 जिला रीवा (म.प्र.) | श्रीमती कुशुम शुक्ला पिता श्री के.पी. शुक्ला अनन्तपुर जिला रीवा (म.प्र.) | राजस्व ग्राम अनन्तपुर खसरा क्रमांक 906 | 0.99 एकड़ | दावा आपत्ति प्राप्त नही हुई है । |
| 3 | गैबी कालोनी जिला रीवा (म.प्र.) | ग्राम- बरा तहसील हुजूर वार्ड क्रमांक 14 जिला रीवा (म.प्र.) | श्री कैलास चन्द्र पिता श्री गैबी प्रसाद नेहरु नगर बरा जिला रीवा (म.प्र.) | राजस्व ग्राम बरा खसरा क्रमांक 23611 | 0.76 एकड़ | दावा आपत्ति प्राप्त नही हुई है । |
| 4 | सुरेन्द्र कालोनी जिला रीवा (म.प्र.) | ग्राम रीवा (खास) तहसील हुजूर वार्ड क्र. 24 जिला रीवा (म.प्र.) | श्री सुरेन्द्र कुमार, सुरेश कुमार, तनय रामदत्तद, यादवेन्द्र मणि, तनंय बिष्णुतदत्त, श्रीमती राजकुमारी, पत्नी कृष्ण कुमार संजय, अजय, अरविन्द् पिता श्री कृष्णकुमार, केतकी बाई पति कामता प्रसाद, सच्चिदानंद निर्विकारानंद्र पिता कामता प्रसाद, कृष्णानंद दीपक पिता कृष्णनंद, मनोज कुमार, संतोष पिता सुनील कुमारे, द्वारिका नगर रीवा (खास ) तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) | राजस्व ग्राम रीवा (खास) खसरा क्रमांक 765/24 | 0.303 हेक्टेयर | दावा आपत्ति प्राप्त नही हुई है । |

उपरोक्त कॉलोनियो में कोई दावा आपत्तियाँ प्राप्त नही हुई है। जिनका विनिश्चय सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जा चुका है, उनका अंतिम प्रकाशन म.प्र. नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम - 23 में विहित प्रावधानो के तहत रजिस्ट्रीकृत करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जानी है.
(आयुक्त महोदय से अनुमोदित)

जोनल अधिकारी/नोडल अधिकारी
(कालोनी सेल) हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

## टीम ने तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में किया प्रवेश

# कम्पाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में, दीपिका और सालुंखे पहुंचे सेमीफाइनल में

- मधुरा और अभिषेक ब्रिटेन के एला व स्कॉट से हारकर बाहर
- धामनगांवकर और अभिषेक कांस्य के लिए मलेशिया से खेलेंगे
- शूट ऑफ में सालुंखे ने गागोज को 6-5 से हराकर सेफा में जगह बनाई



**दीपिका अंतिम चार में कोरिया की लिम से भिड़ेगी**


दीपिका क्वार्टर फाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 से मात दी और अब अंतिम चार में दक्षिण कोरिया की लिम सिहियोन से भिड़ेंगी। सिहियोन ने प्रीक्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अंकिता भक्त को हराया था।

**शंघाई।** भारतीय कम्पाउंड मिश्रित टीम ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया जबकि दीपिका कुमारी और पार्थ सुशांत सालुंखे ने क्रमशः महिला और पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत सेमीफाइनल में जगह बनाई।

मधुरा धामनगांवकर और अभिषेक वर्मा कम्पाउंड मिश्रित टीम सेमीफाइनल में ब्रिटेन के एला गिब्सन और अजय स्कॉट से 156-158 से हार गए। अब धामनगांवकर और अभिषेक शनिवार को कांस्य पदक मैच में मलेशिया का सामना करेंगे।

## सालुंखे ने पहले दौर में किया उलटफेर

वहीं व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा में सालुंखे ने पहले दौर में शूट-ऑफ में टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता मेटे गाजोज को 6-5 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका सामना रविवार को दक्षिण कोरिया के स्टार खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन से होगा जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अतनु दास को मात दी।



**सालुंखे राउंड 32 में जापान से हार गई**

सालुंखे ने राउंड 32 में जापान के आओशिमा तेत्सुया को 6-2 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के रयान टायक को और फिर क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को समान अंतर से हराया। महिला वर्ग में दीपिका ने सेमीफाइनल में जगह बनाने से पहले स्पेन की लूसिया इबानेज रोमेरो को 6-4 से, कजाकिस्तान की डायना तुर्सुनबेक को 6-0 से और फ्रांस की विक्टोरिया सेबेस्टियन को 6-4 से हराया।

### मिश्रित में दीपिका व धीरज स्पेन से हार गए

रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में दीपिका और धीरज बोम्मादेवरा दूसरे दौर में स्पेन के एलिया कैनालेस और एंड्रेस टेमिनो मेडिएल से 1-5 से हार गए। भारत शनिवार को कंपाउंड मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच के अलावा दो स्वर्ण पदक मुकाबले खेलेगा।

### कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मैक्सिको से भिड़ेगी

मधुरा, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथा तानिपार्थी की भारतीय कंपाउंड महिला टीम फाइनल में मैक्सिको से भिड़ेगी जबकि अभिषेक वर्मा, ऋषभ यादव और ओजस प्रवीण देवताले की कंपाउंड पुरुष टीम का भी सामना मैक्सिको से होगा।

**एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
LIC HFL
LIC HOUSING FINANCE LTD
भोपाल बैक ऑफिस, 6ए-6बी, पहली मंजिल, सूरी आर्केड, गोविंद गार्डन, बिजली नगर के सामने, रायसेन रोड, गोविंदपुरा, भोपाल 462023 दूरभाष. 0755-4063007, 4063008

**ई-नीलामी बिक्री नोटिस**

चूँकि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलआईसी एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं/गारंटरों को डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उनसे उक्त नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। तथापि, ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर उक्त देय राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

अतः नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और धारा 14 के साथ नियम 8 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भौतिक कब्जा ले लिया है। यह सूचना आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी(ओं)/ गारंटर(ओं) को दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति एलआईसी एचएफएल के पास बंधक रखी गई है, जिसका कब्जा एलआईसी एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है तथा इसे "जहां है जैसा है", "जो है जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर तथा बिना किसी सहारा के आधार पर दिनांक **20.06.2025** को नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेचा जाएगा।

संपत्ति 1 श्री सिया राम उर्नव एवं श्रीमती सुशीला उर्नव ऋण संख्या – 120500019910

**संपत्ति का विवरण**

संपत्ति का पूरा विवरण प्लॉट नंबर 49, वार्ड नंबर 79, भगवती ग्रीन्स, मौजा पिपरिया, परिवर्तित खसरा नंबर 61/106, एनबी 187, पटवारी हल्का नंबर 58/14 नया 42, आरएनएम महाराजपुर, नया पिपरिया, तहसील पनागर नई रांझी, जबलपुर, म.प्र. 482001

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथि: 03.10.2024 | **ACCOUNT DETAILS** |
| मांग राशिः रु. **9,90,804.90/-** + ब्याज व अन्य खर्चे सहित | |
| भौतिक कब्जे की तिथि (पी)– **28/04/2025** | Beneficiary Name: LIC Housing Finance Ltd. |
| निश्चित आरक्षित मूल्य - **10,50,000/-**(केवल दस लाख पचास हजार) | Bank: Axis Bank, Centralised Collection Hub |
| ईएमडी रु. **1,05,000/-**(केवल एक लाख पांच हजार) | Account No: LHBP120500019910 |
| **20/06/2025** तक देय कुल राशि – रु. **10,71,098.26/-** | IFSC Code: UTIB0CCH274 |
| Website of E-Auction: https://www.auctionbazaar.com | auctionbazaar.com |
| संपत्ति दस्तावेजों की फोटोकॉपी के निरीक्षण की तिथि और समयः 16.06.2025 दोपहर 01:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक | नीलामी की तिथि एवं समय अवधिः 20.06.2025 दोपहर 1:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक; संपत्ति का पता जहां दस्तावेजों का निरीक्षण किया जा सकता हैः एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मरहाताल, जबलपुर 482001 (म.प्र.) |
| संपत्ति का निरीक्षण | **17.06.2025** दोपहर 01:00 बजे से 03:00 बजे तक |
| संपर्क व्यक्तिः पवन निगम | संपर्क विवरण : **8349973965** |
| सेवा प्रदाता से ई–नीलामी का संपर्क विवरण | ARCA EMART PVT LTD (www.auctionbazaar.com) 6–3–1090/1/1, दूसरी मंजिल, भाग बी, उमा हैदराबाद हाउस राजभवन रोड, सोमाजीगुडा, हैदराबाद – 500082, तेलंगाना, भारत, Email: contact@auctionbazaar.com/, डिस्पोजल. central@auctionbazaar.com & 7799830999 / 8370969696 |
| ऑनलाइन निविदा / बोली जमा करने की अंतिम तिथि | **19-06-2025** और शाम 5:00 बजे से पहले |
| ई–नीलामी तिथि | **20.06-2025** दोपहर 01:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक |

'नीलामी के अन्य सभी नियम व शर्तें आधिकारिक वेबसाइट https://online.lichousing.com/eauction/ पर अनुलग्नक 2 के रूप में उल्लिखित हैं।
दिनांक : **10.05.2025**
स्थान : जबलपुर
आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

## भुल्लर, चौरसिया जापान में कट में जगह बनाने में सफल

**टोक्यो।** गगनजीत भुल्लर और एसएसपी चौरसिया इंटरनेशनल सीरीज जापान गोल्फ में शुक्रवार को यहां कट में जगह बनाने में सफल रहे जबकि पांच अन्य अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने निराश किया। एशियाई टूर पर 11 बार के विजेता भुल्लर ने दूसरे दिन दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान चार बर्डी के मुकाबले दो बोगी लगाये। उन्होंने बृहस्पतिवार को पार 71 का कार्ड खेला था। वह कुल दो अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 36वें स्थान पर है। चौरसिया ने तीन बर्डी और इतनी ही बोगी कर पार 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में भी 71 का कार्ड खेला था जिससे वह संयुक्त 52वें पायदान पर है।

## कॉनराड सभी प्रारूपों के कोच नियुक्त : सीएसए

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड 2027 आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप तक सीमित ओवर की टीमों की भी कमान संभालेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को यहां इसकी घोषणा की। कॉनराड 2023 से दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम के कोच है। वह सीमित ओवरों की टीम में रॉब वाल्टर की जगह लेंगे। वाल्टर ने चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अप्रैल में इस्तीफा दे दिया था।

**Corrigendum to E - Auction Sale Notice Dated 8th May, 2025**
Sale of Immovable Property of M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation CIN : U13100MH2010PTC263990
Liquidator's Office : 1502, Ved Solitaire, Cement Road, Dharampeth Extension, Shivaji Nagar, Nagpur, 440010

This corrigendum is issued for the general public and all interested bidders under the provisions of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016, read with the IBBI (Liquidation Process) Regulations, 2016, in reference to the E-Auction Sale Notice published on 8th May, 2025, in the Loksatta and Indian Express Newspapers. It is hereby informed that the Prospective bidders shall deposit the Earnest Money Deposit (EMD) only through their own e-wallet account on the https://ibbi.baanknet.com portal and not in Liquidation Account as mentioned in point No. 4 of the E-Auction **Sale Notice dated 8th May, 2025.**
All other terms and conditions mentioned in the auction notice dated 8th May, 2025, remain unchanged.

CMA Srigini Rajat Naidu,
Liquidator- M.S. Mining and Consultancy Private Limited (under Liquidation)
IBBI Regn. No: IBBI/IPA-003/IP-P00137/2017-2018/11513
Date:- 10/05/2025 Place: Nagpur

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स ) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 05 / वर्ष 2025 - 26 / कार्य.यं. **निविदा सूचना** नरसिंहपुर, दिनांक 06/05/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2025_PWDRB_421581_1 | नरसिंहपुर | ए. आर. रोड़ | जिला नरसिंहपुर के नरसिंहपुर संभाग अंतर्गत विभिन्न सड़कों के पुल, पुलिया, पेच, सी.सी. रोड़ फर्नीसर एवं आवश्यक रख-रखाव मरम्मत परफारमेन्स गारंटी अंतर्गत विभिन्न मार्गो सहित के कार्य हेतु जोनल टेण्डर । | 50.00 | 50,000 | 5,000 | प्रथम आमंत्रण | 31.03.2026 तक | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 50.00 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नेलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 14/05/2025, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 14/05/2025, (17.30 बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।

G-12603/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग ( म / स ) - संभाग नरसिंहपुर

## दीक्षा और प्रणवी ने की अच्छी शुरूआत

**सोल।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स ने यहां बारिश से प्रभावित अरामको कोरिया चैंपियनशिप के पहले दिन एक ओवर 73 के कार्ड से अच्छी शुरूआत की। दीक्षा जब तक नौवें होल तक पहुंची, वह शीर्ष 10 पर चल रही थीं। पर वह इसमें बोगी कर बैठीं और एक ओवर से संयुक्त 19वें स्थान पर खिसक गईं। प्रणवी ने अपने 73 के कार्ड के दौरान महज एक बर्डी लगाई और दो बोगी कर बैठीं ।

## आस्ट्रेलिया की नजर भारत-पाक की स्थिति पर

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर 'करीबी नजर' रखे हुए है, क्योंकि 20 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और कोच मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आईपीएल पर गुरुवार को उस समय अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे जब आसपास के शहरों में हवाई हमले की संभावना के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच बीच में ही रद्द करना पड़ा।

**पूर्व रेलवे**

**सं. ईएलईजी/ओटी/ई-निविदा सूचना/449 /2025-26 दिनांक : 07.05.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्न-लिखित कार्यों के संबंध में निम्नरूप ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:- **(1) निविदा सं.: ई एलईजी-ओटी-1221-2025-26; कार्य का विवरण:** गड्ढों, शेड एवं उसके आसपास प्रकाश व्यवस्था में सुधार के लिए ओएसएल / एसडीएएच में प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य; **निविदा दस्तावेज की लागत:** रु. 00.00; **निविदा मूल्य:** रु. 28,13,650.00; **बयाना राशि:** रु. 56,300.00; **समापन अवधि:** 04 (चार) माह; **(2) निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1222-2025-26; कार्य का विवरण:** सीपी और अन्य स्थानों पर जल पंपों के प्रतिस्थापन एवं संवर्धन के लिए आवश्यक विद्युत कार्य; **निविदा दस्तावेज की लागत:** रु. 00.00; **निविदा मूल्य:** रु. 1,07,54,715.00; **बयाना राशि:** रु. 2,03,800.00; **समापन अवधि:** 10 (दस) महीने; **निविदा प्रकाशन तिथि:** 07.05.2025; **निविदा समापन तिथि और समय:** 05.06.2025 14.00 बजे; **निविदा बोली खोलने की तिथि:** 05.06.2025 14.00 बजे; **निविदा बोली प्रारंभ तिथि:** 22.05.2025. समय-समय पर जारी निविदा सूचना और शुद्धिपत्र का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
(SDAH-48/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहां देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**Notice Inviting Tender (NIT)**
**SATNA CITY TRANSPORT SERVICES LTD.**
**REGD. OFFICE:- OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION, SATNA**
**(SWAMI VIVEKANAND BHAWAN, DIVERSION ROAD, SATNA, MADHYA PRADESH)**
Email - commsatna@mpurban.gov.in Website- www.mpurban.gov.in, Tel No.- 07672-228818

NIT No. 02/Transport/Municipal Corporation/2025-26 Satna, Dated 06.05.2024

**Tender No. 2025_UAD_422066_1**
**Notice Inviting Tender (IIIrd Call)**

SCTSL invites online Bids for submissions on website www.mptenders.gov.in under organization name **"Satna City Transport Services Limited"** for the following work. Detailed NIT, Bid Schedule and other information can be seen on the website www.mptenders.gov.in of Government of M.P.

| No. | Name of Work | Earnest Money Deposit (Rs) | Cost of Bid Document |
|---|---|---|---|
| 01 | Selection of Bus Operator for Procurement, Operation and Maintenance of 2 Numbers of "12 Meter Electric AC Buses" on different Intercity Routes for SCTSL | Rs 3,00,000/- (Rs Three Lacs Only) | Rs 15,000/- (Rs Fifteen Thousand Only) |

The Tender form can be purchased online from www.mptenders.gov.in. The form duly filled along with necessary certificates in support of fulfillment of eligibility criterion and Earnest money should be uploaded by consultant by 06.06.2025, 17:30 late submission is liable to be rejected. Any further amendment/information can be seen on website. CEO, SCTSL reserves all the rights to accept or reject anyoralltenders without assigning any reasons.
**Note:** 1. Joint Venture/Consortium shall be allowed. The bus operator shall operate and maintain buses during the Agreement period. Bus operators will also be responsible for all statutory, regulatory, legal, tax and other requirements associated with the bus operation and maintenance. 2. The Fare collected from the users on the buses will be retained by the operator and SCTSL shall have no share in such revenue. 3. The selected bidder will have to form an SPV, in case any past litigation is pending against the company in relation to similar projects, to avoid transfer of any past litigation/obligation of the Company to the project entity.

**CEO**
**Satna City Transport Services Ltd.**
**Satna (M.P.)**

**Notice Inviting Tender (NIT)**
**SATNA CITY TRANSPORT SERVICES LTD.**
**REGD. OFFICE:- OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION, SATNA**
**(SWAMI VIVEKANAND BHAWAN, DIVERSION ROAD, SATNA, MADHYA PRADESH)**
Email - commsatna@mpurban.gov.in Website- www.mpurban.gov.in, Tel No.- 07672-228818

NIT No. 02/Transport/Municipal Corporation/2025-26 Satna, Dated 06.05.2024

**Tender No. 2025_UAD_422066_1**
**Notice Inviting Tender (IIIrd Call)**

SCTSL invites online Bids for submissions on website www.mptenders.gov.in under organization name **"Satna City Transport Services Limited"** for the following work. Detailed NIT, Bid Schedule and other information can be seen on the website www.mptenders.gov.in of Government of M.P.

| No. | Name of Work | Earnest Money Deposit (Rs) | Cost of Bid Document |
|---|---|---|---|
| 01 | Selection of Bus Operator for Procurement, Operation and Maintenance of 2 Numbers of "12 Meter Electric AC Buses" on different Intercity Routes for SCTSL | Rs 3,00,000/- (Rs Three Lacs Only) | Rs 15,000/- (Rs Fifteen Thousand Only) |

The Tender form can be purchased online from www.mptenders.gov.in. The form duly filled along with necessary certificates in support of fulfillment of eligibility criterion and Earnest money should be uploaded by consultant by 06.06.2025, 17:30 late submission is liable to be rejected. Any further amendment/information can be seen on website. CEO, SCTSL reserves all the rights to accept or reject anyoralltenders without assigning any reasons.
**Note:** 1. Joint Venture/Consortium shall be allowed. The bus operator shall operate and maintain buses during the Agreement period. Bus operators will also be responsible for all statutory, regulatory, legal, tax and other requirements associated with the bus operation and maintenance. 2. The Fare collected from the users on the buses will be retained by the operator and SCTSL shall have no share in such revenue. 3. The selected bidder will have to form an SPV, in case any past litigation is pending against the company in relation to similar projects, to avoid transfer of any past litigation/obligation of the Company to the project entity.

**CEO**
**Satna City Transport Services Ltd.**
**Satna (M.P.)**

### 31 तक दस्तावेज और रिपोर्ट पेश करें नहीं तो होगी अवमानना की कार्रवाई

# हाईकोर्ट ने नर्सिंग काउंसिल को लगाई कड़ी फटकार, सचिव, रजिस्ट्रार और चेयरमैन को किया तलब

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता में हुए फर्जीवाड़े के मामले में हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कड़ी नाराजगी जाहिर की। हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच, जिसमें जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस अचल पालीवाल शामिल हैं, ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल की सचिव और एमपी नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार व चेयरमैन को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है।

हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच ने नाराजगी जताते हुए कहा कि तीन बार आदेश देने के बावजूद भी नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता से संबंधित दस्तावेज अब तक प्रस्तुत नहीं किए गए। अदालत ने इसे न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप माना और चेतावनी दी कि यदि 31 मई तक सभी दस्तावेज और रिपोर्ट पेश नहीं किए गए, तो अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

यह मामला लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल द्वारा दाखिल जनहित याचिका से जुड़ा है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि मध्य प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में



मान्यता देने के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा हुआ है। याचिका में यह भी बताया गया कि हाईकोर्ट द्वारा गठित उच्च स्तरीय कमेटी ने बिना पारदर्शी प्रक्रिया अपनाए 30 अपात्र कॉलेजों के छात्रों को मनमाने तरीके से ट्रांसफर कर दिया।

हाईकोर्ट ने कमेटी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि छात्रों को मनपसंद कॉलेज चुनने का अवसर दिए बिना ही ट्रांसफर आदेश जारी कर दिए गए। कोर्ट ने नोडल अधिकारी की भूमिका पर भी संदेह जताते हुए कहा कि उन्होंने पूरी सच्चाई अदालत के सामने नहीं रखी।

स्पेशल बेंच ने स्पष्ट किया कि कमेटी का कार्य समाप्त हो चुका है और उसे 31 मई तक अपनी अंतिम रिपोर्ट हाईकोर्ट में सौंपनी होगी। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिए कि सभी अपात्र कॉलेजों के छात्रों का पारदर्शी तरीके से ट्रांसफर किया जाए और छात्रों को विकल्प चुनने का अधिकार दिया जाए।

इस मामले में हाईकोर्ट का सख्त रुख नर्सिंग काउंसिल के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

## हाई कोर्ट ने खेल अधिकारी की नियुक्ति को ठहराया अवैध

### कोर्ट ने साफ किया- विधि-विरुद्ध नियुक्ति किसी सूरत में स्वीकार योग्य नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने खेल अधिकारी की विधिविरुद्ध हुई नियुक्ति को अवैध ठहरा दिया।चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने अपील निरस्त कर दी।

मामला साइंस कालेज, जबलपुर के खेल अधिकारी को प्रतिनियुक्ति पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में डायरेक्टर फिजिकल एजुकेशन पद पर भेजे जाने के रवैये को चुनौती से संबंधित था। अपीलकर्ता जबलपुर निवासी डा.रमेश प्रसाद शुक्ला की ओर से अधिवक्ता एलसी पटने ने पक्ष रखा। उन्होंने इस मामले में हाई कोर्ट की एकलपीठ द्वारा याचिका निरस्त करने के आदेश पर नए सिरे से विचार पर बल दिया। लेकिन युगलपीठ ने साफ कर दिया कि विधि विरुद्ध नियुक्ति को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। , प्रतिनियुक्ति के विरुद्ध डा. रवीन्द्र यादव व डा. विशाल बन्ने की ओर से एक याचिका हाई कोर्ट में दायर हुई थी। एकलपीठ ने पांच अप्रैल, 2023 को प्रतिनियुक्ति को अवैध ठहराया था। साथ ही रादुवि को स्वतंत्रत किया था कि वह प्रक्रिया का पालन करके किसी योग्य उम्मीदवार की नियुक्ति कर सकेगा। इसी आदेश को डा. रमेश प्रसाद शुक्ला की ओर से अपील के जरिए चुनौती दी गई थी।

### मुख्यमंत्री को भेजा गया पत्र

# एमपी स्टेट बार काउंसिल के भवन के लिए 50 करोड़ की आवश्यकता

हरिभूमि जबलपुर।

प्रदेश के एक लाख से अधिक वकीलों का पंजीयन करने वाली सर्वोच्च संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल की ओर से मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव को एक पत्र भेजा गया है। इसके जरिए स्टेट बार के नवीन भवन के निर्माण के लिए 50 करोड़ की आवश्यकता रेखांकित की गई है।

स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी व कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी ने बताया कि सर्वप्रथम शिलान्यास किया जाएगा। इससे पूर्व आवश्यक धनराशि अपेक्षित है।



इसीलिए पत्र भेजा गया है। नए भवन में 400 एडवोकेट चेम्बर बनाए जाने हैं। साथ ही सभागार, बैठक कक्ष, कार्यालय सहित अन्य निर्माण करने हैं। मौजूदा भवन हाई कोर्ट विस्तार योजना में अपना अस्तित्व खो देगा। इसलिए नवीन भवन अनिवार्य हो गया है।

वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने बताया कि पूर्व में समय-समय पर मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल मिल चुका है। इस दौरान उन्होंने हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया था। 2024 में चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, को-चेयरमैन डा. विजय चौधरी के साथ सीएम से मिले थे, तब नए भवन की बात रखी थी। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश की उपस्थिति में इंदौर में मुलाकात हुई थी। प्राय प्रत्येक मुलाकात में सीएम का सकारात्मक रुख था। लिहाजा, उम्मीद है कि इस बार मांग पूरी की जाएगी।

# आईपीएल सट्टा खेल रहा आरोपी पकड़ाया

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच व लार्डगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने कल रात बल्देवबाग चौक के पास अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी के सामने में मैदान में आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खेल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उससे दो मोबाइल तथा 8 हजार रुपए जब्त किए है।लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी के सामने बल्देवबाग चौक के पास ऑनलाईन मोबाइल में आईपीएल क्रिकेट खेल रहे छोटा फुहारा गोहलपुर निवासी 34 वर्षीय शैलेष कोष्टा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वीवो एवं आईफोन एप्पल कम्पनी के दो मोबाइल तथा नगद 8 हजार 100 रूपये जप्त कर लिए है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

### बादलों की आवाजाही के बीच बूंदाबांदी की संभावना

# बादलों ने रोकी पारे की उड़ान

**जबलपुर।** बादलों ने पारे की उड़ान को रोक दिया है, वहीं पश्चिमी हवाओं और बादलों ने उमस के भाव बढ़ा दिये हैं। बादलों की वजह से दिन में लोगों को धूप से भले ही राहत मिली हो, लेकिन गर्म हवाओं ने गर्मी का अहसास बरकरार रखा है। दिन का तापमान औसत से 3 डिग्री नीचे लुढ़क गया, जबकि रात का तापमान औसत से 2 डिग्री नीचे चल रहा है। मध्य भारत में बने हवा के कम दबाव के क्षेत्र से मौसम में कुछ बदलाव आया है। पारे की उड़ान पर ब्रेक लगा है। लेकिन गर्मी फिर भी बनी हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि दो तीन दिन मौसम के मिजाज ऐसे ही रहेंगे, बादल जाएंगे और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। आसमान पर छाये बादलों ने मप्र के मौसम को कुछ प्रभावित किया है। गर्मी का प्रभाव तो बना हुआ है लेकिन तीखापन कुछ कम हुआ है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य भारत के ऊपर बने हवा के कम दबाव के कारण आ रही नमी भरी हवाओं के कारण आसमान पर बादल छा रहे हैं। जबकि पश्चिमी हवाएं वातावरण में गर्माहट बनाये हुये है। बादलों के छाने से लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 55 प्रतिशत और सायंकाल 36 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.31 पर और सूर्यास्त शाम 6.42 मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 39.4 डिग्री तापमान नरसिंहपुर जिले में दर्ज किया गया। उत्तर पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 36.4 और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

### आरोपी पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

# 1 प्लॉट 3 लोगों को बेच डाला

हरिभूमि जबलपुर।

अधारताल थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर एक ही प्लॉट तीन लोगों को बेचने के एक मामले में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया हैं। इस मामले में बाबली के पास, महाराजपुर निवासी 28 वर्षीय चंचल साहू ने शिकायत दर्ज कराई हैं। पेशे से जयंती कॉम्पलैक्स में मोबाइल रिपेयरिंग दुकान चलाने वाले चंचल ने शिकायत में कहा कि आरोपी सैय्यद अली अब्बास नकवी द्वारा उसे एक सम्पति/भूमि मौजा बेतला डायवर्टेड खसरा नम्बर 171/1, 172 नया खसरा नम्बर 171/1 , रकबा 9276 वर्गफुट में से विक्रय रकबा 82 फुट बाई 50 फुट का आवासीय कुल 4100 वर्गफुट का खाली भूखंड 41 लाख 91 हजार 4 सौ 40 रूपये में 14 जून 2024 को विक्रय किया था। शिकायत में चंचल ने आरोप लगाया कि आरोपी सैय्यद अली अब्बास नकवी द्वारा उक्त सम्पति/भूमि इतनी ही राशि में 11 जुलाई 2024 को अंसार नगर निवासी मोहम्मद सलीम अंसारी तथा इसी क्षेत्र के मोहम्मद कलीम अंसारी को विक्रय कर दिया गया था। आरोपी सैय्यद अली अब्बास नकवी द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति 2 अलग अलग लोगो को विक्रय कर दी गई। लिखित शिकायत जांच पर सैय्यद अली अब्बास नकवी के द्वारा बेईमानी करने के आशय से बेतला डायवर्सन खसरा नम्बर 171/1, 172 नया खसरा नम्बर 171/1, रकवा 9276 वर्ग फुट में से क्रय शुदा रकवा 82 फुट वाई 50 यानि 4100 वर्गफुट आवासीय उपयोग के भूखण्ड को 41 लाख 91 हजार 4 सौ 40 रुपये में विक्रय कर प्लाट विक्रय करने की बात को छुपाते हुए उसी प्लाट को क्रेता मोह. सलीम एवं मोह. कलीम अंसारी को उतनी ही कीमत प्राप्त कर पुनः विक्रय कर दोहरा अवैध लाभ अर्जित करना पाये जाने से आरोपी त्रिमूर्ति स्कूल के पास रामनगर अधारताल निवासी सैय्यद अली अब्बास नकवी के विरूद्ध धारा 420 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।



L&K | SAATCHI & SAATCHI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240